लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 307, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 06 :09

बरेली, रविवार, 22 सितंबर 2024

जैकलीन का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज...13








## गर्मजोशी से गले मिले बाइडेन-मोदी

**विलमिंगटन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन शनिवार दोपहर को द्विपक्षीय बैठक के लिए डेलावेयर के विलमिंगटन स्थित अपने आवास पर पहुंचे तो उन्होंने एक-दूसरे को गर्मजोशी से गले लगाया। यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन के निजी आवास में हो रही है। जब प्रधानमंत्री मोदी की लिमोजिन बाइडेन के आवास के पोर्टिको में पहुंची तो राष्ट्रपति बाइडेन स्वागत के लिए बाहर इंतजार कर रहे थे। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गर्मजोशी से गले लगाया और फिर अंदर जाने से पहले फोटोग्राफरों के सामने पोज दिए। मोदी बाइडेन द्विपक्षीय बैठक दिन के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन से पहले होगी। इससे पूर्व प्रधनमंत्री मोदी शनिवार दिन में तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर पहुंचे।


# पाकिस्तान को मोदी का डर, इसलिए सीमा पर शांति

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क ने यदि गोलीबारी की हिम्मत की तो देंगे मुंहतोड़ जवाब
- शाह ने कहा-आतंकवाद का हुआ सफाया, सरकार अब पहाड़ों में नहीं गूंजने देगी गोलियों की आवाज

मेंढर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीमा पर शांति है क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरता है और वह गोलीबारी करने की हिम्मत नहीं करेगा क्योंकि उसे पता है कि भारत उसे ऐसा मुंहतोड़ जवाब देगा जो उसकी बंदूकों को चुप कराने के लिए काफी होगा।

शाह ने केंद्रशासित प्रदेश में पुंछ जिले के सीमावर्ती इलाके में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने युवाओं के हाथों में बंदूकों और पत्थरों की जगह लैपटॉप देकर आतंकवाद का सफाया कर दिया है।



उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू क्षेत्र के पहाड़ों में बंदूकों की आवाज नहीं गूंजने देगी। शाह ने कहा कि हम लोगों की सुरक्षा के लिए सीमा पर और बंकर बनाएंगे। मैं आपको 1990 के दशक में सीमा पार से होने वाली गोलीबारी की याद दिलाना चाहता हूं... क्या आज भी सीमा पार से गोलीबारी हो रही है? उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां पहले के शासक पाकिस्तान से डरते थे, लेकिन अब पाकिस्तान मोदी से डरता है। वे गोलीबारी करने की हिम्मत नहीं करेंगे, लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला लोगों को आतंकवाद के फिर से पनपने का डर दिखा रहे हैं। शाह ने कहा कि मैं यहां से बताना चाहता हूं कि आपके संरक्षण के बावजूद मोदी और शाह इन खूबसूरत पहाड़ियों में उन्हें फिर से पनपने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से किसी को कोई लाभ नहीं है। हमारे बच्चों को बंदूकें थमा दी गईं।

### कांग्रेस, नेकां और पीडीपी ने बढ़ाया आतंकवाद

शाह ने कहा कि आतंकवाद 1990 में शुरू हुआ और 2014 तक जारी रहा, जिसमें 40,000 लोगों की जान गई। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि ये तीनों परिवार आतंकवाद को रोकने में विफल रहे और उन्होंने इसके बजाय इसे बढ़ावा दिया। भाजपा और मोदी ने आतंकवाद को खत्म किया और युवाओं के हाथों में बंदूकों और पत्थरों की जगह लैपटॉप थमाए।

## एक नजर

### एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह होंगे अगले वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह को भारतीय वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है।



उनके पास 5,000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। सिंह एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी का स्थान लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में वायुसेना उप प्रमुख के पद पर कार्यरत सिंह 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। 27अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर मार्शल सिंह को दिसंबर 1984 में वायुसेना की लड़ाकू विमान पायलट श्रेणी में शामिल किया गया था।

### ड्रग तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने केंद्रीय एजेंसी के साथ एक संयुक्त अभियान में जालंधर, अमृतसर और लुधियाना में चल रहे एक बड़े ड्रग तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे क्षेत्र में ड्रग नेटवर्क चला रहे थे और हवाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों से एक किलोग्राम हेरोइन, 381 ग्राम चरस, एक ग्लॉक पिस्तौल, दो पिस्तौल, 62 कारतूस, 48 .7 लाख रुपये की ड्रग मनी, 262 ग्राम सोना बरामद किया है।

### बस्तर में सीआरपीएफ की चार बटालियन होंगी तैनात

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को 2026 तक जड़ से खत्म करने के वादा के तहत बस्तर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की चार नई बटालियन की तैनाती शुरू हो चुकी है। दक्षिण बस्तर में कुल 3,200 जवानों की तैनाती होगी।

# जातीय विभेद और छुआछूत से राष्ट्रीय एकता को चुनौती : योगी

## गोरक्ष पीठ में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह में बोले मुख्यमंत्री

- कहा-बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर करना होगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातीय विभेद और छुआछूत के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। यही कारण है कि मार्गदर्शक संत परंपरा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। आह्वान किया कि बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर एकजुटता से देश और समाज हित के लिए काम करना होगा।

वे शनिवार को गोरखपुर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं तथा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन बोल रहे थे। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर ने दादागुरु व गुरु के व्यक्तित्व और कृतित्व के तमाम प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इनके स्मरण से नई प्रेरणा मिलती है। कहा कि आज भारत सही दिशा में बढ़ रहा है। गत दस वर्ष में भारत की प्रगति और सर्वांगीण विकास की रूपरेखा उत्साहित करने वाली है। इस परिस्थिति में सबका दायित्व है कि हम बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से बचें। सतर्क इसलिए भी रहना होगा कि आपस में लड़ाने के लिए पैसा किसी और का होगा लेकिन माध्यम यहीं के लोग। इससे बचने के लिए संत परंपरा के संदेशों को जानने की आवश्यकता है। श्रद्धांजलि समारोह में राजस्थान के विधायक महंत बालकनाथ, काशी के कथाव्यास डॉ. रामकमल दास वेदांती, अयोध्या से जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य, स्वामी रामदिनेशाचार्य, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य, गाजियाबाद के स्वामी नारायण गिरी समेत केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल आदि ने विचार व्यक्त किए।



### विकास व निवेश के अभियान का हिस्सा बन रहा यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में शनिवार को सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीटेक के करीब 600 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए कहा कि उप्र सुशासन के बल पर विकास और निवेश के बड़े अभियान का हिस्सा बन रहा है। निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य उत्तर प्रदेश है। छात्रों को सफलता हासिल करने का मंत्र देते हुए कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा पर पहुंचिए। छह घंटे की बजाय 12 से 14 घंटे काम करने की आदत डालिए। अधिक कार्य करके ही आप पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया को मजबूत कर पाएंगे।

### जमीन कब्जाने में पेशेवर माफिया को चिह्नित करें

गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिह्नित कर सख्ती की जाए। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

### पोलियोग्रस्त बच्चे का पीजीआई में होगा इलाज

जनता दर्शन में शनिवार को एक महिला अपने दिव्यांग बच्चे को लेकर आई थी। उसे व्हीलचेयर पर देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। महिला ने बताया कि यह बच्चा जन्म से दिव्यांग नहीं था, उसे बाद में पोलियो हुआ। लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पताल में दिखाया गया है लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने बच्चे को पीजीआई लखनऊ के डॉक्टरों को दिखाने को अधिकारियों को निर्देशित किया।

## गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, चार की मौत, छह गंभीर

- तेज धमाके से ढहा हॉल दमकल की छह गाड़ियों ने पाया काबू

**रनियां (कानपुर देहात)।** खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर स्थित फोम गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ बड़ी टीनशेड ढह गई और वहां काम कर रहे 10 मजदूर उसके नीचे दब गए जिनमें से चार की मौत हो गई जबकि छह मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दमकल की छह गाड़ियों ने चार घंटे के बाद आग पर काबू पाया। डीएम व एसपी ने मौके पर जाकर छानबीन की।

रनियां क्षेत्र के खानचंद्रपुर-मटियामऊ रोड पर आरपी पॉली पैक प्राइवेट लिमिटेड नाम से फोम गद्दा फैक्ट्री है। फैक्ट्री के मालिक अजय अग्रवाल हैं। पैक्ट्री के दो गोदामों में फोम डंप था। फैक्ट्री में टीनशेड के नीचे शनिवार सुबह 10 मजदूर काम कर रहे थे। सुबह करीब छह बजे फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों के साथ टीनशेड ढह गई, जिसके नीचे वहां पर काम कर रहे मजदूर दब गए। सूचना पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय फोर्स के साथ पहुंचे।

**बेंगलुरु में श्रद्धा वालकर हत्याकांड जैसा मामला**

# महिला की हत्या कर शव के 30 टुकड़े करके फ्रिज में रखे

- मल्लेश्वर क्षेत्र में एक इमारत में फ्लैट में अकेली रहती थी महिला
- पुलिस के मुताबिक महिला दूसरे राज्य की, मॉल में करती थी काम

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दिल्ली के श्रद्धा वालकर हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां शनिवार को मल्लेश्वरम इलाके की एक इमारत में एक फ्लैट से 29 साल की महिला की लाश मिली। उसके शव के 30 से अधिक टुकड़े करके फ्रिज में रखे गए थे जिसे पुलिस ने बरामद किया

पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय महिला की हत्या करीब एक पखवाड़े पहले की गई होगी। टुकड़े में महिला की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे संबंधित इमारत के फ्लैट में छानबीन की। पुलिस ने बताया कि महिला फ्लैट में अकेली ही रहती थी। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मृतक महिला की पहचान कर ली है, लेकिन हम अभी इसका खुलासा नहीं कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम क्षेत्र) एन सतीश कुमार ने कहा कि व्यालिकावल पुलिस थाना क्षेत्र के भीतर एक घर में एक महिला का शव टुकड़ों में कटा हुआ और फ्रिज में रखा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू कर दी। कुमार ने कहा कि शव की पहचान हो गई है और जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद हम और जानकारी देंगे। वह कर्नाटक में रहती थी, लेकिन मूल रूप से दूसरे राज्य की है। बताया जा रहा है कि महिला अपने पति से अलग रह रही थी। महिला मल्लेश्वरम में रहती थी और एक मॉल में काम करती थी जबकि उसका पति शहर से दूर एक आश्रम में काम करता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वह भी मौके पर पहुंचा।

### दो साल पहले दिल्ली में सामने आया था मामला

दिल्ली में आफताब अमीन पूनावाला नाम के एक युवक ने दो साल पहले (18 मई 2022 को ) अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरी से उसने लाश के 35 टुकड़े किए और 20 दिन तक फ्रिज में रखे। इस दौरान वह शव के टुकड़ों को फेंकता रहा। यह सबकुछ छतरपुर पहाड़ी के 'डी' ब्लॉक के एक फ्लैट में हुआ था।

# राहुल गांधी पर टिप्पणियों को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस

- सच बोलने पर नफरत का माहौल बनाया जा रहा : खरगे

जम्मू, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आरएसएस-भाजपा की जहरीली मानसिकता से नहीं डरेगी और राहुल गांधी को दी गई धमकियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं पर कार्रवाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विफल रहने पर भी सवाल उठाया। खरगे ने जम्मू में दावा किया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता, जिनमें विधायक और सांसद भी शामिल हैं, हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात करते हैं। सच बोलने पर राहुल गांधी पर हमला किया जाता है और उनके खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जाता है।

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री इन नेताओं पर लगाम लगाने और इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे हैं, क्योंकि वह उनसे डरते हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने जम्मू पहुंचे खरगे ने कहा कि राहुल गांधी को आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी करार दिया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री इस तरह के बयानों को बढ़ावा दे रहे हैं और कार्रवाई नहीं कर लोगों को उकसा रहे हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य।

### भाजपा ने कहा-सिखों पर दिया बयान वापस लें राहुल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई सिख समूहों के संयुक्त बयान का हवाला देते हुए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से वह बयान वापस लेने को कहा जिससे देश में भय का माहौल पैदा हो गया है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कई सिख और गुरुद्वारा प्रबंधन निकायों ने इस मुद्दे पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की और कहा कि सिखों के बलिदान ने देश को मजबूत बनाया है। सिरसा ने कहा कि सिख संगठनों ने गांधी से अमेरिका में दिए गए अपने बयान वापस लेने का आग्रह किया है।

### मेरी टिप्पणी पर भाजपा कर रही झूठा प्रचार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर उन्होंने जो बात कही है उसमें सच्चाई है लेकिन भाजपा उसको लेकर झूठ फैला रही है। गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि उन्होंने जो कुछ भी अमेरिका में कहा है वह सच है क्योंकि हर व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। कहा कि भाजपा अमेरिका में मेरी टिप्पणी को लेकर झूठ फैला रही है।

# आतिशी ने संभाला दिल्ली के मुख्यमंत्री का पदभार

- पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ मुकेश अहलावत नया चेहरा

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी को उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। सक्सेना ने यहां राजनिवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद इस सप्ताह के प्रारंभ में आतिशी को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ ग्रहण समारोह में केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया भी उपस्थित थे। कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। स्वतंत्र भारत में, आतिशी मुख्यमंत्री पद संभालने वाली 17वीं महिला हैं। उपराज्यपाल ने पार्टी के नेताओं सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को मंत्री पद की शपथ दिलाई। सुल्तानपुर माजरा से पहली बार के विधायक मुकेश अहलावत, आतिशी मंत्रिमंडल में नया चेहरा हैं।



## आजम और अब्दुल्ला की बेल याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी में सफाई मशीन बरामदगी मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले में कोर्ट ने 2 सितंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। रामपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान की भी जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ के समक्ष हुई। आजम और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य के खिलाफ 19 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली रामपुर में वाकर अली खान द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# पिता की मौत का बदला लेने को भांजे ने मामा की हत्या की

- नानी को भी गोली मारी, छह साल पहले पिता की हुई थी मौत, नानी को मानता था पिता की मौत का जिम्मेदार

संवाददाता, मीरगंज (बरेली)

**अमृत विचार :** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव सिल्लापुर में पिता की मौत का बदला लेने के लिए युवक ने अपने मामा और नानी को गोली मार दी। गोली लगने से मामा की मौत हो गई और नानी की हालत गंभीर बनी हुई है। नाना की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

गांव सिल्लापुर निवासी शेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात वह पत्नी राम मूर्ति (75), बेटे रणवीर और उसकी पत्नी अंशू के साथ बैठकर बातें कर रहे थे। रात 12:30 बजे उनका नाती मीरगंज के मोहल्ला टीचर कॉलोनी निवासी अनुराग उर्फ छोटू मोटरसाइकिल से आया। वह सभी से बात करने लगा लेकिन अचानक उसने रणवीर (52) और राममूर्ति को गोली मार दी। रणवीर की मौके पर मौत हो गई और राममूर्ति गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर-शराबा के बाद ग्रामीणों को आता देख आरोपी सभी को जान से मार देने की धमकी देकर बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायल राममूर्ति को अस्पताल भेजा और रणवीर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में आया कि आरोपी के पिता की छह साल पहले रेलवे लाइन किनारे लाश मिली थी और गांव वालों ने उसके मन में भर दिया था कि पिता की मौत की जिम्मेदार उसकी नानी है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की हैं।

# औषधि निरीक्षक, वरिष्ठ विश्लेषक का बढ़ा वेतनमान

**वेतन विसंगति दूर** मुख्य सचिव की संस्तुति पर राज्यपाल की मंजूरी के बाद शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में तैनात औषधि निरीक्षक और वरिष्ठ विश्लेषक का वेतनमान बढ़ाने को लेकर मुख्य सचिव की संस्तुति पर राज्यपाल की मंजूरी के बाद शनिवार को वित्त विभाग ने शासनादेश जारी किया है। अब औषधि निरीक्षक को उच्चीकृत वेतन मैट्रिक लेवल 8 और वरिष्ठ विश्लेषक को लेवल 7 मिलेगा।

सातवां वेतनमान वर्ष 1 जनवरी 2016 में लागू होने के बाद केंद्र के मुकाबले वेतनमान कम होने से बढ़ाने की मांग हो रही थी। राज्य सरकार की ओर से बनी मुख्य सचिव समिति को संस्तुति देने में साढ़े 8 वर्ष लग गए। राज्यपाल से मंजूरी के बाद शनिवार को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने शासनादेश जारी किया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एसीएस को भेजे शासनादेश में कहा है कि औषधि निरीक्षक के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 (रुपये 44900-142400) के स्थान पर विभागीय शासनादेश निर्गत होने के दिनांक से उच्चीकृत वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (रुपये 47600-151100) अनुमन्य किया जाए। वरिष्ठ विश्लेषक (खाद्य-औषधि) के पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 (रुपये 35400-112400) के स्थान पर उच्चीकृत वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 (रुपये 44900-142400) अनुमन्य होगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के उपायुक्त शशि मोहन गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने विसंगतियां दूर करने का प्रयास किया है।

### नहीं सुनी गई फार्मासिस्ट और नर्सिंग संवर्ग की मांग

**लखनऊ।** वित्त विभाग के एसीएस दीपक कुमार की ओर से शनिवार को जारी शासनादेशों में फार्मासिस्ट संवर्ग का 1 जनवरी 2016 से अनुमन्य पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल यथावत रखा गया है। यही आदेश नर्सिंग संवर्ग के नर्सिंग अधिकारी, सीनियर नर्सिंग अधिकारी, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग अधीक्षक और मुख्य नर्सिंग अधिकारी के लिए भी है। मगर, नर्सिंग संवर्ग के पदों पर भर्ती हेतु अब बीएससी (ऑनर्स) के साथ छह माह का अनुभव या नर्सिंग में डिप्लोमा के साथ ढाई वर्ष का अनुभव की अर्हता निर्धारित की गई है। फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र के अध्यक्ष सुनील यादव का कहना है फार्मासिस्ट व नर्सिंग संवर्ग की ओर से नियुक्ति के समय मूल वेतन केंद्र के बराबर देने की मांग थी, लेकिन सरकार ने नहीं माना।

# खड़े डंपर में पीछे से घुसी कार एक ही परिवार के चार की मौत

- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ऐरवा कटरा क्षेत्र में हुआ हादसा

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार खड़े डंपर में पीछे से घुस गई, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग कानपुर नगर के रहने वाले हैं।

कानपुर के इंदिरा नगर कल्याणपुर निवासी पीयूष यादव (33) नोएडा के सूरजपुर में रहते थे। पीयूष अपनी मां नीता यादव (55), भाभी संजना (31) और भतीजे आरव (5) को लेकर शनिवार को कार से कानपुर के लिए निकले थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर पुल के पास उनकी कार खड़े डंपर में पीछे से घुस गई जिससे कार में बैठे चारों लोगों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष संतप्रकाश सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और डंपर में फंसी कार को बाहर निकलवाया।



## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

**पूरनपुर :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया राजीव नगर की रहने वाली परवीन पत्नी जान मोहम्मद शनिवार को घर में काम कर रहीं थी। इस दौरान महिला को सांप ने डस लिया। झाड़ फूंक के बाद परिजनों ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने परवीन को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

### 23 को होगा कैंपस प्लेसमेंट

**बीसलपुर :** परमेश्वरी दयाल निजी आईटीआई के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि 23 सितंबर को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टाटा मोटर्स, बीजी ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश के स्थाई निवासी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। यह प्लेसमेंट आईटीआई पास युवाओं के लिए है। प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी अपना रिज्यूम पासपोर्ट साइज फोटो और सभी डाक्यूमेंट लेकर सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे तक पहुंच जाएं।

### ट्रक चालक की पिटाई

**बरखेड़ा :** ट्रक चालक के साइड न देने पर बाइक सवारों ने ट्रक चालक की पिटाई की। गाजीपुर कुंडा तिराहे पर मारपीट हुई। इसका वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिट्टी में मिल रही ऐतिहासिक धरोहर का होगा संरक्षण

## कलीगनर के शाहगढ़ स्थित प्राचीन राजा वेणु के किले का सर्वे करने जल्द आएगी पुरातत्व विभाग की टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों में शुमार राजा वेणु का टीले की बिखरती काया को जल्द संजीवनी मिल सकती है। पुरातत्व विभाग की टीम जल्द ही शाहगढ़ स्थित राजा वेणु के टीले का सर्वे करेगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री एवं जिले के सांसद जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर अवगत कराया है। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने पूर्व में सांसद को पत्र भेजकर प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की मांग की थी।

जनपद की कलीनगर तहसील स्थित शाहगढ़ में कभी राजा वेणु का किला हुआ करता था, जो अब एक टीले के रूप में परिवर्तित हो चुका है। करीब 450 बीघे में फैले इस प्राचीन स्थल में पुरानी ईंटें, प्राचीन काल के सिक्के, बर्तन आदि अवशेष आज भी मिलते हैं। इस स्थल पर एक मंदिर भी है। इस मंदिर में प्राचीन मूर्तियां एवं सिक्के जड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो मंदिर में स्थापित प्राचीन मूर्तियां किसानों को खेती के दौरान मिली थीं। इस मंदिर



शाहगढ़ स्थित प्राचीन राजा वेणु का टीला। (फाइल फोटो) ● अमृत विचार

- **स्थानीय लोगों की मानें तो 450 बीघे में फैले किले में आज भी मिलते हैं प्राचीन काल के अवशेष**

और टीले से ही संबंध रखने वाले पुरैना ताल की भी काफी मान्यता है।

प्रत्येक अमावस को लगने वाले मेले में लोग सरोवर पर पहुंच कर स्नान करते हैं और मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। जानकारों की मानें तो आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के प्रथम निदेशक अलेक्जेंडर कनिंघम की वर्ष 1862, 1863 एवं वर्ष 1864 में प्रकाशित हुई सर्वे रिपोर्ट में भी शाहगढ़ स्थित प्राचीन टीले का जिक्र किया था कि यह धरोहर महाभारत काल के समय की है और ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है. लेकिन, इसकी अनदेखी ने इसे मिट्टी में मिलाने के कगार पर पहुंचा दिया है।

इधर, शाहगढ़ स्थित राजा वेणु के टीले की खुर्दबुर्द होती धरोहर को संरक्षित करने के लिए शहर के सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने पिछले माह सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजा था। इस मामले में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने खासी दिलचस्पी दिलाई। जिसके बाद अब केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस मामले में पुरातत्व विभाग को निर्देशित किया है। उन्होंने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को भी पत्र भेजकर कृत कार्यवाही से अवगत कराया है। सूत्रों की मानें तो पुरातत्व विभाग की टीम कभी शाहगढ़ पहुंचकर प्राचीन टीले का सर्वे कर सकती है।

### आजादी से पूर्व भी हुई थी सर्वे की कवायद

आजादी से पूर्व शाहगढ़ में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के द्वारा ग्रेट ट्रिगोनोमेट्रिकल स्टेशन का निर्माण कराया गया था। यहां ऊंचे-ऊंचे टावरों का भी निर्माण कराया गया था। जानकारों के मुताबिक इन टावरों का उपयोग भूमि सर्वेक्षण कार्यों के लिए किया जाता था।



मंदिर में स्थापित प्राचीन काल की प्रतिमा।



प्राचीन काल का अवशेष।

> शाहगढ़ स्थित राजा वेणु का टीला जनपद की प्राचीन धरोहरों में शामिल है। देखरेख के अभाव में यह प्राचीन धरोहर नष्ट होती जा रही है। प्राचीन धरोहर को संरक्षण में लेने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर आग्रह किया गया था। इस मामले में अब केंद्रीय पर्यटन मंत्री भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को निर्देशित किया है। उम्मीद है कि जल्द ही पुरातत्व विभाग की टीम यहां आकर सर्वे करेगी।
>
> – **शिवम कश्यप**, सामाजिक कार्यकर्ता।

# 11.84 लाख से बालपुर माफी में बनेगा आंगनबाड़ी केंद्र



भूमि पूजन में मौजूद सीडीओ व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

- **शनिवार को संपन्न कराया भूमि पूजन, सीडीओ भी पहुंचे**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव बालपुर माफ़ी में 11.84 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन बनाया जाएगा। सीडीओ केके सिंह ने शनिवार को गांव पहुंचकर भूमि पूजन किया। विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया। पांच ईट रखकर शिलान्यास किया गया।

सीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत बलिया के बालपुर माफी में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन नहीं होने के कारण बच्चों को काफ़ी परेशानी हो रही थी। नया भवन बनने से बच्चे अच्छी तरह पढ़ाई कर सकेंगे। ग्राम पंचायत बिलैहरा में मनरेगा योजना के तहत खेतों पर सिंचाई के लिए गूलों की सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत मनरेगा योजना में कार्य कर रही सिंचाई के लिए गूलों की सफाई कर रही महिला श्रमिकों से जाब कार्ड संबंधित जानकारी की गई है। गांव बल्लिया में तालाब पर जीर्णोद्धार कर बनाया गया अमृत सरोवर का भीनिरीक्षण किया। उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान सरदार परमिंदर सिंह की सराहना की गई। इस मौके पर बीडीओ संजय कुमार यादव, एपीओ आदर्श वर्मा, सचिव राम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों का जिला सम्मलेन 22 को

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक शनिवार को शहर के व्यापारी नवीन लोधी के प्रतिष्ठान पर जिलाध्यक्ष देवेश बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 22 सितम्बर को होने वाले व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन पर चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन का आयोजन धूमधाम से होगा। तीन सितम्बर को लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। 22 को बीसलपुर के अग्रवाल सभा भवन में जिला सम्मेलन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि रहेंगे। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा पालिका चेयरमैन शशि जायसवाल विशिष्ठ अतिथि होंगे।

सम्मेलन में पीलीभीत की नगर इकाई, बीसलपुर, बरखेड़ा, मझोला, उपूरनपुर, बिथरा के साथ साथ युवा इकाइयों के पदाधिकारी और सदस्य भी रहेंगे।

नगर अध्यक्ष बीसलपुर वीरेन्द्र अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल व संयोजक और बीसलपुर इकाई के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने सभी व्यापारियों को समस्त बीसलपुर की टीम की तरफ से व्यापारी दिवस एवं जिला सम्मेलन का निमंत्रण दिया।

सम्मेलन में बरेली, लखीमपुर, शाहजहांपुर , लखनऊ से भी व्यापारी आएंगे। जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुनील, अनिल अग्रवाल, कार्तिक भसीन, मो अजीम, अनिल, सुधांशु शर्मा, करनदीप, शुभम अग्रवाल, अर्पित, दीपक वरदान, जयन्ती प्रसाद, अखिलेश शुक्ला, नीश लोधी आदि व्यापारी मौजूद रहे।





बैठक करते जिलाध्यक्ष व अन्य व्यापारी। ● अमृत विचार

- **सम्मेलन सफन बनाने को बनाई रणनीति, भीड़ जुटाने की तैयारी**

# बाइक मैकेनिक की दुकान में नकब लगाकर चोरी

**बीसलपुर, अमृत विचारः** बाइक मैकेनिक की दुकान में नकब लगाकर चोर हजारों का सामान समेट ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसान सहकारी चीनी मिल के सामने मुश्ताक की बाइक ठीक करने की दुकान है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह दुकान बंद करके नमाज पढ़ने चले गए। इसके बाद वहीं से घर चले गए। दूसरे दिन शनिवार सुबह छह बजे दुकान पहुंचे तो पता चला कि चोर दुकान में नकब लगाकर घटना कर चुके हैं। बाइक के पाट्र्स, ट्यूब समेत हजारों का सामान चोरी हो चुका था। चोरी का शोर मचते ही भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। आसपास के प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की गई। दरोगा अनिल शर्मा ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# पहले दिन ही लेटलतीफी का शिकार हुई स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** यात्रियों की सुविधा के लिए शाहजहांपुर रुट पर संचालित की गई पीलीभीत-शाहजहांपुर स्पेशल ट्रेन संचालन के पहले दिन ही लेटलतीफी का शिकार हो गई। ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब 40 मिनट देरी से रवाना हो सकी। इसको लेकर रेल यात्रियों में खासा रोष देखा गया। यात्रियों ने बताया कि पहले दिन ट्रेन समय पर पहुंचेगी इसको लेकर काफी उत्सुकता थी। लेकिन पहले ही दिन ट्रेन लेट होने से उनको काफी असुविधा हुई।

पीलीभीत-शाहजहांपुर रुट पर तीन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था। शाहजहांपुर रूट पर चलने वाले यात्री लंबे अरसे से इस पर एक और पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग करते आ रहे थे। मीटरगेज रूट के दौरान भी इस रूट पर चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेल महकमे ने शाहजहांपुर रुट पर 21 अगस्त से 31 दिसंबर तक पीलीभीत-शाहजहांपुर स्पेशल ट्रेन संचालन को हरी झंडी दी थी।

शाहजहांपुर रूट पर एक और पैसेंजर ट्रेन चलाए जाने की जानकारी पर रेल यात्रियों में खुशी का माहौल देखा गया। इधर शनिवार को शाहजहांपुर रूट पर जाने वाले तमाम रेल यात्री रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास प्लेटफार्म नंबर चार पर यात्रियों की खासी भीड़ पीलीभीत-शाहजहांपुर स्पेशल ट्रेन पर सवार होने के इकट्ठा हो गई।

स्पेशल ट्रेन पीलीभीत से 12.10 बजे रवाना होकर 1.55 बजे शाहजहांपुर पहुंचनी थी। मगर, संचालन के पहले दिन स्पेशल ट्रेन के लेट-लतीफी का शिकार हो ने की वजह से तेज धूप के कारण फैली उमस के बीच प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में खड़े रेलयात्री बेहाल हो उठे। उनको काफी दिक्कत हुई। करीब 12.39 बजे स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची। तब कहीं जाकर यात्री ट्रेन में सवार हो सके। यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते ट्रेन में सवार होने के लिए यात्री जद्दोजहद करते दिखे। करीब 40 मिनट देरी से स्पेशल ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हो सकी। स्पेशल ट्रेन के पहले दिन ही देरी से पहुंचने पर यात्रियों में खासा रोष देखा गया।



शाहजहांपुर रूट पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन में सवार होते यात्री। ● अमृत विचार

- **पीलीभीत-शाहजहांपुर स्पेशल ट्रेन 40 मिनट देरी से हुई रवाना**
- **पहले दिन ट्रेन देरी से पहुंचने से यात्रियों में दिखा रोष**

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

संवाददाता, जहानाबाद

- **खुद को प्रधान बताकर आरोपी ने साथियों संग की घटना**
- **पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात पर दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** पावर कॉरपोरेशन के प्रवर्तन दल पर चेकिंग के दौरान हमला कर दिया गया। एक मकान में बिजली के चोरी को लेकर पड़ताल करने पर घटना की गई। खुद को प्रधान बताते हुए गृहस्वामी ने धक्का मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद और दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सीतापुर के हरगांव के रहने वाले प्रवर्तन दल के अवर अभियंता गौरव मिश्रा ने जहानाबाद थाने में दी तहरीर में बताया कि 20 सितंबर की सुबह वह विजिलेंस टीम के साथ वसंतपुर गांव में बिजली चोरी की रोकथाम को चलाए जा रहे चेकिंग के तहत गए थे। इस दौरान गांव के ही बाबू खान के घर सर्विस केबिल एलटी लाइन से जोड़कर छत की तरफ गई हुई थी।

इसे चेक करने के लिए वह घर की छत पर गए तो आरोपियों ने धक्का मुक्की शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए भगाया। धमकी दी गई कि वह गांव का प्रधान है। इसके बाद अपने साथियों को जमा कर लिया और हमला कर दिया। चेकिंग भी पूरी नहीं होने दी गई। किसी तरह मौके से भागकर खुद को बचाया।

इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में बाबू खान, आरिफ खान, साजिद खां, सनी उर्फ चीटा, यूसुफ, बाबू खान का पुत्र और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सिपाहियों पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** दंपति के आपसी विवाद को लेकर थाने के दो सिपाही बिना शिकायत पत्र के ही पति को पकड़कर थाने ले आए। आरोप है कि मामला रफादफा करने के लिए दस हजार रुपये की मांग की गई। इसकी शिकायत एसओ घुंघचिहाई से की गई है। शिकायतकर्ता मिथिलेश गुप्ता ने बताया कि 19 सितंबर को कस्बे के रहने वाले रवि सागर और उनकी पत्नी का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पत्नी ने मारपीट की मौखिक शिकायत थाने में की थी। जिस पर थाने के दो सिपाही महिला के पति को थाने ले आए। आरोप है कि छोड़ने के एवज में पति से दस हजार रुपये की मांग की गई। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि महिला ने थाने में आकर पति पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया था। इसी को लेकर दो सिपाहियों को महिला के घर भेजा गया था। बाद में दोनों का सुलह समझौता भी हो गया था। जिसका सुलहनामा महिला द्वारा लिखकर दिया गया है। सिपाहियों के रुपये मांगने का मामला संज्ञान में नहीं है।

# किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ाः** दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस की तहरीर में बताया कि उसकी 17 साल की पुत्री अपने मामा के घर बरखेड़ा गई थी। 17 सितंबर की रात गांव का ही अजय कुमार अपने साथी गोविंदराम की मदद से फुसलाकर भगा ले गया। घटना के समय परिजन सो रहे थे। सुबह जागने पर जानकारी हुई। काफी तलाश की गई लेकिन सुराग नहीं लग सका। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी की तलाश को टीम लगाई है।

# धरना जारी, आज जेल भरो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का धरना प्रदर्शन 21 वें दिन शनिवार को भी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कृषि भवन परिसर में हुआ। एक प्रतिनिधिमंडल संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर पहुंचा और डीएम संजय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में कहा कि यदि हमारी मांगों को नहीं माना गया तो हम जेल भरो आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष दृगपाल राठौर, जिला प्रभारी हीरालाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेश त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष पूरनपुर चंद्रपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम मंडल, जिला सचिव नंदकिशोर राठौर, जिला महासचिव परमजीत सिंह, महिला संगठन प्रचारक बलजीत कौर आदि थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन प्रशासन होश में आ जाए। 22 सितम्बर रविवार से ठगी पीड़ित परिवार जेल भरो आंदोलन करेगा। जेल भरो आंदोलन को सफल बनाएं। इस मौके पर नरेंद्र कुमार, रामचंद्र भास्कर, राम अवतार, गोविंद राम, कमलचंद्र, दुर्गाप्रसाद, रामपाल, सेवाराम, प्रेमपाल, सोनी सक्सेना, माया देवी आदि मौजूद रहे।



तहसील में ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **21 वें दिन भी कलेक्ट्रेट स्थित कृषि भवन परिसर में डटे रहे लोग**





# बैठक में शिक्षमित्रों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** बीआरसी परिसर में शनिवार को आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा ने कहा कि मानदेय वृद्धि, मूल विद्यालय एवं महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल में तबादला आदि मांगों पर सरकार से राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव एमकेएस सुन्दरम के साथ इस संबंध में वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को 12 महीने मानदेय, 14 आकस्मिक अवकाश, मेडिकल लीव, चाइल्ड केयर लीव, सेवानिवृत्त आदि की मांग को लेकर सरकार एवं कार्मिक विभाग से विचार विमर्श चल रहा है। शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद है। दिलनवाज खान, कुंदन सिंह, विमला, गीता देवी, अंजू जैसवार, कंचन देवी विरेन्द्र कौर, शशांक शेखर, जागेश्वर आदि मौजूद रहे।

# शिकायत पर एसीएमओ ने निजी अस्पताल का किया निरीक्षण

संवाददाता, बिलसंडा

- **शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए आरोपों से जुड़ा नहीं मिला कोई साक्ष्य**

**अमृत विचारः** नगर के एक निजी अस्पताल में शनिवार को एसीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सक की डिग्री एवं अनुमति संबंधी दस्तावेज भी देखे। एसीएमओ के निरीक्षण की वजह से नगर के अन्य निजी अस्पतालों में भी हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि नगर के ही एक व्यक्ति ने सीएमओ से शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि थाना क्षेत्र के गांव मलिका निवासी एक ग्रामीण की पेशाब रुक जाने पर चिकित्सक ने गलत तरीके से पाइप डाला था। जिससे उसका ब्लैडर फट गया था । इसके अलावा कुछ दिन पूर्व ही इसी अस्पताल में एक प्रसूता का प्रसव कराया गया था, जिसे अधिक ब्लीडिंग होने के कारण हालत बिगड़ने पर उसे बरेली भेजा गया था। हालांकि परिजनों ने प्रसूता को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी जान बचाई थी। इसके अलावा नगर के ही एक मेडिकल स्टोर स्वामी की पुत्रवधू का भी प्रसव कराया गया था। जिसमें नवजात की प्रसव के दौरान ही मौत हो गई थी। इन सभी मामलों की शिकायत करते हुए यह आरोप भी लगाया गया कि चिकित्सक की डिग्री आयुष की होने के बावजूद वह एलोपैथिक दवाओं का इस्तेमाल करते हुए मरीजों को अस्पताल में भर्ती भी करता है। सीएमओ डॉ.आलोक कुमार से की गई शिकायत पर शनिवार को एसीएमओ एसके सिंह ने निजी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा की डिग्री और अनुमति संबंधी पत्रावली भी देखी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एक भी मरीज नहीं मिला।

उधर, सीएमओ आलोक शर्मा ने बताया कि निजी अस्पताल की लगातार शिकायतें मिल रही थीं ,जिसकी जांच के लिए एसीएमओ एसके सिंह को भेजा गया था। जांच में क्लीनिक पर कोई भी मरीज भर्ती नहीं मिला और न ही कोई अंग्रेजी दवाईयां ही मिलीं। चिकित्सक द्वारा आयुर्वेदिक दवाएं ही रखी हुई थी।




शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# नहीं बन रही बात...सफाई कर्मियों ने अफसरों की और बढ़ाई टेंशन

## तीसरे दिन भी नहीं उठा शहर में कूड़ा, निलबंन वापसी और एफआईआर की मांग पर अड़े कर्मचारियों ने कोतवाली में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : सफाई कर्मचारियों के निलंबन वापसी और उनसे अभद्र टिप्पणी करने वालों लोगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कर्मचारियों ने शनिवार को भी हड़ताल पर रखी। ऐसे में लगातार तीन दिन से शहर में जहां सफाई न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग हैं। वहीं दूसरी तरफ, अफसरों की टेंशन भी इससे बढ़ती जा रही है। शनिवार को कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अफसरों ने आश्वासन दिया, मगर कर्मचारी हड़ताल पर अड़े हैं। उनका कहना है कि जब तक एफआईआर की कॉपी नहीं मिलेगी प्रदर्शन जारी रहेगा।

नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन के चलते शनिवार को भी टैक्स, सफाई, लेखा, प्रकाश और जलकल कार्यालय में ताला लटका रहा। समस्त कर्मचारी धरने में शामिल रहे। प्रशासनिक अफसरों के हस्तक्षेप के बाद ईओ लाल चंद भारती कर्मचारियों का मानने के लिए पहुंचे लेकिन वह अपनी मांग पर अडिग रहे। काफी देर चली बहस के बाद दोपहर 12 बजे के बाद कर्मचारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे। जहां ईओ लाल चंद भारती, इंस्पेक्टर सफाई साबिर अली, जल कल प्रभारी तारिक हसन खां समेत कई अन्य मौजूद रहे। कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से कोतवाली पुलिस को पालिका में काम करने वाले कर्मचारियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की इतना जरूर कर्मचारियों को आश्वासन देकर उन्हें हड़ताल समाप्त करने की अपील की। लेकिन कर्मचारी अपनी जिद पर अड़े रहे। वह दोबारा से पालिका कार्यालय में एकत्र हुए और प्रदर्शन जारी रखा। देर शाम कर्मचारी नेताओं को कोतवाली बुलाया गया। जहां सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर और अन्य अफसर मौजूद रहे, लेकिन सफाई कर्मचारी और संगठन के लोग कोतवाली नहीं गए। उनकी मांग है कि अगर समाधान कराना है, तो वह धरना स्थल पर आएं। उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश वाल्मीकि ने बताया कि वाल्मीकि समाज और नगर पालिका शहर को स्वच्छ रखने का काम करती है। इसके बाद भी उनका अपमान किया जा रहा है। इसलिए जब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी। तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे। चाहे परिणाम कुछ भी हो।


नगर पालिका परिसर में हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार


स्टेशन रोड पर जगह जगह पड़ा कूड़ा।


शहर में स्टेशन रोड पर जगह जगह पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार


थाना कोतवाली के बाहर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार


शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। जिस वजह से तीन दिनों से सफाई नहीं हो सकी है। दुकान के बाहर ही कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। रोजाना कूड़े की तादाद बढ़ती जा रही है। बदबू के मारे ग्राहक भी दुकान में आने को तैयार नहीं है। प्रशासन को इस समस्या का समाधान करना चाहिए।
–**संदीप अग्रवाल** व्यापारी।


हड़ताल का खामियाजा शहरवासियों को भुगतान पड़ रहा है। कर्मचारी जिद पर अड़े हुए हैं। ऐसे में दुकानों और घर के बाहर कूड़े के ढेर लगे हैं। दुकान खोलने के लिए खुद ही दुकान के आगे सफाई करना पड़ रही है। ताकि ग्राहकों के आने जाने का रास्ता बना सके। हड़ताल समाप्त होनी चाहिए।
– **धर्मेंद्र कुमार** व्यापारी


सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते इन दिनों बाजार की सड़कें कूड़े से पटी हुई है। बाजार में पैदल चलना तक दूभर हो गया है। बाजार में सामान खरीदने के लिए गए थे। मुंह पर मास्क लगाकर चलना पड़ रहा है। सफाई के अलावा पानी की सप्लाई भी बाधित हो रखी है।
–**अनीता सिंह**, गृहणी


सफाई कर्मी अपनी समस्या को लेकर हड़ताल पर चल रहे हैं। ऐसे में शहर में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं नहीं मिल पा रही है। दो दिन से पानी नहीं आ रहा। तीन दिन से सफाई ठप पड़ी है। हालांकि शनिवार को कुछ देर के लिए पानी आया था। मगर फिर बंद हो गया।
–**उर्मिला देवी**, गृहणी

### संगठनों पर कार्रवाई नहीं करने की मांग

नगरपालिका की ओर से चल रही हड़ताल के तीसरे दिन शनिवार को सर्व हिंदू समाज उत्थान समिति की ओर से पूरे जिले में अलग- अलग पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें कहा गया कि गणेश विसर्जन के दिन पॉलिथीन हटाने का विरोध समाज के लोगों ने किया था। इसके बाद प्रशासन ने कर्मचारियों को निलबिंत कर दिया गया था। हिंदू संगठनों ने ऐसी कोई मांग नहीं की थी। इसलिए समस्त कर्मचारियों को बहाल किया जाए। वाल्मीकि समाज के साथ हिंदू संगठन हमेशा खड़ा है। इसके अलवा अगर किसी भी संगठन के कार्यकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। तो समस्त संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

### दुर्गंध से सांस लेना भी हो रहा मुश्किल

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को तीन दिन बीत चुके है, ऐसे में शहर से कूड़े का उठान नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों की अपनी जिद हैं और अफसर उन्हें समझा नहीं पा रहे हैं। जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। सड़कों पर तीन दिनों से लगे कूड़े के ढेर सड़ने लगे हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध से लोगों को सड़क तो दूर की बात है। घर के अंदर भी सांस लेना मुश्किल हो रहा है। शहर के स्टेशन रोड, चूड़ी वाली गली, नींबू बाजार, ड्रमंड गंज से जेपी रोड, कोतवाली रोड से गौरीशंकर मंदिर तक की सड़कें कूड़े से पटी हुई है। इतना ही नहीं पशुओं के गोबर भी सड़क पर ही नजर आ रहा है। इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

### डीएम की फटकार पर ईओ ने चालू किया पंप

हड़ताल के दौरान सफाई कर्मचारियों ने पेयजल आपूर्ति को भी ठप कर दिया था। जिस कारण शहर और ऑफिसर्स कॉलोनी की पेयजल सप्लाई ठप हो गई। डीएम संजय कुमार को जब इसकी जानकारी लगी तो ईओ की फटकार लगाई और पेयजल लाइन चालू करने के लिए कहा। इस पर ईओ पहले कर्मचारियों के बीच पहुंचे। जहां पंप चालू करने के लिए कहा, लेकिन कर्मचारी पंप खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। इस पर ईओ अपनी गर्दन बचाने के लिए खुद ही अपने चालक के साथ नकटादाना चौराहा पर स्थित पंप को चलाने के लिए पहुंचे। जहां ईओ ने पंप को चालू किया। इसके बाद ऑफिसर्स कॉलोनी की साइड में पानी की सप्लाई चालू कर दी गई। इधर, चर्चा है कि ईओ ने नकटादाना चौराहा पर स्थित पंप के बाहर उनके चालक ने गाड़ी सड़क पर खड़ी कर दी। कुछ पुलिस कर्मियों ने इसका विरोध किया। इस पर चालक बहस करने गलगा। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने गाड़ी का चालान भी कर दिया। हालांकि अफसर इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं।

## एक नजर

### सदस्यता अभियान को धार देंगे प्रदेश अध्यक्ष

**पीलीभीत** : भाजपा ने जनपद को तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। जिसके तहत प्रत्येक बूथ पर 200 कार्यकर्ता बनाए जायेंगे। जनप्रतिनिधियों के भी लक्ष्य तय किए जा चुके है। इसी क्रम में अब अभियान को धार देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पीलीभीत आ रहे है। वह रविवार रात पीलीभीत पहुंच जायेंगे। इसके बाद सोमवार को सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा जाएगा।

### समस्या के निराकरण को लेकर हुई बैठक

**पीलीभीत** : बीआसी मरौरी में शनिवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार ने की। बैठक के बाद शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह को ज्ञापन सौपा। जिला मंत्री उमेश गंगवार, बाबूराम गंगवार, केके सागर, सूर्य प्रकाश गंगवार, विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

# डिप्थीरिया के खिलाफ 26 से चलेगा विशेष अभियान


एसडीएम कार्यालय में टीकाकरण अभियान की बैठक में मौजूद अफसर कर्मचारी।

संवाददाता, पूरनपुर

- **गोपालपुर के बच्चे की मौत होने के बाद गंभीर हुआ स्वास्थ्य विभाग**

**अमृत विचार**: डिप्थीरिया से ग्रसित बच्चे की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची है। इसको लेकर शनिवारको डब्ल्यूएचओ और अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। मदरसों के शिक्षकों को भी टीकाकरण के लिए जागरुक किया।

तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर का एक बालक डिप्थीरिया रोग से ग्रसित था। लखनऊ के केजीएमसी में उसका उपचार चल रहा था। बीते 18 सितबंर को बच्चे की उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। डिप्थीरिया के खिलाफ टीकाकरण अभियान चलाए जाने के बावजूद बच्चे की मौत होने का मामला शासन तक पहुंच गया। इसको लेकर शनिवार को एसडीएम कार्यालय में बैठक हुई। इसमें डब्ल्यूएचओ के एसएमओ बीके मिश्रा, यूनिसेफ के इरशाद सहित शिक्षा, विकास, बाल पुष्टाहार विभाग आदि के भी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि डिप्थीरिया रोग टीकाकरण से छूटे बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा है। पूरनपुर क्षेत्र में सैकड़ों ऐसे बच्चे हैं जिनको डिप्थीरिया का टीका नहीं लगा है। गोपालपुर में जिस बच्चे की मौत हुई। उसका भी टीकाकरण रिकार्ड नहीं मिला। छूटे बच्चों का टीकाकरण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 26 सितंबर से विशेष टीकाकरण अभियान चालाया जाएगा। इसमें पांच, दस, और सोलह साल तक के बच्चों को डिप्थीरिया से बचाव के टीके लगाए जांएगे। इसमें सभी विभाग सहयोग करेंगे। लोगों को जागरुक करने के लिए एमओआईसी डा. आलमगीर ने एक मदरसे में बैठक की। इसमें कस्बे के सभी मदरसों के शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों से बच्चों के टीकाकरण के बारे में उनके अभिभावकों को बताने के बारे में कहा गया। एमओआईसी ने बताया कि विशेष अभियान की तैयारी की जा रही है। सभी छूटे बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा।

## पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ग्राम मीरपुर वाहनपुर के प्रधान मो. मियां ने बताया शुक्रवार दोपहर भतीजा दानिश जुमे की नमाज पढ़कर घर आ रहा था। इसी दौरान गांव के हिस्ट्रीशीटर शाहिद उर्फ मल्लू, साजिद, शाकिब, आकिब रोहिद और दो अज्ञात लोगों ने घेरकर हमला कर दिया। जब वह बचकर घर आया तो पीछे से आरोपी भी घुस आए। बचाने का प्रयास करने पर उन पर भी हमला किया। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की थी। जिसकी वजह से वह रंजिश मानने लगा है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

# चोरों से सेफ का ताला नहीं टूटा तो सामान में लगा दी आग

संवाददाता, बिलसंडा

- **बंद पड़े मकान में शुक्रवार रात चोरों ने दिया घटना को अंजाम**
- **नगर के गोला मार्ग पर जायसवाल राइस मिल के पड़ोस वाली गली में चोरी की घटना से दहशत**

**अमृत विचारः** बंद मकान में घुसे चोर सेफ का ताला न टूटने पर सामान में आग लगाकर चले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। मामले की छानबीन की जा रही है।

नगर के गोला मार्ग पर जायसवाल राइस मिल के पड़ोस वाली गली में घटना हुई। यहां के रहने वाले बनवारी लाल ने बताया कि उनके पड़ोस में ही छोटे भाई ओमपाल का मकान है। ओमपाल गुड़गांव में परिवार सहित रहकर मजदूरी करता है। मकान में ताला पड़ा है। आरोप है कि शुक्रवार रात चोर ओमपाल के घर में घुस गए। कमरों के ऊपर लगी सीमेंट की जाली तोड़कर कमरे में दाखिल हुए। कुछ सामान चोरी कर लिया। जबकि सेफ का ताला न टूटने पर कमरे में रखे कपड़े समेत अन्य सामान में आग लगा दी। तेज धुआं होने पर पड़ोसियों और मोहल्ले के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसओ रणजीत सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की जांच की जा रही है।


मौका मुआयना कर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### चोरी के मामले में अज्ञात पर एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जगीपुर जैतपुर गांव में दो मकानों में हुई चोरी के मामलों में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। संयुक्त तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जगीपुर जैतपुर में हुई थी। गांव के ही रहने वाले अशोक कुमार के घर में गुरुवार रात दीवार फांदकर घुसे चारे छह हजार रुपये, सोने व चांदी के जेवरात समेत ढाई लाख का सामान समेट ले गए थे। इसी गांव के बाबूराम के मकान से भी चोर 40 हजार रुपये, जेवरात समेत डेढ़ लाख कीमत के सामान समेट ले गए थे। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस घटना के खुलासे के लिए सुरागरसी कर रही है। कुछ संदिग्ध भी नजर में आए हैं। जिनको लेकर जानकारी की जा रही है। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

### चोरी के आरोप में दो किशोर पकड़े

**बरखेड़ा** : नोबेल शुगर लिमिटेड के सुरक्षाधिकारी उमेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात मिल में चोर हुई। जिसमें वेल्डिंग रॉड, वेल्डिंग वायर आदि चोरी हो गए थे। शनिवार सुबह सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो क्षेत्र के ही दो नाबालिगों की पहचान हुई। आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अब भैंसहा ग्वालपुर में सियार ने ग्रामीण पर किया हमला

संवाददाता, बरखेड़ा



- **खेत पर गए ग्रामीण को किया घायल, चार बाल-बाल बचे**

**अमृत विचारः** आबादी में सियार लगातार हमले हो रहे हैं। अब भैंसहा ग्वालपुर गांव में पहुंचे सियार से खेत पर गए ग्रामीण को हमला कर घायल कर दिया। चार अन्य ग्रामीणों ने भागकर खुद को बचाया। ह

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा ग्वालपुर के 52 वर्षीय रामदीन खेती शनिवार सुबह खेत पर साइकिल से गए थे। खेत में पहुंचते ही अचानक सियार ने हमला कर दिया। शोर सुन आसपास के ग्रामीणों ने बचाया। इसके कुछ देर बाद सियार ने इसी गांव में चार अन्य ग्रामीणों पर भी हमला करने की कोशिश की। हालांकि उन्हें घायल नहीं कर सका। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार सियार हमला कर रहा है। इससे खासकर बच्चों को लेकर डर बना हुआ है। इसका समाधान कराया जाना चाहिए।

## मंडल में हिस्सा लेंगे 14 पंजाबी छात्र

**पीलीभीत।** एसएन इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय पंजाबी छात्र प्रतियोगिता में 14 छात्रों में का मंडलीय मुकाबले के लिए चयन किया गया। जिला नोडल अधिकारी इंतजार खान ने बताया कि कार्यक्रम में कविता, भाषण, गीत और निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कुल 55 पंजाबी छात्रों ने हिस्सा लिया। कविता प्रतियोगिता में अकाल अकादमी कजरी से कोमलप्रीत कौर, अकाल अकादमी गोमती से इकजोत कौर ने भाषण प्रतियोगिता तो अकाल अकादमी गोमती से गुरनूर कौर ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया।

# राज्यमंत्री से की पार्क बनवाने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** कलीनगर तहसील के गांव धुरिया पलिया निवासी बीएसएफ के शहीद जवान मनतेज सिंह की पत्नी मनजीत कौर ने कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख को पत्र सौंपा।

इसमें गांव कीरतपुर से लैहारी पुल होते हुए चूका बाजार तक की 2600 मीटर कच्चे मार्ग कि समस्या बता पक्की सड़क न बनने से दर्जनों ग्राम पंचायतों की लाखों की आबादी प्रभावित होने की समस्या बताई। इसके साथ ही पत्र में शहीद मनतेज सिंह के नाम से इसी सड़क का निर्माण कराकर शहीद मनतेज सिंह की स्मृति में द्वार लगाने की मांग भी की गई। शहीद की पत्नी मनजीत कौर ने पति के नाम से शहीद पार्क भी बनवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी काम नहीं कराया गया। इस दौरान मनजीत कौर, अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, उपसभापति जसवंत सिंह भी मौजूद रहे।


राज्यमंत्री को पत्र सौंपती शहीद की पत्नी मंजीत कौर। ● अमृत विचार

# गन्ना अधिकारी कर रहे थे उत्पीड़न, इसलिए दे रहा हूं इस्तीफा...

संवाददाता, पूरनपुर

- **गन्ना कृषक महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा के इस्तीफा देने से मची खलबली**
- **महाविद्यालय के उत्थान में व्यवधान पैदा करने का भी आरोप**

**अमृत विचार**: जिला गन्ना अधिकारी पर गंभीर आरोप लगा गन्ना कृषक महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका आरोप है कि डीसीओ शिक्षकों की नियुक्ति और अन्य कार्यो को लेकर उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य के इस्तीफा डीसीओ ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

बंडा रोड पर स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अगस्त से बीएससी कृषि की कक्षाओं की मान्यता मिली है। वर्तमान में कालेज में 66 छात्र बीएससी एग्रीकल्चर के अध्यनरत हैं। प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने अध्यनरत छात्रों को पढ़ाने के लिए कालेज में शिक्षकों की नियुक्तियों के लिए महाविद्यालय के अध्यक्ष व डीसीओ को अवगत कराया गया। आरोप है कि इसको लेकर की जाने वाली प्रबंध तंत्र की बैठक पूरनपुर के बजाए डीसीओ कार्यालय में की गई। इसमें अवैध प्रस्ताव पास किए गए। शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव नहीं रखा गया। प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा के प्रयास के बाद पूरनपुर में बैठक हुई जिसमें डीसीओ नहीं पहुंचे।

आरोप है कि डीसीओ कॉलेज के उत्थान के प्रयासों में सहयोग के बजाए साजिश के तहत विफल करने पर तुले है। वह महाविद्यालय की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे है। कई बार डीसीओ को समस्याएं बताईं मगर किसी भी समस्या का निस्तारण नहीं कराया। प्रपत्रों के प्रति उत्तर दबा दिए गए। उनका आरोप है कि बुलाने के बाद भी डीसीओ अभी तक महाविद्यालय नहीं आए। बीएससी कक्षाओं की व्यवस्थाओं के लिए गन्ना उत्पादक शिक्षा समिति से तक धनराशि स्थानांतरित नहीं कराई गई। इससे साफ जाहिर होता है कि कक्षाओं को बंद कराने के प्रयास किए जा रहे है।

प्राचार्य ने ये भी आरोप लगाया कि कालेज में 28 स्टाफ कार्यरत है। सभी का वेतन आधा कर दिया गया। यही नहीं शिक्षकों को उनके खिलाफ भड़काया जा रहा है। प्राचार्य डा.सुधीर शर्मा ने डीसीओ पर उत्पीड़न का आरोप लगा अपने पद से इस्तीफा दे दिया साथ ही त्याग पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल और उच्च शिक्षामंत्री को भेजी है।


गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय।


मैंने संस्थान के लिए जो काम सात आठ साल में करा दिए उसे बीस साल में भी कराना मुश्किल है। संस्थान के उत्थान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके बावजूद डीसीओ शिकायतकर्ताओं की मिलीभगत से महाविद्यालय और मेरी छवि खराब कर रहे हैं। डीसीओ लगातर मेरा उत्पीड़न कर रहे है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। मैने पद से इस्तीफा दिया है। – **डा. सुधीर शर्मा**, प्राचार्य गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय


प्राचार्य अपनी खामियों को छिपाने के लिए दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। शिक्षकों नियुक्ति और प्रबंध की व्यवस्था प्राचार्य की होती है। मेरा इसमें हस्तक्षेप नहीं है। मुझे इस्तीफा नहीं मिला है। मिलने पर स्वीकार किया जाएगा। किसी सक्षम व्यक्ति को प्राचार्य बनाया जाएगा। – **खुशीराम भार्गव**, डीसीओ

### नवंबर में होगी पहले सेमेस्टर की परीक्षा

गन्ना कृषक महाविद्यालय में बीएससी एजी की मान्यता जुलाई में मिली थी। वर्तमान में कालेज में पांच दर्जन से अधिक छात्र छात्राएं पढ़ रहे हैं। हैरत की बात है कि कालेज में कक्षाओं से संबधित एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं है। इससे शिक्षण कार्य प्रभावित होरहा है। नबंवर महीने में इन कक्षाओं के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। ऐसे में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसको लेकर छात्रों के अलावा उनके अभिभावकों में भी रोष पनप रहा है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर निकाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कोर्ट के आदेश पर पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** दहेज मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने पीटकर निकाल दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला शेखचांद की शिवांगी मिश्रा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया उसकी शादी दिसंबर 2020 को शारदा कॉलोनी के अक्षय मिश्रा से हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया था। इससे ससुराल वाले असंतुष्ट थे। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। कार न मिलने पर साढ़े तीन लाख रुपये की मांग रख दी। जब पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया तो भी अत्याचार करते रहे। तीन दिसंबर 2022 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पंचायत के बाद दो अप्रैल 2023 को पति वापस ले गया।

कुछ दिन बाद फिर दहेज की मांग करने लगे। इसके बाद 23 जुलाई 2023 को पीटकर घर से निकाल दिया। बच्ची भी पीड़िता से छीन ली गई। उस वक्त शिकायत पुलिस से की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब जाकर कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अक्षय मिश्रा, राजेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अवधेश मिश्रा, सुरभि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

## सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया में हुई घटना, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव ससुराल में फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

शहर के मोहल्ला छोटा खुदागंज की रहने वाली लज्जावती (22) पुत्री कल्लू की शादी पांच साल पहले सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव निवासी राजकुमार से हुई थी। शनिवार सुबह विवाहिता ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में थी। निचले हिस्से में परिवार के अन्य सदस्य काम कर रहे थे। बताते हैं कि कुछ देर बाद पति कमरे में पहुंचा तो विवाहिता का शव दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। ये देख चीख पुकार मच गई। आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मायके वाले भी आ गए। हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी गई। सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौका मुआयना कर जानकारी की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से संवाद कर जानकारी की।


घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

● सीओ ने मौका मुआयना कर परिजनों से जुटाई जानकारी

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मौका मुआयना कर जानकारी की गई हे। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। - **पवन कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

### बोले- कई बार समझाया फिर भी करते रहे उत्पीड़न

विवाहिता की मौत की सूचना पर मायके वाले पहुंचे और शव देख चीख पुकार मच गई। उनका कहना था कि पति व ससुराल वाले आए दिन प्रताड़ित किया करते थे। इसे लेकर कई बार परिवार वालों ने समझाया लेकिन कुछ दिन बाद ही दोबारा से प्रताड़ित किया जाने लगा। अब विवाहिता की हत्या की आशंका जताई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



**पूरनपुर, अमृत विचार :** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उसके पिता के आने का इंतजार कर रही है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव पिपरा मुजप्ता की रानी देवी पत्नी जोगेश मजदूरी करती थी। शुक्रवार रात रानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर में पड़ा मिला। सूचना पर शनिवार सुबह नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी और सेहरामऊ थाना पुलिस पहुंची। उसके ससुराल वालों ने पुलिस को जहर खाकर रानी के आत्महत्या करने के बारे में बताया। पुलिस ने शव कब्जे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि मृतका के मायके में सिर्फ पिता हैं। वह जम्मू कश्मीर में रहकर मजदूरी करते हैं। पुलिस ने घटना की सूचना पिता को दी। नायब तहसीलदार ने बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगी।

# अधिवक्ता और सेवानिवृत्त पेशकार का निधन

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अधिवक्ता और जिला न्यायालय के सेवानिवृत्त पेशकार का निधन हो गया। अधिवक्ताओं ने शोकसभा आयोजित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला मुख्यालय पर वकालत कर रहे जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवता केके शुक्ला का शुक्रवार रात निधन हो गया। शनिवार को मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। दोपहर बाद दोपहर बाद जिला जज के न्यायालय में बार एवं बेंच की संयुक्त शोक सभा में केके शुक्ला को श्रद्धांजलि दी गई। फुल कोर्ट रेफरेंस पारित किया गया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंन्हा ,अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगराकोटि ,विशेष न्यायाधीश चंद्र मोहन मिश्रा ,अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना, विवेक अवस्थी,विवेक पांडे,कुलविंदर सिंह, आनंद मिश्रा, अशोक बाजपेई, वीरेंद्र सक्सेना ,सुरेश चंद्र सक्सेना, राम अवतार रस्तोगी, कुलदीप अवस्थी ,तेज सिंह वर्मा, महेंद्र मिश्रा,अरुण मिश्रा, संजय सिंह,बाबू राम शर्मा,वीर अनमोल कुमार सक्सेना, करन वर्मा आदि रहे। उधर, जिला न्यायालय के सेवानिवृत्त पेशकार कस्बा बीसलपुर निवासी नवीन पांडे का बीमारी के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में दोपहर बाद उनका निधन हुआ। अंतिम संस्कार रविवार को होगा। उनके निधन पर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा समेत कई अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया।


केके शुक्ला।


नवीन पांडे।

● बार की तरफ से आयोजित की गई शोकसभा

## पितृपक्ष में अशुभ होता मांगलिक कार्य

**बिलसंडा, अमृत विचारः** आगरा से आए ज्योतिषाचार्य एवं गौरीशंकर मंदिर के महंत स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज ने बताया कि वैसे तो पितृ पक्ष के दौरान नए कपड़े खरीदने की मनाही होती है लेकिन इस दौरान अपने पूर्वजों के लिए नए वस्त्र जरूर खरीदे जा सकते हैं।

ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध के दौरान पितरों को नए वस्त्र अर्पण करने से वे प्रसन्न होते हैं और आपके घर में सुख-शांति का वास होता है। पितृपक्ष के दौरान काले तिल की भी खरीदारी कर सकते हैं। काले तिल को पितरों के श्राद्ध और तर्पण के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में काला तिल जरूर खरीदना चहिए।

## उपाधि में संपन्न हुए विविध कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय के सभागार में बांसुरी सांस्कृतिक क्लब ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य- छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व का विकास करना है जोकि जिला एवं राज्य स्तर पर उनके कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। बांसुरी सांस्कृतिक क्लब के द्वारा छात्र-छात्राओं में गायन वादन लोकगीत बांसुरी वादन गजल गीत कविता पोस्टर के माध्यम से उनके व्यक्तित्व में साहित्य ,कला, संस्कृति, संगीत,गायन ,वादन विभिन्न विधाओं में रुचि पैदा करना है। उनके व्यक्तित्व को निखारना भी है। इस सांस्कृतिक क्लब का नेतृत्व करते हुए प्राचार्य दुष्यंत कुमार के नेतृत्व में क्लब का गठन किया गया। इसके समन्वयक प्रोफेसर प्रणव शास्त्री एवं सांस्कृतिक क्लब की प्रभारी डॉक्टर राखी मिश्रा होगी। इस कल्चरल प्रोग्राम के अवसर पर उपाधि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण, प्रो. विपिन कुमार नीरज, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. अनुपम पांडेय, डॉ.सत्येंद्र सिंह, डॉ.शेफाली सक्सेना, कविता, रौनक तिवारी, अंशिका गंगवार, राधा, राहुल, विकास, नरेंद्र कुमार, देवेंद्र, अजय, नरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया



**पीलीभीत, :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से कार्यक्रम अधिकारी नीतू सिंह, सहयोगी भावना गंगवार, शिखा जोशी के दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय परिसर की सफाई और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनीता रानी ने स्वयंसेवी छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की। उपप्रधानाचार्य अनीता सिंह, बबीता रानी आदि मौजूद रहे।

### सैलून के तीन साल पूरे होने पर मनाई खुशी



**पीलीभीत :** गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित जावेद हबीब सैलून के तीन साल पूरे होने पर प्रतिष्ठान को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। प्रोपराइटर अंचित शर्मा, हिमांशु भट्ट, रिया सूरी ने ग्राहकों का आभार जताया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने सैलून में केक काटा। इसी के साथ आने वाले सीजन में ब्राइडल एवं ग्रूम की बुकिंग बीस प्रतिशत डिस्काउंट के ऑफर के बारे में सभी को बताया। चारू धवन, सचिन अग्रवाल, राशि, कनिका, राजेंद्र कुमार धवन, मुनिता अग्रवाल सुमित पटेल, विशाल आदि मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# अब जंगल मार्गों से रात में बिना जांच नहीं गुजेंगे वाहन

## रात्रि आठ बजे से लेकर सुबह छह बजे तक पीटीआर के सभी जंगल मार्गों पर होगी वाहनों की चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** यदि आप रात में जंगल मार्ग से होकर गुजरने की सोच रहे हैं तो आपको पीटीआर की सुरक्षा जांच के बीच से होकर गुजरना होगा। पीटीआर प्रशासन ने जनपद के सभी जंगल मार्गों पर रात्रि आठ बजे से सुबह छह बजे के बीच गुजरने वाले सभी वाहनों की चेकिंग कराने का निर्णय लिया है। इसको लेकर पीलीभीत टाइगर रिर्जव के डिप्टी डायरेक्टर ने सभी पांचों रेंज के वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में पिछले माह बाइक सवार शिकारियों की ओर से चीतलों का शिकार किया गया था। इस दौरान शिकारी एक वनकर्मी की रायफल भी छीनकर भाग निकले थे। घटना माला रेंज कार्यालय से करीब एक किलोमीटर के दायरे में हुई थी। इस मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा चुका है। लेकिन सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।


पीटीआर से होकर गुजरता पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग। ● अमृत विचार

● **डिप्टी डायरेक्टर ने सभी रेंज अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

जंगल में रेंज कार्यालय से महज कुछ दूरी पर हुई घटना के बाद से पीटीआर प्रशासन खासा चौकन्ना है। घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसको लेकर पीटीआर प्रशासन वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को खासी सतर्कता बरत रहा है। इसी क्रम में पीटीआर प्रशासन पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र के होकर गुजरने वाले सभी जंगल मार्गों पर शिकंजा कसने जा रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग, पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग, खटीमा-माधोटांडा मार्ग एवं पूरनपुर-धनाराघाट मार्ग पर रोजाना रात्रि आठ बजे से सुबह छह बजे के बीच गुजरने वाले सभी दोपहिया, चौपहिया वाहनों समेत पैदल गुजरने वालों को रोककर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत डिप्टी डायरेक्टर ने माला, महोफ, बराही, हरीपुर एवं दियोरिया रेंज के वन क्षेत्राधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

> वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के दृष्टिगत जंगल मार्गों से गुजरने वाले वाहनों की रात्रि चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय वन संरक्षण अधिनियम एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

## मेडिकल कॉलेज में बस्ती के छात्र ने लिया पहला प्रवेश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** देवकली स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को एमबीबीएस में प्रवेश का श्रीगणेश हो गया। पहला प्रवेश बस्ती निवासी कौशल कुमार श्रीवास्तव का हुआ है। शनिवार को प्रवेश समिति ने प्रक्रिया पूरी कर छात्र का मेडिकल कॉलेज में प्रवेश कराया।

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आगाज हो गया। ऑल इंडिया कोटे की सीट पर शनिवार को पहला प्रवेश बस्ती जिले के गांव चौबान निवासी कौशल कुमार श्रीवास्तव ने लिया है। काउंसलिंग के नोडल एवं उप प्रधानाचार्य डॉ. राजेश झिंगरन ने बताया कि ऑल इंडिया कोटा के तहत छात्र का एमबीबीएस में प्रवेश लिया गया है। इस दौरान उप प्रधानाचार्य डॉ. राजेश ढ़ींगरन, यूपी नीट प्रभारी जॉन जेड रिजवी, ऑल इंडिया नीट प्रभारी डॉ. विनीत, डॉ. अर्पणा दीक्षित, डॉ. विकास एवं डॉ. गीतिका मोहन, पटल सहायक एवं फार्मासिस्ट नीरज शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर रामजी माथुर एवं सरित मौजूद रहीं।

## हाथियों ने सुल्तानपुर में फिर रौंदी फसल



**पूरनपुर, अमृत विचार:** जंगली हाथियों ने एक बार फिर सुल्तानपुर के किसानों की धान और गन्ने की फसल नष्ट कर दी। दूसरी बार हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों के झुंड को भगाने के प्रयास नहीं किए गए जिससे फसलें चौपट हो रहीं है। करीब दस दिन पहले मैलानी रेंज के जंगल से निकला हाथियों का झुंड आबादी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जंगल किनारे के गांवों के दर्जनों किसानों की फसलें यह झुंड नष्ट कर चुका हैं। लगभग एक सप्ताह पहले हाथियों ने इस गांव के तीन किसानों की धान और गन्ने की फसल को पैरों से कुचल दिया था। शुक्रवार हाथी फिर सुल्तानपुर गांव के पास पहुंचे। उन्होंने गांव के रुपराम की दो बीघा, तेजराम की दो बीघा धान और बाकेंलाल की पांच बीघा, रमाकांत की डेढ बीघा, भगवानदीन की तीन और इसरार की गन्ने की फसल चौपट कर दी। सुबह जानकारी लगने के बाद किसान खेतों की ओर पहुंचे। उन्होंने कहा वन विभाग के अधिकारियों को हाथियों की जानकारी है। इसके बावजूद उन्हें भगाने के प्रयास नहीं किए जा रहे। विभाग किसानों की फसलों को नष्ट कराने पर तुला है। किसानों ने हाथियों से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की।

## सार-संक्षेप

### लोक नृत्य में जीनियस एकेडमी रहा प्रथम



**मझोला:** जीनियस एकेडमी में चल रहे दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन प्रशासनिक अधिकारी सुदर्शन गहतोड़ी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें जीनियस एकेडमी की खो–खो की टीम द्वितीय, कबड्डी की टीम जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान पर रही। दौड़ प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में जीनियस एकेडमी प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय अध्यक्ष सुखविंदर सिंह व परविंदर कौर ने प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीआरसी कोऑर्डिनेटर करुनेश कुमार सिंह, सीआरसी अरविंद गोस्वामी, लाज कौर, विद्यालय प्रशासक जशराज सिंह, गुरु अमृत सिंह, रामगोपाल व मनप्रीत कौर मौजूद रहे।

### गुरमुख सिंह देवहा बने अध्यक्ष



**मझोला, अमृत विचार:** गुरुद्वारा साहिब टांडा विजैसी में ग्रंथि सभा मझोला की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के आसपास के सभी ग्रंथियों ने हिस्सा लिया। बहुमत के साथ नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गुरमुख सिंह देवहा को अध्यक्ष, महल सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं बलराज सिंह, लखबीर सिंह, गंगा सिंह, निन्दर सिंह, गुरमीत सिंह सदस्य और मलकीत सिंह मझारा को कोषाध्यक्ष व गुरविंदर सिंह धनकुना को सचिव बनाया गया।

### भिकारीपुर में हुआ जागरुकता कार्यक्रम



**अमरिया, अमृत विचार:** सुचेतना संस्था आशादीप अमरिया के तहत करितास इंडिया के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन भिकारीपुर गांव में किया गया। समाज में शांति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य शबनम ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। कहा कि हमें किसी से भेदभाव व जातिवाद को लेकर किसी तरीके की बातों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखना चाहिए। शांति समिति के सदस्य अब्दुल रशीद अंसारी ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। विपिन जॉनसन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के महत्व के बारे में समझाया। बच्चों के द्वारा कार्यक्रम किए गए। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। करीब 290 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर सिस्टर मैगी, वीरेंद्र पाल, कृष्ण कुमार, रूबी, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के काम बताए और जुड़ने का किया आग्रह



**मझोला, अमृत विचार:** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर परिवार के साथ बैठक की। इस दौरान समस्त आचार्य और विद्यार्थियों से भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में सहभागिता करने का आग्रह किया। दोनों विद्यालयों के स्टाफ की संयुक्त बैठक से पूर्व विद्यार्थियों को कक्षाओं में जाकर जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने राष्ट्र हित में भाजपा की ओर से कराए जा रहे कार्य बताए। वैभवशाली और सशक्त भारत के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर सदस्यता लेने और अपने परिजनों तथा मित्रों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह और सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने जिला प्रतिनिधि का आभार जताया। इस मौके पर प्रवक्ता सुनील तिवारी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अंकित मिस्टर, झलक चुनी गईं मिस फ्रेशर



**पूरनपुर:** संजय गांधी स्कूल आफ नर्सिंग में फ्रेशर पार्टी हुई। शिवांगी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रियंका, अलका, अनुष्का और रीना ने एकल डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अंकित कुमार मिस्टर फ्रेशर और झलक शुक्ला को मिस फ्रेशर चुना गया। मिस चार्मिंग खुशप्रीत कौर रहीं। प्राचार्या राजवीर कौर ने नर्सिंग का महत्व बता बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशासनिक अधिकारी ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। सत्य प्रकाश शर्मा, संगम सिंह, नरेंद्र कौर, पलविंदर कौर, सुमन प्रीत कौर, जसप्रीत कौर, अकांक्षा पांडे आदि मौजूद रहीं।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा: बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में दो अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को कई स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर के दयानंद बाल विद्या मंदिर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गोला पब्लिक स्कूल में नगर पालिका परिषद द्वारा बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को खुद और अपने परिवार, आसपास के लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि जागरूकता से हम सबको जिम्मेदारी का एहसास करा सकते है। स्वच्छता ही हमें स्वस्थ्य रख सकती है। इस दौरान गोला पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बीए खान, दयानंद बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवधेश मिश्रा, पालिका के सफाई नायक जितेन्द्र कुमार, विशाल शुक्ला, विमलेश वर्मा मौजूद रहे।


गोला पब्लिक स्कूल में बच्चों को शपथ दिलाते शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

## कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने विलियनगंज में की सफाई



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कृषि महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने गांव में सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्त्व बताया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में विश्व स्वच्छता दिवस पर महाविद्यालय के कृषि प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. लोकेन्द्र सिंह के मार्ग दर्शन में विलियनगंज गावं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत ग्राम प्रधान अशोक वर्मा, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार और संदीप कनौजिया ने की।

## मिशन शक्ति: छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गुर



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** पब्लिक इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत कोतवाली प्रभारी रमेशचंद्र पांडेय के नेतृत्व में छात्राओं को आत्मरक्षा गुर बताए गए। साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नानक चौकी प्रभारी गौरव सिंह, महिला सब इंस्पेक्टर सर्वेश मौर्या, महिला आरक्षी रश्मि अग्निहोत्री, वंदना गंगवार, शुगम शर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। थोड़ी सी सजगता और जागरूकता से साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। इसके लिए 112, 1090 साइबर क्राइम के नंबर 1930 पर कॉल करके तुरंत पुलिस को सूचित करना होगा। सूचना देने के चंद मिनट में पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए बताए स्थान पर पहुंच जाएगी।

## रंजिश में युवक को पीटकर घायल किया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम झाऊपुर में रंजिशन एक युवक की पिटाई कर दी गई है। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर दी है। थानाक्षेत्र के ग्राम झाऊपुर निवासी श्यामसिंह ने बताया कि कि उनका खेत पन्नापुर मार्ग पर है, जहां उनके माता पिता रहते है। शाम सात बजे उनका पुत्र मिथुन अपने बाबा दादी को खाना देने जा रहा था। रास्ते में अंकुल जायसवाल की दुकान पर अंकुल और सुभाष निवासी पन्नापुर ने मिथुन को देखते ही जातिसूचक गालियां देने लगे, मना करने पर दोनों ने धारदार औजार से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। परिवार वालों को सूचना मिलने पर वह उसे हैदराबाद थाना ले गए, पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही पीड़ित का मेडिकल कराया है, जिससे परिवार वालों में रोष है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
**VACANCY/REQUIREMENT**

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY**
**STAFF REQUIRED**

**Administrative officer**
Qualification : MBA/MHA with computer knowledge (Exp. 2 Years)
**Warden**
Qualification: - Graduation Exp. 1 Year
**Accountant**
Qualification :- M.Com, B.com Exp. 1 Year
**Sr. Lab Technician (Blood Bank)**
Qualification:- BMLT /DMLT Exp. 3 Years
**Lab Technician**
Qualification:- BMLT /DMLT
**Computer Operators**
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
**Salesman (For Medical Stores)**
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
**Receptionist-2**
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
**PRO (For Field Work)**
Qualification: Graduation
**Salary No Bar for Deserving Candidates**
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# छह माह में उखड़ गई सड़क, एक कदम चलना कठिन

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव छेदुई पतिया में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क छह महीने में क्षतिग्रस्त हो गई। बाढ़ आने से मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। इसी तरह बाढ़ से अन्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। इससे लोगों का आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं।

● **पतिया मोती पुरवा का मार्ग कटा, 20 फिट गहरा बना कुंड**

छेदुई पतिया से सिसवारा-गदियाना तक तीन जगह मार्ग क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर छेदुई, भदुरैहिया गदियाना, खाले पुरवा, सिसवारा गदियाना, मुन्ना पुरवा, मोती पुरवा व बोटन पुरवा आदि गांवों के लोग गुजरते हैं। पतिया गांव से मोती पुरवा जाने वाला कच्चा मार्ग करीब 700 सौ मीटर का है। मोती पुरवा गांव के पास बीच रास्ते में बाढ़ के कटान से करीब 20 फिट रास्ता कट गया है। साथ ही यहां पर 20 फुट गहरा कुंड बन गया है, लोग जान जोखिम में डालकर आते-जाते हैं। घुमंतू जानवरो के लिए कुंड खतरा बना हुआ है। पतिया से छेदुई गांव तक जाने वाला मेन डामर रोड मोतीपुरवा गांव के पास व मुन्ना पुरवा के पास व सिसवारा गदियाना के पास, खाले पुरवा के पास व भदुरैहिया गदियाना के पास रास्ता क्षतिग्रस्त व कट गया है। स्कूली बसे व स्कूली छोटे वाहनों का आना जाना पूरी तरह से बंद है।


मोतीपुरवा मार्ग पर बना कुंड। ● अमृत विचार

# अधिकारियों को खूब दिए ज्ञापन ... निस्तरण की नहीं ली सुध


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **भाकियू की पंचायत में उठाए गए किसानों से जुड़े मुद्दे**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत मंडी समिति गेस्ट हाउस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन नेमचंद वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव रहे।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है। प्रदेश भर में छुट्टा पशु, जंगली जानवर आफत बने हुए हैं। जंगल से सटे इलाकों में बाघ की दस्तक नहीं रोकी जा सकी है। अधिक बारिश और तेज हवा चलने से फसलों को नुकसान हो रहा है। सर्वे कराकर नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए।

कहा कि छह अक्टूबर को लखनऊ में महापंचायत होनी है। जिसमें बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर जनपद के अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए।मगर अधिकारियों ने इसका निस्तारण करने की सुध नहीं ली। 27 सितंबर को बरेली कमिश्नरी पर महापंचायत होगी। 11 सूत्रीय मांगपत्र डीएम को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को दिया जाएगा। इस मौके पर स्वराज सिंह, नागेंद्र सिंह, प्यारेलाल वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, लालू मिश्रा, रंगीले खां, अशोक सक्सेना, घासीराम यादव, फूलमती, सावित्री देवी, चंपा देवी, मीरा देवी, वेलामती, चमेली देवी आदि मौजूद रहे।

## किसानों के संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाएगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के टांडा विजैसी गांव में जय किसान आंदोलन की दो दिवसीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। जिसका नेतृत्व योगेंद्र यादव ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अविक साहा मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान

जय किसान आंदोलन की नई राष्ट्रीय समिति का गठन किया गया। अविक साहा को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि कर्नल जयवीर सिंह (रिटायर) को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। गौरव चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव और मनीष भारती को राष्ट्रीय प्रवक्ता चुना गया। इसके साथ ही, निक्की पिलानिया, राजनेत यादव, राजीव यादव को भी राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया।



बैठक में यह भी तय किया गया कि जय किसान आंदोलन किसानों के संघर्ष के साथ-साथ उनके रचनात्मक क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। संगठन ने पांच प्रमुख राज्यों से आए प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ अपने अनुभव और सुझावों को साझा किया, जिससे आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा मिली। बैठक में केरल से राधा कृष्ण, राजस्थान से रमन यादव, दिल्ली से राजीव यादव, पश्चिम बंगाल से ननी रॉय, उत्तर प्रदेश से अशोक पवार, आत्म प्रकाश, संजय सिंह, उत्तर प्रदेश ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष डीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem® (BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## गायन में पूर्णिमा को मिला पहला स्थान



**पसगवां, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के तत्वावधान में आयोजित मंडल स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के गायन वर्ग में केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जंगबहादुरगंज की छात्रा पूर्णिमा मिश्रा ने पहला स्थान पाया। कॉलेज के संस्कृत प्रवक्ता डॉ सुभाष यादव ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहला और दूसरा स्थान पाने वाली प्रतिभाओं को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला था। लखनऊ में संस्कृत संस्थान के सभागार में आयोजित मंडल स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कॉलेज की 12वीं की छात्रा पूर्णिमा मिश्रा ने पहला स्थान पाकर कॉलेज और जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि संस्कृत वाचन में इसी कॉलेज की कक्षा छह की सौम्या गुप्ता को मंडल में तीसरा स्थान मिला है। उसने भी जिले और कालेज का मान बढ़ाया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने दोनों छात्राओं को बधाई दी है। पूर्णिमा अब राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## अचानक ट्रामा सेंटर पहुंचे सीएमओ



रजिस्टर चेक करते सीएमओ।

**लखीमपुर-खीरी, अमृत विचारः** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता शुक्रवार रात करीब आठ बजे अचानक ओयल स्थित ट्रामा सेंटर जा पहुंचे। इस दौरान आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. फैजल, स्टाफ नर्स हरजीत सिंह और स्टाफ नर्स हिना खान मौजूद मिले। उपस्थिति पंजिका देखने पर डॉ. आरएम गुप्ता का कोर्ट साक्ष्य के लिए जाना और डॉ. एचआर वर्मा का दिन में ड्यूटी पर होना बताया। ओपीडी रजिस्टर में 19 सितंबर को 62 और 20 सितंबर को 53 मरीज देखना पाया गया। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर नहीं बना मिला। इस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की और तत्काल ड्यूटी रोस्टर बनाकर चस्पा करने के निर्देश दिए। दवाओं की उपलब्धता के लिए ईडीएल की सूची देखी। सफाई व्यवस्था और प्रकाश के इंतजाम बेहतर न मिलने पर सात दिन में व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने, बेड पर बेडशीट नियमित तौर पर बदलने के निर्देश दिए।

## व्यापार मंडल ने 24 को बुलाई आम बैठक

**पलिया कलां।** नगर व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने पंफलेट जारी कर 24 सितंबर को एक आम बैठक बुलाई है, जिसमें कहा गया है कि बाढ़ व कटान की तबाही के बीच बकाया गन्ना मूल्य भुगतान न होने से किसानों की जेब खाली हो गई है। इससे बाजारों में सन्नाटा पसरा है। लोग अपने बच्चों की फीस तक नहीं जमा कर पा रहे हैं। इलाज की जरूरत पड़ने पर व्यापारी, किसान एवं आम आदमी महंगी ब्याज दर पर कर्ज ले काम चला रहा है। नगर व्यापार मंडल मिश्रा गुट के अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने बताया कि सभी से एक जुट होकर रणनीति तैयार करने के 24 सितंबर को सुबह 11:00 बजे स्थानीय माहौर वैश्य धर्मशाला में एकत्र होने की अपील की गई है।

## पंचायत सचिव पर लगाए गंभीर आरोप, शिकायत

**पलिया कलां।** गांव इटैया निवासी एक व्यक्ति ने सीडीओ को नोटरी शपथ पत्र देकर ग्राम पंचायत अतरिया व बड़ागांव में फर्जी मजदूरों के खातों में मजदूरी का रुपया भेजे जाने, बिना पीसीसी व रोड़ा-गिट्टी डाले इंटरलॉकिंग लगाकर अपने एक निजी कर्मचारी के रिश्तेदारों के नाम रुपये निकाले जाने का आरोप लगाते हुए पंचायत सचिव की शिकायत की है। साथ ही इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है। जिसमें बिना पीसीसी व रोड़ा- गिट्टी डाले लगाई गई इंटरलॉकिंग वाली सड़क को खोदते दिखाया गया है।

## करंट से युवक झुलसा

**गोला गोकर्णनाथ।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव जियनपुर निवासी अमरीश कुमार (24) पुत्र शालिकराम को घर में बिजली का तार जोड़ते समय करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए।

## एक नजर

### कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष का निधन



बरवर, अमृत विचार : कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी मोहल्ला जलीलनगर निवासी मुंशी अब्दुल जलील (80) का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मरणीय स्थान गोमती नदी के बरुआ घाट पर पुल बनने का सपना पूरा नहीं कर सके। नगर पंचायत चेयरमैन संजय शर्मा ने उनके निधन को बरवर की अपूरणीय क्षति बताया। पूर्व अध्यक्ष नसरीन बानो ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### स्कूल में शिक्षिका से की दो युवकों ने अभद्रता

मितौली, अमृत विचार : मितौली ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल चंदीपुर में पहुंचे दो युवकों ने शिक्षिका से अभद्रता की। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज की। इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव शनिवार को गांव में नवोदय विद्यालय के फार्म भरने को लेकर गये थे। इसी बीच दो युवक नशे की हालत में स्कूल में जा धमके और इंचार्ज प्रधानाध्यापक को गालियां देने लगे। वहां मौजूद शिक्षिका ने विरोध किया तो अभद्रता करने लगे। शिक्षिका की सूचना पर जब तक यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले आरोपी भाग निकले। गांव वालों का कहना है कि विद्यालय में बाउंड्री वॉल बनवाई जाये। ताकि बच्चे व अध्यापक शराबियों से सुरक्षित रहें।

### दुकान में घुसकर की तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

पसगवां, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम रामापुर पोस्ट पनई निवासी अर्जुन कुमार का बरखेरियाजाट में जनसेवा केंद्र ह। मकान मालिक के पुत्र अंकित व पत्नी निर्मला के मध्य पैसे के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। इस अंकित ने दुकान में घुसकर लैपटॉप व अन्य सामान तोड़ दिया। अर्जुन कुमार ने आरोपी अंकित कुमार के विरुद्ध तोड़फोड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# चिल्ड्रन वार्ड फुल, बेंच पर लिटाकर किया जा रहा इलाज

## जिला अस्पतालः बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने से चरमराई व्यवस्था, डॉक्टर बोले-बदलते मौसम का असर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ने से फुल हुआ जिला अस्पताल का चिल्ड्रन वार्ड। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बदलता मौसम बच्चों पर कहर बरपा रहा है। तेजी से बच्चे वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इससे जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। शनिवार दोपहर बच्चों की संख्या बढ़ने से चिल्ड्रन वार्ड फुल हो गया। इससे बच्चों को बेंच और जमीन पर लिटाकर इलाज किया है।

वायरल बुखार का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में आकर बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे सीएचसी पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल में बुखार मरीज बढ़ रहे हैं। शनिवार को बुखार पीड़ित बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ने पर चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चों की संख्या 37 तक पहुंच गई। इससे स्टाफ के सामने मरीजों को भर्ती करने की मुश्किल खड़ी हो गई। निर्धारित 30 बेड फुल हो जाने पर एक बेड पर दो-दो बच्चों को लिटाकर इलाज किया गया। इसके बाद आए मरीजों को बरामदे में बेंचों और जमीन पर लिटाकर इलाज करना पड़ा। जिला अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण बच्चे वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को काफी संख्या में बच्चों के आने से वार्ड फुल हो गया। इस पर कुछ बच्चों को बरामदे में बेंच डालकर इलाज करना पड़ा।

> चिल्ड्रन वार्ड 30 बेड का है। शनिवार को काफी बच्चे गंभीर हालत में आए। ऐसे में उनको भर्ती करने के लिए बरामदे में बेंच डलवानी पड़ी। जमीन पर कोई बच्चा भर्ती नहीं किया गया।
> – डॉ. आरके कोली, सीएमएस

### चिल्ड्रन वार्ड में बढ़ाए गए 10 बेड, फिर भी पड़ गए कम

जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में 20 बेड हैं। वहीं 10 बेड का आईसीयू वार्ड है। यानी चिल्ड्रन वार्ड में कुल 30 बेड हैं। मगर, मेडिकल कॉलेज में संबद्ध होने पर चिल्ड्रन वार्ड में दो बेड के बीच खाली जगह में एक-एक बेड डलवाकर इनकी संख्या 30 कर दी गई। मगर, शनिवार को अचानक बच्चों की संख्या बढ़ने से वार्ड में बेड कम पड़ गए। इस पर बरामदे में बेंच डालकर भर्ती किया गया।

# स्वास्थ्य टीम ने इस्लामनगर में लोगों का परीक्षण कर दवाएं दीं



इस्लामनगर में ग्रामीणों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचारः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद की टीम ने इस्लामनगर गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया ओर उन्हें दवाएं दीं।

इस्लामनगर की डिप्थीरिया से ग्रसित खुशनसीब (11) पुत्री जफरुद्दीन ने बताया कि वह पांच दिन से ओयल जिला अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार को मुस्तफाबाद पीएचसी से जुड़े इस्लामनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाया।

इस दौरान घर-घर जाकर बीपी, बुखार, जुकाम, खांसी की दवाएं दीं। टीकाकरण कार्ड देखने के बाद टीके भी लगाए गए। टीम में डॉ सचिन वर्मा, उर्मिला मिश्रा, शिवम, ज्ञान देवी, आशा अंशिका, शहनाज, सरिता वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## बांट माप वालों पर अवैध वसूली का आरोप, व्यापारियों ने किया हंगामा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** बांट माप विभाग पर शोषण का आरोप लगाकर व्यापारियों ने विरोध जताकर और जमकर हंगामा किया। उच्च अधिकारियों से शिकायत की है, जिसका सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हो गया। बांट माप विभाग द्वारा व्यापारियों के तौल कांटे पर मोहर लगाने के लिए शिविर लगाया। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, महामंत्री मुनेंद्रपाल सिंह अपने साथियों के साथ शिविर में पहुंचे और अधिक शुल्क वसूले जाने का विरोध किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारी का कहना है कि शासन द्वारा 400 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि शिविर में 900 से लेकर 1000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। इस कार्य में जो कर्मचारी लगाएं हैं वो विभाग के नहीं हैं। प्राइवेट लोगों को लगाया गया है, जो गलत है। इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राममोहन सोनी का कहना है कि मोहम्मदी के बांट माप निरीक्षक से वार्ता की तो उन्होंने अतिरिक्त शुल्क लिए जाने पर कुछ नहीं कहा। कहा जिसे दिक्कत है वह ऑफिस में आकर रसीद ले सकता है। व्यापारियों ने तय किया उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें: डीएम

संवाददाता, मोहम्मदी



शिकायतें सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मोहम्मदी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लोगों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई करें और निर्धारित समय के भीतर उनका निस्तारण कराएं।

डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले गरीब, जरूरतमंद तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय। उन्हें पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाय। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मोहम्मदी तहसील में कुल 66 शिकायतें आईं, जिनमें केवल का निस्तारण हो सका। इनमें राजस्व संबंधी 28, पुलिस संबंधी 15, विकास की छह, आपूर्ति की नौ, विद्युत की चार, बाल विकास पुष्टाहार की दो, बैंक और स्वास्थ्य विभाग संबंधी एक-एक शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, सीओ अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार प्रीति तिवारी आदि मौजूद रहे।

- मोहम्मदी तहसील परिसर में डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें
- 66 शिकायती पत्र आए, केवल आठ का निस्तारण

### पलिया में 19 शिकायतें पहुंचीं, तीन का निस्तारण

पलिया कलां। यहां एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 13, पुलिस की दो, विकास विभाग की एक व विद्युत विभाग से तीन शिकायतें आईं। इनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार आरती यादव, सीओ यादवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में केवल चार शिकायतों का हुआ निस्तारण



गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : यहां तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 34 शिकायतें पहुंचीं, जिनमें केवल चार का निस्तारण किया जा सका। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा की 17, पुलिस सात, खाद्य एवं रसद और ग्राम्य विकास की पांच, विद्युत विभाग तीन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एक शिकायत पहुंची। जिनमें राजस्व एवं आपदा विभाग की चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार सुखवीर सिंह, सीओ गवेंद्रपाल गौतम, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, नगर पालिका के ईओ सुरेंद्र कुमार सहित तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### चोरी के शक में सराफ को उठा ले गई नोएडा पुलिस

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नोएडा के सेक्टर 63 की पुलिस नगर में छापा मारकर चोरी के शक में एक सराफ को उठाकर ले गई है। इससे नगर के अन्य सराफा कारोबारियों में हड़कंप मचा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजा निवासी एक ग्रामीण कुछ दिनों पूर्व खुटार रोड पर एक सराफा की दुकान पर चार बार में जेवरात गिरवी रख गया था, जिसके पास रसीद भी मौजूद थी। वह नोएडा में एक मामले में पकड़ा गया। पुलिस उसे लेकर गोला पहुंची। फिर उस दुकान पर गई जहां जेवर गिरवी रखा था। कोई पूछताछ नही की, दुकान स्वामी के बेटे को उठा लिया। कोतवाली लाने के बाद उसे नोएडा पुलिस साथ ले गई है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसे तो व्यापार करना मुश्किल होगा।

### दो लोगों को लात घूसों से पीटा, एफआईआर दर्ज

पसगवां। ग्राम चकपिहानी निवासी घुरई अपने साथी गुड्डू के साथ पेशी करके मोहम्मदी से बाइक से घर लौट रहा था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे ग्राम पाण्डेयवारी पुल के पास गांव चकपिहानी के नूरहसन ने बाइक के हैंडल पर डंडा मार दिया। जिससे दोनों गिर पड़े। इसके बाद नूरहसन, कुंदन ,अतीक व एक अन्य ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घुरई ने नूरहसन, कुंदन, अतीक व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## घर के सामने बाघ देख घबराया ग्रामीण, लोगों में दहशत

**मितौली, अमृत विचारः** आंवला जंगल से सटे गांव डोकरपुर में घर के सामने बैठे बाघ देखकर ग्रामीण घबरा गया और दरवाजा बंद कर लिया। उधर, आंवला जंगल नरवा माइनर रपटा पुल पर बाघ को सड़क पार करते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। वन विभाग आंवला की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले घर से बाहर न जाने की अपील की है।

- आंवला जंगल में माइनर रपटा पुल पर भी देखा गया बाघ

आंवला जंगल से सटे गांवों में बाघ की लगातार मौजूदगी से ग्रामीण परेशान हैं। जंगल से निकले बाघ आबादी तक पहुंच रहे हैं। खेतों में शिकार के अवशेष देखे जा रहे हैं। शुक्रवार रात बाघ डोकरपुर गांव निवासी प्रकाश के घर के बाहर पहुंच गया। प्रकाश ने घर से बाहर जाने को दरवाजा खोला तो सामने बाघ को बैठा देखा, जिससे उनके होश उड़ गए। बाघ देखकर घबराए प्रकाश ने घर का दरवाजा बंद कर लिया।

वहीं, शनिवार शाम को नरवा माइनर रपटा पुल पर बाघ को रोड पार करते राहगीरों ने देखा, जिससे भागकर गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने वन विभाग आंवला को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ होने की पुष्टि की है। वहीं ग्रामीणों को सतर्क रहने के साथ देर शाम व सुबह खेतों पर न जाने की अपील की है।

## गन्ना पर्यवेक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन




गन्ना समिति में विरोध प्रदर्शन करते गन्ना पर्यवेक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति रामगढ़ सीतापुर में सट्टा प्रदर्शन मेले के दौरान दबंगों ने पर्यवेक्षकों से मारपीट की और अभिलेख नष्ट कर दिए। इसको लेकर यहां सरकारी गन्ना विकास समिति के पर्यवेक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि सीतापुर में 17 सितंबर को रामगढ़ की सहकारी गन्ना विकास समिति में मारपीट की घटना होने के बाद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं। उनका कहना कि दोषियों पर

करने के साथ कार्यालय में सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। अन्यथा गन्ना पर्यवेक्षक बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन में उमेश कुमार, सतेंद्र कुमार, दिनेश वर्मा, वीरेंद्र कुमार, लालचंद्र, रोहित, योगेंद्र कुमार सहित तमाम गन्ना पर्यवेक्षक रहे।

# बाघ की तलाशः थर्मल ड्रोन से हो रही कांबिंग

संवाददाता, बिलहरी



कांबिंग करते वनकर्मी।



मूड़ा अस्सी में कांबिंग करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महेशपुर रेज की आंवला और बिलहरी बीट के गांवों में तीन सप्ताह से बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत है। बाघ लगातार लोकेशन बदल रहा है। तीन हफ्ते से अधिक समय होने तक कामयाबी हासिल न होने से वन विभाग ने थर्मल ड्रोन का प्रयोग करने का फैसला लिया। कोलकाता से थर्मल ड्रोन किराए पर मंगाकर बाघ प्रभावित क्षेत्र में लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया है। प्रभागीय वनाधिकारी संजय विश्वाल के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी नरेशपाल सिंह, डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, सुरेंद्र पाल गौतम की अगुवाई में ट्रैंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दयाशंकर और डॉ. नितेश कटियार ने पांच किमी एरिया में थर्मल ड्रोन से कांबिंग की।

### थर्मल ड्रोन में हैं तीन तरह के कैमरे

थर्मल कैमरे में तीन तरह के कैमरा लगे होते हैं। पहला कैमरा व्वाइज कैमरा फैली एरिया को कैप्चर करता है। दूसरा जूम कैमरा है, जो छोटी से छोटी चीजों को स्पष्ट रूप से दिखायेगा। तीसरा थर्मल कैमरा है, जो किसी भी बॉडी की ऊष्मा से पहचान कर फुटेज भेजता है। वनाधिकारी ने ट्रैंकुलाइज टीम को कामयाबी न मिलने से कोलकाता से पिक्सरूट टेक्नि प्राइवेट लिमिटेड से थर्मल ड्रोन किराए पर मंगाया है। ड्रोन के साथ आए आपरेटर सोहन दत्ता ने बताया कि इस ड्रोन का प्रयोग बहराइच में खूंखार भेड़ियों के रेस्क्यू ऑपरेशन में लगभग एक महीने तक चलाया गया था। इससे पहले इस ड्रोन का उपयोग नानपारा और बलरामपुर में तेंदुए के रेस्क्यू में लगाया जा चुका है। डॉ. दयाशंकर ने बताया कि बाघ को ट्रैंकुलाइज करने के लिए बाघ को निश्चित दायरे में होना जरूरी होता है। गन्ने की फसल के चलते ट्रैंकुलाइज करना मुश्किल हो रहा है। मूड़ा अस्सी में कांबिंग के दौरान ट्रैंकुलाइज वैन, कांम्बिग ट्रैक्टर की मदद से वनरेंज के कर्मचारी ट्रैंकुलाइज टीम का सहयोग करते हैं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैनिक अभिलेखों में त्रूटिवश मेरी पत्नी का नाम PRITI SINGH व पुत्र का नाम SIDHARTHA CHAUHAN दर्ज हो गया है। उनका सही नाम PREETI SINGH व SIDDHARTH CHAUHAN है। राजीव कुमार सिंह चौहान ग्राम गरगय्या, पेंपल, बिसौली (बदायू)

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तालिब अली को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। रफीक शाह पुत्र गरीब शाह निवासी मैसपुर थाना सी.बी. गंज, बरेली। मो. 7456083272

सूचना
हमने अपने पुत्री अंशू शर्मा पत्नी मनीष व तनु शर्मा को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। हमारा वास्ता न होगा। किशन स्वरूप पुत्र रामदास, भगवती पत्नी किशन स्वरूप निवासीगण - आशुतोष सिटी, थाना -इज्जतनगर, तहसील व जिला बरेली ।

सूचना
मेरी एच0डी0एफ0सी0 लाइफ में चल रही पालिसी में JAGBIR SINGH नाम अंकित है। जबकि आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में JAGVEER SINGH नाम दर्ज हैं। दोनों मेरे ही नाम है। पालिसी सं0 16235269 में JAGVEER SINGH नाम अंकित किया जाये। जगवीर सिंह पुत्र जलविन्दर सिंह निवासी बसलीपुर, तहसील गोला गोकर्णनाथ जिला -खीरी।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0727507 के प्रमाण पत्र सह अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। शिवम सक्सेना पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार सक्सेना निवासी 86/7, बी.डी.ए. कालोनी, करगैना, परगना तहसील व जिला बरेली।

सूचना
मेरी पुत्री Anushika Singh ने वर्ष 2023-2024 में कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी परंतु विद्यालय के अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम Promila Devi व पति का नाम Jagdeesh Singh अंकित हो गया था जिसके आधार पर विद्यालय ने उक्त नाम से टी.सी. जारी कर दिया है। जबकि सही नाम Promila Singh व पति का सही नाम Jagdish Singh है। उक्त सही नाम संशोधित किये जायें। प्रोमिला सिंह पत्नी श्री जगदीश सिंह निवासी पकड़िया नौगवां, निकट शारदा हॉस्पिटल, जिला पीलीभीत

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# थाने व चौकी वालों की मुट्ठी गर्म कर दौड़ रहे डग्गामार वाहन

## वाहनों में लटकाकर ले जाई जाती हैं सवारियां, आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं, दुपहिया व ई-रिक्शा तक सिमटा वाहन चेकिंग अभियान

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचार:** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग भले अभियान चलाकर कार्रवाई का दावा कर रहा हो, लेकिन हकीकत इससे अलग है। हाईवे पर पड़ने वाले थाने और चौकी वालों की मुट्ठियां गर्म कर खुलेआम डग्गामार वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। वाहन चालक सवारियां लटकाकर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

जिले में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सर्वाधिक हादसे होते हैं। लखीमपुर से लेकर सिसैया चौराहा तक हाईवे पर आठ पुलिस चेक पोस्ट हैं। इन चेक पोस्टों पर पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। इसके अलावा सहायक संभागीय परिवहन विभाग के अफसर सुबह-शाम हाईवे पर वाहन चेकिंग करते नजर आते है।

यही नहीं पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा करता है। मगर ये अभियान सिर्फ दो पहिया वाहनों और ई-रिक्शा तक ही सीमित हैं। इस मार्ग पर लखीमपुर से बहराइच तक दौड़ने वाली मैजिक के चालक चौकियों और थानों की मुट्ठी गर्म कर फर्राटा वाहन दौड़ाते हैं।



बस्ती हाईवे पर मैजिक के पीछे पायदान पर खड़े होकर जाते यात्री। ● अमृत विचार



हाईवे किनारे खड़ीं ईंटें लदीं ट्रालियां। ● अमृत विचार



बस्ती हाईवे पर भूसे की तरह सवारियां भरकर जाती पिकअप। ● अमृत विचार

डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई लगातार की जा रही है। कई वाहन सीज भी किए जा चुके हैं। यदि कहीं पर कोई लापरवाही है तो इसकी जांच कराकर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

– पवन गौतम, एएसपी

### जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं लोग

जिला मुख्यालय से लेकर सिसैया तक बड़ी संख्या में सात सीटों वाली मैजिक में 20 से अधिक सवारियां बैठाई जाती हैं। इनमें पायदानों और खिड़कियों पर यात्रियों को बैठाया जाता है। 35 सीटर निजी बसों में 60 सवारियां बैठाकर बगैर परमिट कटौली, धौरहरा, सिसैया से लेकर लखनऊ तक रोजाना आती–जाती हैं। वाहन चेकिंग अभियान में लगे अफसरों को ये डग्गामार वाहन नजर नहीं देते हैं। जिम्मेदार सिर्फ बाइक व ई रिक्शा के चालान कर खानापूर्ति करते हैं।

### हाईवे के दोनों तरफ खड़ी होती हैं ट्रैक्टर-ट्रालियां

पीलीभीत–बस्ती हाईवे पर खमरिया के निकट दोनों तरफ ओवरलोड ईंट भरी ट्रैक्टर–ट्रालियां खड़ी की जाती हैं। इससे हाईवे पर हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। कस्बे के लोगों ने कई बार इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से शिकायत भी की, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### पलिया- भीरा मार्ग पर बसों का संचालन शुरू

**पलिया कलां, अमृत विचार।** पलिया–भीरा मार्ग पर पिछले कई दिनों से बंद बसों का संचालन शनिवार सुबह पांच बजे से शुरू हो गया। इससे लखीमपुर–लखनऊ, शाहजहांपुर– बरेली– दिल्ली सहित कई रूटों पर जाने वाले यात्रियों ने काफी राहत महसूस की। क्षेत्र में पिछले दिनों बाढ़ आ जाने से पलिया –भीरा एनएचए आई 731 मार्ग प्रेमनगर के पास काट गया था। इससे इस मार्ग पर वाहनों का संचालन कर दिया गया था। इससे लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर सहित गोला, शाहजहांपुर, बरेली, दिल्ली, मथुरा एवं पंजाब आदि को जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतें हो रही थं। उन्हें किराया अधिक खर्च करने साथ ही समय अधिक गंवाना पड़ता था। सड़क पर पानी कम होने के बाद कटी सड़क पर निर्माण कार्य किया गया। इसके बाद दोपहिया, तिपहिया व हल्के चौपहिया वाहनों का आवागमन तो शुरू हो गया था, किंतु बसों का संचालन बंद था। पलिया बस यूनियन ने सड़क पर चल रहे बाढ़ के पानी के और कम होने तथा प्रेम नगर पुलिया के पास कटे मार्ग की मरम्मत के बाद शनिवार सुबह पांच बजे से बसों का संचालन शुरू कर दिया है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

## सार-संक्षेप

### रैली निकालकर डेंगू-मलेरिया के प्रति किया जागरुक





**अलीगंज।** कस्बे के दुन्नी देवी गयादीन स्मारक विद्यालय के बच्चों ने डेंगू और मलेरिया को देखते हुए रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। छात्रों ने क्षेत्र में स्वच्छता एवं डेंगू मलेरिया से सावधान रहने के लिए रैली निकाली, जिसमें कारण, उपाय एवं बचाव आदि के बारे में प्रेरित किया गया। रैली में विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना मिश्रा, शिक्षक जितेंद्र वर्मा, रमेश कुमार, रोहित कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार शुक्ला, विजय विश्वकर्मा एवं स्कूल के बच्चे शामिल रहे।

### कर्मचारियों पर राशन किट बेचने का आरोप



**लखीमपुर खीरी।** राहत सामग्री का वितरण करने वाले कर्मचारियों पर राशन किट बेचने आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारी उनसे दो सौ से लेकर पांच सौ रुपये तक वसूल रहे हैं, जो रुपये नहीं देता है उसे राशन किट नहीं दी जाती है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो ग्राम सधुआपुर का बताया जा रहा है। थाना ईसानगर क्षेत्र शारदा नदी की बाढ़ से प्रभावित है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में ग्रामीण दिख रहे हैं, जिनका कहना है कि उन्हें राशन किट नहीं दी जा रही है। वितरण में लगे कर्मचारी रुपये मांग रहे हैं। रुपये न देने पर उनकी राशन किट को पांच सौ रुपये में खुलेआम बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं 150 रुपये लेकर तिरपाल बांटा जा रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन में खलबली मच गई है। एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। यदि आरोप सही मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़े से उठ रही बदबू, कीचड़ से भरी नालियां

**भीरा, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत होने के बाद भी भीरा के मोहल्ले में लगे कूड़े के ढेर और गंदगी से भरी नालियां स्वच्छता की पोल खोल रही हैं। नालियों से उठने वाली दुर्गंध से नगरवासी परेशान हैं। इससे संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है। वार्ड नंबर 14 में बाजार से महाराजा अग्रसेन धर्मशाला व प्राचीन शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर लगा कूड़े का ढेर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पूजा–अर्चना करने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी के निकास की बनी नालियों की साफ–सफाई नियमित न होने से जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे हैं। मुख्य चौराहे से मैलानी मार्ग पर नाला चोक होने से नालियों का पानी नहीं निकल पाता है। नालियां ओवरफ्लो होने से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। मां कल्याणी मंदिर वार्ड की आबादी में जलभराव के चलते नागरिक काफी परेशान हैं। पलिया हाईवे किनारे मोतीलाल कोटेदार के घर के सामने से सहकारी समिति जाने वाले मार्ग किनारे लगे गोबर ढेर से लोग परेशान हैं। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जल्द ही पूरे नगर का निरीक्षण किया जाएगा।

# थारुओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा से सटे थारू ग्राम बिरिया के बड़ी संख्या में लोग शनिवार को तहसील पलिया पहुंचे और छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पड़ोसी गांव ढखिया व इधर-उधर के गांवों के ग्रामीणों ने अपने पशुओं को छुट्टा छोड़ दिया है। ये पशु बिरिया गांव में बड़ी संख्या में पहुंचकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। यदि इन पर तत्काल अंकुश न लगाया गया तो गांव के सारे किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। ग्रामीणों ने एसडीएम के सामने नेत्रहीन किसान झब्बू को पेश किया। कहा कि झब्बू किसान की सारी फसल पशुओं ने खाकर बर्बाद कर दी है। किसानों ने एसडीएम से इस समस्या को गंभीरता से लेकर हल कराए जाने की मांग की। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने खंड विकास अधिकारी पलिया के एडीओ पंचायत को बुलाकर नई गोशाला बनाने और उसमें छुट्टा पशुओं को रखने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में बिरिया ग्राम प्रधान शेर सिंह राना, कल्लू राना, रामबहादुर राना, नन्हें, रमेश राना, छोटे लाल, वंदना देवी, वंतरा, असनी, सरोज, कटोरी लोग शामिल रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते थारू ग्राम बिरिया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **एसडीएम ने एडीओ पंचायत को नई गोशाला बनाने के दिए निर्देश**

### लोगों को धमकाकर अवैध वसूली कर रहे दो सिपाही, थाना प्रभारी को पता नहीं

**गोला गोकर्णनाथ।** हैदराबाद थाने के दो सिपाही लोगों को जेल भेजने का डर दिखाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। खास बात यह है कि सिपाहियों की इस करतूत की जानकारी थानेदार को नहीं है। सिपाहियों की दबंगई से लोग परेशान हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर निवासी मनोज का कहना है कि दो सिपाही मुकदमे में फंसाने का डर दिखाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। मनोज कुमार के मुताबिक वह सब्जी बेचकर अपना और परिवार का गुजारा कर रहा है। हैदराबाद में तैनात दो सिपाही उसे कच्ची शराब में जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। उसका कहना है कि वह सब्जी बेचकर अपने घर पहुंचा। तभी शाम को दोनों सिपाही उसके घर पहुंच गए और कहा कि तुम शराब बनाते हो। उसकी बाइक और जेब में रखे 1000 रुपये निकालकर थाने ले गए। मनोज का कहना है कि थाने जाने के बाद शाम को सिपाहियों ने 1350 रुपए लेकर बाइक लौटा दी। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि अवैध वसूली का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, अगर कोई शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी।

# गन्ना सर्वे और सट्टा सुधार का अंतिम मौका आज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले में सुधार का अंतिम अवसर रविवार तक दिया जाएगा।

किसान मेले में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति के सचिव बलवंत चौधरी तथा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने काउंटरों पर जाकर किसानों की समस्याएं सुनी। उनका समाधान कराया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि जिन किसानों की कृषि योग्य भूमि कम है। वह खतौनी जमा कर दें। साथ ही गन्ना प्रजाति, पेड़ी पौधा इत्यादि की अपने सर्किल काउंटर पर पहुंच कर जानकारी कर लें। सचिव गन्ना समिति बलवन्त चौधरी ने कहा कि जिन किसानों का बैंक खाता, मोबाइल नम्बर है वे खुलवा लें।

### किसानों को बाघ से बचाने के खोजे जाएं उपाय

**गोला गोकर्णनाथ।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें गन्ना समिति के संचालक मंडल का चुनाव कराए जाने और सड़कों के किनारे लगाए गए खर फूस को कटाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सहकारी गन्ना विकास समिति के संचालक मंडल के चुनाव में जनप्रतिनिधि चुनाव न कराकर अपने चहेतों को सदस्य बनाने रणनीति बनाई जा रही है। यह सरासर गलत है, चुनाव होना जरूरी है।

## एआरटीओ कार्यालय परिसर में खड़े ट्रक के तीन पहिया गायब

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सिलिव लाइन निवासी संगीता तिवारी ने बताया कि 26 दिसंबर उनका ट्रक सीज हो गया था। तब से ट्रक एआरटीओ कार्यालय परिसर में खड़ा था। संगीता के अनुसार 20 जनवरी को उन्हें न्यायालय से रिलीज आर्डर मिल गया। वह कोर्ट का आर्डर लेकर एआरटीो कार्यालय गई तो वहां तैनात बाबू अशोक वर्मा ने बताया कि साहब छुट्टी पर हैं। वह दोबारा गईं तो ट्रक के तीन पहिया, बैट्रा, अल्टीनेटर व जैक गायब था। इसकी शिकायत करने पर एआरटीओ बोले- मैंने वाहन की सुरक्षा का ठेका नहीं ले रखा है। संगीता ने ट्रक लेने से मना किया तो एआरटीओ भड़क गए। अब पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कृषक समाज इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का समापन हो गया। इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

तीसरे दिवस के प्रथम सत्र में कॉलेज प्रबंधक रविप्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष नारायणलाल वर्मा की उपस्थिति में 1500 मीटर दौड़, बाधा दौड़ और डिस्कस थ्रो प्रतियोगिताएं हुईं। द्वितीय सत्र में तीनों वर्गों में हुईं प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि एवं प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्र, प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने सम्मानित किया। सब जूनियर वर्ग के चैंपियन मुनेंद्र, समर अली और सृष्टि वर्मा, जूनियर वर्ग के चैंपियन पलक, शीतल, सोमिल कनौजिया, मोनू राज तथा सीनियर वर्ग के चैंपियन शिवांशी, विशाल वर्मा और जीवेश सिंह को चैंपियनशिप का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा अधिकारी श्याम मूर्ति शुक्ला ने बताया कि विजेता विद्यार्थी तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन में लखपत भारती, डॉ अनिल कुमार, रामनरेश, अशोक कुमार वर्मा, ओमप्रकाश यादव, देवेन्द्र सिंह, सरोज कुमार वर्मा, रागिनी, मनीषा भारती, सुमित यादव का विशेष योगदान रहा। लेखन कार्य में मनीष राज सिंह, अमरीश कुमार, सौरभ वर्मा मौजूद रहे। संचालन आशीष पांडे ने किया।



कृषक समाज कॉलेज में पुरस्कृत प्रतिभागी। ● अमृत विचार



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पता :– ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांक :– 1319/ग्रा0अ0वि0/निविदा–पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2024–25 दिनांक :– 18.09.2024–

:: निविदा सूचना ::–

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण :–

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | बन्नूवाल नगर में श्री खेम सिंह घर के पास श्रीमती रचना के घर होते हुये श्री रिंकू के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 7.764 | 15600.00 | 766.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | नहर रोड शंकर नगर में श्री दिनेश भट्ट के घर से त्रिलाक नेगी के घर/मुख्य मार्ग तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 2.275 | 4600.00 | 559.00 | 03 माह |
| 03 | बरेली | मुंशीनगर में श्री मुरारी लाल के घर से श्री विजयपाल के घर/ मुख्य रोड तक सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 6.346 | 12700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 04 | बरेली | मो0 वैभव नगर में श्री संजीव के घर से श्री प्रमोद पटेल एवं लिंक राम भरोसे के घर तक सी0सी0/यू टाइप व कुछ भाग में के0सी0 नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 5.328 | 10700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 05 | बरेली | मो0 न्यू शाक्निगर में श्री हेमन्त के घर से मुख्य रोड की तरफ सी0सी0 निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 8.596 | 17200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 06 | बरेली | आशीष रॉयल पार्क में मन्दिर के पास से डी0एच0ओ0 डा0 पुनीत पाठक के घर की तरफ सी0सी0 व के0सी0 नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 8.350 | 16800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 07 | बरेली | पी0सी0 आजाद इन्टर कॉलेज के बाहर साईकिल स्टैण्ड में इण्टरलॉकिंग टाइल्स व कुछ भाग में शैड का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 5.804 | 11700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 08 | बरेली | कूर्मान्चल नगर में श्री नरेन्द्र सिंह के घर से गेट नं0–02 तक सी0सी0 निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 9.996 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 09 | बरेली | कूर्मान्चल नगर में श्री पीताम्बर दत्त जोशी के घर से श्री खडकवाल के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 4.800 | 9700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | आशुतोष सिटी सृजन स्टेट में श्री नवीन टमटा के घर से श्री उमाकान्त के घर तक सी0सी0 व दोनो तरफ नाली एवं अतिरिक्त टमटा के धर से ज्ञानेन्द्र गंगवार के घर तक नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 3.270 | 6600.00 | 677.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | परवाना नगर में सोनी के मकान से सुभाष चन्द्र यादव के घर तक सी0सी0 व एक तरफ के0सी0 नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 2.288 | 4600.00 | 589.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | परवाना नगर में बन्टु प्रधान पंत जी के घर से मुख्य मार्ग की पुलिया तक सी0सी0 निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 3.202 | 6500.00 | 677.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | पीलीभीत बाईपास मुख्य रोड से महाकलेश्वर नाथ मन्दिर तक सी0सी निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 2.258 | 4600.00 | 559.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | मो0 चन्द्रपुरी में स्व0 श्री अशोक मम्मा के घर से श्री नवीन कुमार के घर होते हुए श्री पप्पू परचून दुकान वाली के घर होते हुए सचिन पानी वाले के घर तक इन्टरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 5.604 | 11300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | सूर्य इन्क्लेव में एल0 शेप पार्क की 01 मीटर ऊंची बाउण्ड्रीवाल एवं दो रिवाल्विंग गेट का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 4.545 | 9100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | मो0 मठ लक्ष्मीपुर में बाग व मन्दिर की ओर जाने वाले रास्ते के निकट एक शौचालय का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 3.708 | 7500.00 | 677.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | मो0 ग्रेटर आकाश में पार्क में एक शौचालय का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 1.967 | 4000.00 | 589.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | मो0 श्रीनगर कालौनी में जोगी नवादा मुख्य मार्ग से श्री भजन लाल प्रजापति के घर तक सी0सी0 व के0सी0 नाल निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 5.546 | 11100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 19 | बरेली | मो0 श्रीनगर कालौनी में बबलू यादव के घर से राममूर्ति लाल के घर तक सी0सी0 व नाली का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 6.265 | 12600.00 | 766.00 | 03 माह |
| 20 | बरेली | मो0 स्वतन्त्रता संग्राम कॉलोनी में यूनिक सर्वोदय स्कूल के पास से श्रीपाल के घर तक सी0सी0 व के0सी0 नाली का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 8.716 | 17500.00 | 766.00 | 03 माह |
| 21 | बरेली | मो0 स्वतन्त्रता संग्राम कॉलोनी में सुधीर उपाध्याय के घर से देव प्रकाश पाण्डेय के घर के पास तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 8.097 | 16200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 22 | बरेली | शिवपुरी कालौनी मौला नगर में एक सरसेबिल पम्प का कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 1.045 | 2100.00 | 589.00 | 03 माह |
| 23 | बरेली | चाणक्यपुरी कालौनी में पार्क में एक समरसेबिल पम्प का कार्य। (विधायक निधि–नगर क्षेत्र) | 1.045 | 2100.00 | 589.00 | 03 माह |
| 24 | बरेली | ग्राम पट्टी बिहारीपुर में श्री छत्रपाल के घर से आरिफ भाई के सामने व अशरफ ठेकेदार के घर के सामने श्री रामनिवास के घर तक व अनवार के नुक्कड़ से जाहिद हुसैन के घर के सामने विक्की के घर तक सी0सी0 कार्य। (विधायक निधि–भोजीपुरा) | 8.845 | 17700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 25 | बरेली | विकास खण्ड–बहेड़ी के ग्राम मोहम्मदपुर पुरानी बल्ली नहर की पटरी से बांध स्थल तक मिट्टी/खण्डन्जा मार्ग का निर्माण। (एम0एल0सी0–बहेड़ी) | 9.510 | 19100.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि: दिनांक 24.10.2024 से 26.10.2024 तक (पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 28.10.2024 को मध्याहन 12.00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 28.10.2024 अपरान्ह 12.30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UP – 219720 दिनांक 20.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, पूरनपुर

संख्या–1944/र0का0–24 दिनांक–सितम्बर 17, 2024

विषय– मत्स्य पालन पट्टों के आवंटन हेतु शिविर का आयोजन।

मत्स्य पालन तालाब नीलामी विज्ञप्ति

मा0 उच्च न्यायालय इलाहबाद द्वारा रिट याचिका संख्या 54161/2003 इन्द्रपाल बनाम सरकार उ0 प्र0 में अन्य में पारित आदेश दिनांक 14.05.2009 व सिविल याचिका संख्या 18836/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 16.04.2012 के अनुपालन में तहसील पूरनपुर में मत्स्य पालन हेतु निम्नवत तालाबो का आवंटन नीलामी पद्वति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया है। शासनादेश संख्या 3735/1–2–95 रा–2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुक्रम में मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्वति से तालाबो का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। मा0 राजस्व परिषद के पत्र सं0 आ0जी0–211/जी–5–23 आर (रिट) 2011 दिनांक 16.07.2013 के अर्न्तगत तालाबो की सूचना नियत प्रारूप पर नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है, जो निम्नवत है–

**नीलामी का स्थान**–तहसील सभागार पूरनपुर। **नीलामी की तिथि**–07.10.2024
**नीलामी का समय**– 12–00 बजे **नीलामी अधिकारी**– तहसीलदार पूरनपुर।

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम जहॉ तालाब स्थित है | गाटा संख्या | रकवा हे0 में | बोली बोलने के लिये जमानत राशि (आरक्षित) बोली धनराशि का 10 प्रतिशत | नीलामी हेतु नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवन्तपुर ज0 कुलवागाढा | 68 | 0.283 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 2 | सिमरिया ता0 महाराजपुर | 339 | 0.510 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 3 | कबीरपुर कसगंजा | 33 | 0.478 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 4 | सिरसा | 320 | 0.571 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 5 | सिरसा | 11 | 0.405 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 6 | गजरौला खास | 766 | 0.486 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 7 | गुलडहा | 131 | 0.401 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 8 | रूरिया सलेमपुर | 86 | 0.206 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 9 | घुघचिहाई | 619 | 0.223 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 10 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 41 | 0.227 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 11 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 155 | 0.295 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 12 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 156 | 0.295 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 13 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 231 | 0.263 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 14 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 264 | 0.300 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 15 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 282 | 1.299 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 16 | बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर | 312 | 0.482 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 17 | मुरलीखेडा | 144 | 0.336 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 18 | मुरलीखेडा | 588 | 2.202 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 19 | जटपुरा | 285 | 1.202 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 20 | जटपुंरा | 308 | 1.092 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 21 | कनपारा | 59 | 0.680 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 22 | कढैया | 182 | 0.498 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 23 | बढेपुरा ता0 घुघचिहाई | 264 | 0.326 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 24 | घुंघचिहाई | 456 | 0.502 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 25 | चांटफिरोजपुर | 420 | 0.223 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 26 | मटैना ता0 घुघचिहाई | 45 | 0.555 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 27 | पटिहन | 144च | 1.783 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 28 | सुल्तानपुर | 1995 | 0.458 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 29 | सुल्तानपुर | 1401 | 0.344 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 30 | सुल्तानपुर | 706<br>702 | 0.235<br>0.049 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 31 | सुल्तानपुर | 285<br>336 | 0.174<br>0.113 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 32 | सुल्तानपुर | 256क | 0.571 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 33 | सुल्तानपुर | 103 | 0.352 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 34 | सुल्तानपुर | 63<br>64 | 0.076<br>0.475 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 35 | सुआबोझ | 204 | 0.271 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 36 | पूरनपुर देहात | 1117<br>1099मि0<br>1099मि0<br>कुल<br>03किता | 0.198<br>0.089<br>0.244<br>रकवा<br>0.531 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 37 | किशनपुर हरीपुर | 831 | 1.380 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 38 | किशनपुर हरीपुर | 833 | 0.962 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 39 | चतीपुर | 21/1 | 7.784 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 40 | नौगवां मु0 मोहम्मदपुर | 59 | 0.332 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 41 | वंजरिया | 178 | 0.676 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 42 | वंजरिया | 255 | 0.458 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 43 | वंजरिया | 283 | 0.210 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 44 | कीरतपुर उर्फ जैनपुर | 81 | 0.352 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 45 | कीरतपुर उर्फ जैनपुर | 160 | 0.223 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 46 | कीरतपुर उर्फ जैनपुर | 169 | 0.295 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 47 | कीरतपुर उर्फ जैनपुर | 246 | 0.344 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 48 | कीरतपुर उर्फ जैनपुर | 350 | 0.275 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 49 | जयरामपुर | 26 | 0.417 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 50 | कबीरगंज | 38 | 0.809 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 51 | कबीरगंज | 40 | 33.326 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 52 | कबीरगंज | 44क | 4.424 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 53 | दुर्जनपुर कलां | 396 | 0.275 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 54 | दुर्जनपुर कलां | 767मि0 | 0.955 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 55 | मनहरिया | 180 | 0.432 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 56 | पिपरिया दुलई | 247 | 1.542 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 57 | पूरनपुर देहात | 446 | 0.239 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 58 | पूरनपुर देहात | 775 | 0.316 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 59 | घुघचिहाई | 283 | 0.931 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 60 | लोधीपुर | 239 | 0.360 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 61 | मुरादपुर | 244 | 0.283 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 62 | गोरा | 243 | 0.733 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 63 | मुरादपुर | 545 | 0.445 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 64 | जगन्नाथपुर | 4ख | 0.543 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 65 | माती माफी | 418 | 0.373 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 66 | सबलपुर खास | 268 | 0.214 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 67 | सबलपुर खास | 282 | 0.304 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 68 | सबलपुर खास | 377 | 0.235 | 3000.00 | 07.10.2024 |
| 69 | शेरपुर कलां | 421 | 0.223 | 3000.00 | 07.10.2024 |

UP – 219670 दिनांक 20.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

उपजिलाधिकारी
पूरनपुर।

# शाहजहांपुर-बीसलपुर फोरलेन में भी घोटाला

## एनएचएआई के कुछ कर्मचारियों से साठगांठ कर 75 करोड़ का किया खेल

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** बरेली-सितारगंज फोरलेन निर्माण के लिए भूमि खरीद में करीब 80 करोड़ का घोटाला करने वालों ने शाहजहांपुर-बीसलपुर फोरलेन के चौड़ीकरण में भी घोटाले का षडयंत्र रचा है। सितारगंज हाईवे में भूमि खरीदने वालों में से कुछ सौदागरों ने इस हाईवे के किनारे किसानों से भूमि खरीदकर कंस्ट्रक्शन कराया। इसके बाद एनएचएआई के कर्मचारियों से साठगांठ कर भूखंड का मूल्यांकन कराकर घोटाले की रणनीति बनाई। अलीगंज, लखनऊ, बहराइच, ऊधम सिंह नगर, बरेली आदि जिलों के सौदागरों के करीब 75 करोड़ रुपये घोटाला करने की साजिश रचने की सबूतों के साथ शिकायत विनय कुमार संयुक्त सचिव (भूमि अधिग्रहण) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से की गई है।

बहेड़ी तहसील के मलपुर पचपेड़ी निवासी नागेंद्र सिंह ने किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग करते हुए भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नागेंद्र सिंह ने शिकायत में कहा है कि शाहजहांपुर-बीसलपुर खंड में करीब 47 किलोमीटर में राष्ट्रीय राजमार्ग-731के के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए कई गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसमें से कुछ स्थान पर चौड़ीकरण और कुछ बाईपास के निर्माण के लिए भूमि को अधिग्रहीत किया जा रहा है। अधिकारियों और आंतरिक कर्मचारियों की साठगांठ से कई जिलों के सौदागरों ने अधिग्रहण से प्रभावित भूमि की आंतरिक जानकारी हासिल कर भूमि को न्यूनतम दामों में किसानों से खरीदा और अधिक मुआवजा पाने के लिए अस्थायी निर्माण किया है, जिससे सरकार को कुल 75 करोड़ की रकम की चपत लगाकर बंदरबांट कर सके। नागेंद्र ने शिकायत में जिन लोगों ने किसानों से भूमि खरीदी है, उनके नाम पते सहित कितनी भूमि खरीदी और कितना मुआवजा लेने के लिए प्रयासरत हैं, इसकी भी डिटेल भेजी है।

### इन्हें भेजी गई है शिकायत

पांच पेज की शिकायत करने से पहले नागेंद्र ने पूरे सबूत जुटाए। इसके बाद 17 सितंबर को संयुक्त सचिव (भूमि अधिग्रहण) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, एनएचएआई के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अधिकारी एनएचएआई, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी बरेली और पीलीभीत को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है।

### दिसंबर 2023 में धारा 3 ए के प्रकाशन से पहले ही खरीद ली गई थी भूमि

शिकायत में बताया है कि भूमि अधिग्रहण की आंतरिक जानकारी लीक होने और अपने लिंक के कारण सौदागरों ने प्रभावित भूमि पर आसानी से अपना खेल शुरू किया था। धारा- 3 ए के दो से तीन महीने पहले ही भूमि खरीदने के बाद अस्थायी निर्माण करा लिए थे। धारा 3 ए का प्रकाशन 12 दिसंबर 2023 को हुआ, जबकि धारा 3 डी का प्रकाशन 16 मार्च 2024 को किया गया। सरकार को चूना लगाने और सरकारी धन को अवैध रूप से हड़पने के उद्देश्य से शातिर तरीके से जानबूझकर संरचनाओं का निर्माण धारा 3 ए तक और उसके बाद भी चालू रहा है। शिकायत में जिन लोगों के नाम खोले गए हैं, उनमें से अधिकांश ने बरेली और पीलीभीत में सेंधमारी करके एनएच परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में खेल किया है।

## इन शहरों के रहने वालों ने खरीदी है भूमि

**बरेली।** नागेंद्र सिंह ने शिकायत में बताया है कि ग्यासपुर गांव में अलीगंज, लखनऊ और बहराइच के दंपति समेत चार लोगों ने सितंबर 2023 में 0.6960 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि खरीदी। इनकी 0.5200 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हुई और 28 करोड़ रुपये का मूल्यांकन है। ग्यासपुर गांव में ही बहराइच, बरेली के तीन लोगों ने सितंबर और अक्टूबर 2023 में 0.3200 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। करीब 0.2650 भूमि अधिग्रहीत हुई और 12 करोड़ का मूल्यांकन है। महावा गांव में बरेली के एक व्यक्ति ने सितंबर 2023 में 0.2180 से ज्यादा भूमि खरीदी थी। 0.0857 हेक्टेयर अधिग्रहीत हुई और छह करोड़ मूल्यांकन हुआ है। इसी गांव में बरेली के दो लोगों ने सितंबर 2023 में 0.1700 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। भूमि अधिग्रहीत हुई और 12 करोड़ मूल्यांकन है। महावा गांव में रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड), सितारगंज, बरेली, बड़गवां और बहराइच के पांच लोगों ने 0.3080 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। इस भूमि की अक्टूबर 2023 में अलग-अलग तारीखों में रजिस्ट्री कराई गई थी। करीब 0.2500 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हुई और आठ करोड़ का मूल्यांकन है। इसी गांव में ही बरेली के शहामतगंज क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने अगस्त, 2023 में 0.0490 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। भूमि अधिग्रहीत हुई और तीन करोड़ का मूल्यांकन है। खनका उचसिया गांव में रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर के रहने वाले व्यक्ति ने नवंबर 2023 में 0.1460 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। जिसमें से 0.0364 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हुई और दो करोड़ का मूल्यांकन हुआ। इसी गांव में मीरगंज, बहेड़ी और सीबीगंज क्षेत्र के रहने वाले तीन लोगों ने अक्टूबर 2023 में 0.2590 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। 0.0706 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत हुई और करीब तीन करोड़ का मूल्यांकन है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# बीए में प्रवेश के दौरान रहीं अव्यवस्थाएं, धूप में खड़े हुए छात्र-छात्राएं

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में शनिवार को स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए फार्म जमा करने आए विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्मी की वजह से क्रीड़ा विभाग में लाइन में लगी एक छात्रा बेहोश हो गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। वहीं वाणिज्य विभाग में सछास कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया रोक दी गई। अब 23 सितंबर से कार्यालय से विद्यार्थियों को प्रवेश फार्म मिलेंगे।

# मुरादाबाद में हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी क्रूजर कार, नौ मजदूर जख्मी

- पाकबड़ा के नानकबाड़ी में हुआ हादसा, कार में सवार में 17 मजदूर
- लखीमपुर खीरी से हरियाणा मजदूरी करने जा रहे थे कार सवार लोग

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को तड़के क्रूजर कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। कार में लखीमपुर से हरियाणा मजदूरी करने जा रहे 17 मजदूर सवार थे। हादसे में नौ लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहन जब्त कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली- लखनऊ हाईवे पर शनिवार तड़के पांच बजे नानकबाड़ी में क्रूजर कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार से लोगों को निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कार सवार नौ लोग जख्मी हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। हादसे में घायल कार चालक लखीमपुर जिले के भीरा थाना क्षेत्र के वीरा खेड़ा निवासी राजू पुत्र राम भरोसे ने बताया है कि कलां बिजुआ और मोहन पुरवा गांव के सभी 17 लोग क्रूजर कार में सवार होकर शुक्रवार शाम को हरियाणा के नारनौल के लिए निकले थे। सभी मजदूर हरियाणा में फसल की कटाई के लिए मजदूरी करने जा रहे थे। हाईवे पर हादसा हो गया। थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह ने बताया है कि घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मामले में शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आजम खान सपा की बदौलत जेल में:राजभर

**बरेली, अमृत विचार :** पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को हजियापुर में निर्माणाधीन यूनानी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजम खान आज जेल में हैं, इसके लिए सपा जिम्मेदार है, क्योंकि नियम-कानून के दायरे में काम होता तो ऐसा नहीं होता। बोले-आरक्षण को लेकर राहुल गांधी कहते समाप्त कर देंगे तो अखिलेश कहते हैं आरक्षण रहेगा। उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सपा को एनकाउंटर केवल मंगेश यादव का याद आ रहा है। जबकि सही बात यह है कि अन्य जाति के बदमाश अधिक संख्या में मारे गए हैं। सपा मुस्लिमों के पास वोट के लिए बोरा लेकर जाती है, जब सत्ता में आती है तो झोला थमा देती है। कहा कि हमने मदरसों की जांच करनी शुरू की तो पांच सौ से अधिक मदरसों की मान्यता समाप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दे दिए गए। मदरसों के नाम पर घर बैठे वेतन लेने का काम किया जाता था। आने वाले समय में इसके लिए नया माध्यमिक बोर्ड बनाया जाएगा। भाजपा सरकार में 51 मुस्लिम आईएएस बने हैं। सत्ता में आने पर अखिलेश को केवल एक जाति याद रहती है।

# नौशाद और अमान को बाहर से फंडिंग की आशंका, हो रही जांच

**बरेली, अमृत विचार :** धर्म और नाम छिपाकर युवतियों और महिलाओं को अपने जाल में फंसाने और नग्न वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गांव परतापुर चौधरी के नौशाद और अमान के बैंक खातों की डिटेल पुलिस निकलवा रही है। पुलिस को आशंका है कि दोनों को कहीं बाहर से फंडिंग की जा रही थी। पुलिस दोनों आरोपियों का सीडीआर निकलवा रही है, ताकि पता चल सके कि उनके साथ कौन-कौन शामिल है। दो दिन पहले कर्मचारी नगर चौकी के पास नौशाद और अमान को दो लड़कियों से बात करते हुए कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया था। उसके बाद नाम पूछा तो नौशाद ने अपना नाम राहुल और अमान ने सतीश बताया। पुलिस जांच में नौशाद के पास से पांच और अमान के तीन आधार कार्ड मिले। इनमें अधिकांश हिंदू नाम से हैं।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं. 1. ई-निविदा संख्या : CPM-GS-IZN-2024-09, कार्य का नाम : मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/इज्जतनगर मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न कार्यों/निर्माण स्थल के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाए प्रदान करना। अनुमानित निविदा मुल्य (रू०) : 2,15,72,710.80, बयाना राशि (रू०): 2,57,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 (बारह) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक 30.09.2024, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 14.10.2024 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 14.10.2024 15.30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेवसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू - 257

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## न्यायालय श्रीमान् जनपद न्यायाधीश, बरेली

सिविल स्था.प्रा.स.सं.- 100/2023

1. मो. आसिफ पुत्र शमशुल जमां 2. इस्मत खातून पत्नी मो. आसिफ नि. मो. शेखूपुर, कस्बा व तह. बहेड़ी जिला बरेली 3. मो. ऐहित्शम जमाल 4. मो. मोहत्शिम जमाल (पुत्रगण मरहूम मो. रिजवान नि. ग्राम व्योलिया, पो. व तह. बहेड़ी जिला बरेली) 5. कु. सिदरा जमाल पुत्री मरहूम रिज़वान नि. मो. टांडा, कस्बा व तह. बहेड़ी, जिला बरेली .......वादीगण

बनाम

1. मो. इमरान पुत्र इफ्तिखार अहमद 2. मो. आसिफ 3. मुख्त्यिर अहमद 4. मो. नासिर व्यस्क पुत्रगण अब्दुल सैलाम निवासी ग्राम मो. तलपुरा, कस्बा व तह. बहेड़ी, जिला बरेली 5. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहेड़ी, जिला बरेली 6. मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, सिविल लाइन्स, बरेली 7. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर, बरेली 8. नसरीन पुत्री एजाज अहमद पत्नी शरीफ अहमद निवासी एजाजनगर शाहमतगंज, बरेली 9. मुमताज अहमद 10. सलीम अहमद 11. रियाज़ अहमद 12. मो. जावेद 13. मो. सरताज व्यस्क पुत्रगण मरहूम एजाज़ अहमद नि. मो. टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली 14. इस्तियाक अहमद 15. इस्त्यिार अहमद 16. शबाना इदरीसी पुत्री एजाज अहमद पत्नी मो. अकील इदरीशी निवासी ग्राम मोहनपुर ठिरिया, पो. व तह. सदर, जिला बरेली 17. शागुफता पुत्री एजाज अहमद पत्नी मो. अफरोज निवासी- बुखारपुरा, शाहमतगंज, बरेली 18. तबुस्सुम पुत्री एजाज अहमद पत्नी अनीस अहमद निवासी जगतपुर गौटिया शहर व जिला बरेली

........... प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी वादीगण ने आपके नाम एक नालिस वास्ते स्थानान्तरण के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 25.9.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो, मय कागजात मुतलका के हाजिर अदालत हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 29.8.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

जज



## कार्यालय उपनिदेशक (विद्युत/यांत्रिक) दूरभाष संख्या-0581-2315601

## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ. प्र.

### नवीन मण्डी स्थल, डेला पीर, बरेली।

पत्रांक : वि./यॉं./निविदा/(बरेली)/2024-172 दिनांक : 21.09.2024

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु वित्तीय रूप से सुद्रढ मण्डी परिषद में विद्युत/यांत्रिक कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से Two bid system (Technical Bid and financial bid) से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन दिनांक 15.10.2024 को ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त ई-निविदाएं दिनांक 15.10.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे से कार्यालय उप निदेशक (वि./यां) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, नवीन मण्डी स्थल, डेलापीर, बरेली में निविदादाता अथवा उनके उपस्थित प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। उक्त ई-निविदायें दिनांक 14.10.2024 की अपरान्ह 05:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑन-लाइन भरकर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उप निदेशक (वि./यॉं.), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली के खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, ऐसा न होने की दशा में फर्म द्वारा डाली गयी ई-निविदा को अवैध मानते हुए ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं ई-निविदा नहीं खोली जायेगी। ई-निविदादाता को दिनांक 15.10.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक समस्त बिड डाक्यूमेंट एवं पंजीकरण से सम्बन्धित समस्त आवश्यक प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. मे) | कार्य की अनुमानित लागत (रू. मे) | धरोहर धनराशि (रू. मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **नवीन मण्डी स्थल, जलालाबाद (शाहजहाँपुर)** में पूर्व से निर्मित एल.टी. लाईन की मरम्मत, टूटे/क्षतिग्रस्त पोलों एवं क्षतिग्रस्त केबिल को बदलने, जनरेटर रूम में चेन्ज ओवर तथा मेन स्विच आदि की आपूर्ति/स्थापना एवं तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। (टेण्डर आई.डी 2024_RKUMP_957153_1) | 2000.00 | 11,23,882.00 | 1,13,000.00 | 03 माह | "ब" |
| 2. | **नवीन मण्डी स्थल, दातागंज (बदायूँ)** में पूर्व से निर्मित एल.टी. लाईन एवं पोलों पर लगी एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, ए.पी.एफ. एवं रिक्त पोलों पर एल.ई.डी. लाईटों की आपूर्ति/स्थापना, क्षतिग्रस्त केबिल को बदलने, 2 मिनी नलकूप निर्माण एवं 01 एच.पी. क्षमता के सबमर्सिबल पम्प की आपूर्ति/स्थापना एवं तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। (टेण्डर आई.डी. 2024_RKUMP_957154_1) | 1800.00 | 7,72,546.89 | 77,500.00 | 03 माह | "ब" |
| 3. | **नवीन मण्डी स्थल गंगोह (सहारनपुर)** में पूर्व से निर्मित एल.टी. लाईन की मरम्मत, रिक्त पोलों पर एल.ई.डी. लाईटों की आपूर्ति/स्थापना, केबलिंग, 1 नग मिनी नलकूप निर्माण तथा पम्पिंग प्लाटं की आपूर्ति/स्थापना, 1 नग 15 एच.पी. पम्पिंग प्लांट की आपूर्ति एवं तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। (टेण्डर आई.डी. 2024_RKUMP_957156_1) | 1900.00 | 10,18,318.72 | 1,02,000.00 | 03 माह | "ब" |

**नियम व शर्तें :-**

1. ई-टेन्डरिंग निविदाए दिनांक:14.10.2024 की अपरान्ह 05:00 बजे तक वेबसाइट के द्वारा प्राप्त की जायेगी। उसके उपरान्त वेबसाइट स्वत: बन्द हो जायेगी।
2. फर्म द्वारा ई-निविदा मूल्य का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से उपनिदेशक (वि./यॉं), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली के खाता संख्या 30396138398, आई.एफ.एस. कोड संख्या SBIN0005362, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एकता नगर, बरेली में जमा करा कर बैंक से प्राप्त UTR No. की प्राप्ति रसीद को है निविदा के साथ ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है।
3. फर्म द्वारा ई-निविदा की धरोहर धनराशि का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से उपनिदेशक (वि./यॉं) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली, खाता संख्या 30396138648, आई.एफ.एस कोड संख्या SBIN0005362, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एकता नगर, बरेली में जमा करा कर बैंक से प्राप्त UTR No. की प्राप्ति रसीद को है निविदा के साथ ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है।

अन्य समस्त नियम एवं शर्ते कार्यालय कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अथवा उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन देखी/पढ़ी जा सकती है।

उप निदेशक (वि./यॉं)



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली से धर्मवीर सागर पुत्र भवानी प्रसाद नि. ग्राम फुल्हा खमरिया जिला शाहजहांपुर एक किता सम्पत्ति तादादी 102.3 वर्गमी. जो गाटा सं. 151 में से वाकै गुरगवां बाहर चुंगी पर तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब में रास्ता 20 फिट चौड़ा, पश्चिम में आराजी विक्रेता, उत्तर में आराजी विक्रेता व दक्षिण में आराजी विक्रेता है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे है उक्त सम्पत्ति को धर्मवीर सागर ने श्रीमती तमल्ली गुप्ता से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2021 को श्रीमान स.र. तिलहर जिला शाहजहांपुर में बही सं. 1 जिल्द 9698 के पृष्ठ 207 से 222 तक क्रमांक 19816 पर हुई है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा तारिक अंसारी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 21.09.2024 **मुनीश कुमार सक्सेना**
**एडवोकेट,**
**चैम्बर नं. - 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया**
**सिविल कोर्ट बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. बरेली**
**मो.नं. 9997389012**
**पंजीकरण सं. 3647/06**



## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर से मोहित मिश्रा पुत्र नन्द किशोर निवासी मोहनपुर परगना खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर ने एक किता प्लाट तादादी 83.7 वर्गमीटर स्थित बुझिया परगना खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहद्दी पूरब- प्लाट विक्रेता, पश्चिम- निकास व रास्ता 15 फिट, उत्तर- मकान सुधीर कुमार, दक्षिण- प्लाट विक्रेता को विक्रेता सर्वेश कुमार पुत्र रुपन निवासी ग्राम लालपुर परगना खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर से क्रय की थी, उक्त लिखित सम्पत्ति पर मोहित मिश्रा मेरे मुवक्किल से गृह ऋण ले रहे है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रुप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**कार्यालय चैम्बर नं. 27, सिविल कोर्ट, बंगलिया**
**मो. 9997389012 पंजी. सं. 3647/06**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड,**



## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, आँवला (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2024-444 दिनांक : 20.09.2024

### कुटेशन निरस्त सूचना

कृपया समिति कार्यालय पत्रांक : कृ.उ.म.स./2024-442 दिनांक 11.09.2024 के द्वारा मण्डी समिति आँवला में इलैक्ट्रॉनिक कांटा, डस्टर एवं नमीमापक यंत्रों की मरम्मत किये जाने हेतु इच्छुक फर्म/व्यक्ति से दिनांक 23.09.2024 को सायं 5:00 बजे तक कुटेशन आमंत्रित किये गये थे, आमंत्रित कुटेशन अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

(खडविन्द प्रकाश)
सचिव



## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज़ शौचालय के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 05.10.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2934/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक- 1287/बी.के.एस./क्रय/2024-25 दिनांक- 21.09.2024

### निविदा सूचना

पेराई सत्र 2024-25 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से निविदायें अंकित तिथि तक सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति निर्धारित मूल्य जमा करने के उपरांत पुन: निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है।

दिनांक: 28.09.2024 (1) एयर कम्प्रेशर सामान की आपूर्ति व एएमसी कार्य रू. 5000/- (2) वैकुम फिल्टर कार्य रू. 5000/- (3) विभिन्न मैन्यूफैक्चरिंग सफाई व अन्य कार्य रू. 1000/- प्रति (4) व्यायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग व धुलाई कार्य रू. 2000/-

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबन्धक**



## कार्यालय ग्राम पंचायत जडौरा विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी

पत्रांक -/टेन्डर/2024-25 **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक- 22.09.2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जडौरा में निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री पर आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 23.09.2024 से 29.09.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 12:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 30.09.2024 को सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत जडौरा में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृति लम्बाई | धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01. | सरोज के मकान से रामखेलावन के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य। | 38 मी0 | 241011.00 |
| 02. | प्रदीप शुक्ला के मकान से जमुना के मकान तक इं नि. कार्य। | 170 मी0 | 941552.00 |
| 03. | मानसिंह के मकान से रामऔतार के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य। | 140 मी0 | 399996.00 |
| 04. | सन्तोष वर्मा के मकान से जमुना वर्मा के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 545623.00 |

**ग्राम प्रधान- संध्या मिश्रा** **सचिव- राजीव मुकुल श्रीवास्तव**



## कार्यालय ग्राम पंचायत रहजनिया वि.खं. पसगवां-खीरी

पत्रांक -मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक- 22.09.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहजनिया में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वां वित्त/05वां वित्त योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिसका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहरबंद निविदा दिनांक 22/09/2024 से 06/10/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत रहजनिया के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय रहजनिया में दिनांक 06/10/2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी निम्नलिखित कार्य हेतु एक या सभी निविदा निरस्त करने का और आपूर्ति सामग्री की मात्रा घटाने और बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | रामप्रकाश के मकान से रामरतन के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। 90 मी. | मौरंग, बालू, इंटरलॉकिंग ईट,लाल ईट ,रोड़ा,रेता | 433300/- |
| 02. | अवनीश के मकान से पुत्तुलाल के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। 75 मी. | मौरंग, बालू, इंटरलॉकिंग ईट,लाल ईट ,रोड़ा,रेता | 361100/- |
| 03. | पुत्तू सिंह के मकान से रामप्रकाश के मकान तक नाली निर्माण कार्य । 165 मी. | मौरंग, बालू,लाल ईट, रोड़ा,रेता | 235000/- |

**ग्राम प्रधान- धनदेवी** **सचिव- कुणाल गुप्ता**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.), बरेली

पत्रांक:-1102/लेखा/निविदा/क्षे.प./2024-25 दिनांक : 21.09.2024

### निविदा सूचना

एतत्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड फतेहगज (प.) बरेली को प्राप्त क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त 15 वां केन्द्रीय वित्त की प्राप्त धनराशि से निन्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जा रही है। निविदाये दिनांक 18.10.2024 को माध्यान्ह 12.00 बजे तक विकास खण्ड फतेहगंज (प.) मुख्यालय बरेली मे रखे निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिनांक 18.10.2024 अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रुप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | स्वीकृति धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम मढ़ौली मे चुन्नीलाल के घर से दौलतराम के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य | 100 मी. | 568000 | 1140 | 6500 | 90 दिन |
| 2. | ग्राम मढ़ौली मे होली चौराहे से वीरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य | 185 मी. | 993000 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 3. | ग्राम औध में होली चौराहे से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य | 172 मी. | 996500 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 4. | ग्राम खजुरिया प्रेमपुर में लालाराम के घर से प्रा.वि. तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य | 90 मी. | 671500 | 1250 | 7500 | 90 दिन |
| 5. | ग्राम पंचायत पिथुपुरा में गौशाला भूसा शेड एवं चरनी के चारों तरफ खडन्जा निर्माण कार्य | 289 मी. | 693200 | 1390 | 7500 | 90 दिन |
| 6. | ग्राम पंचायत सतुइया खास में गौशाला में मैन गेट से पशु शेड तक खडन्जा निर्माण कार्य | 52 मी. | 146700 | 400 | 2500 | 90 दिन |
| 7. | ग्राम पंचायत रुकमपुर की नवोदय रोड से गौशाला तक खडन्जा निर्माण कार्य | 120 मी. | 275000 | 550 | 3500 | 90 दिन |
| 8. | ग्राम पंचायत रसूला चौधरी में नवोदय रोड से गौशाला तक खडन्जा निर्माण कार्य | 120 मी. | 280000 | 560 | 3500 | 90 दिन |
| 9. | ग्राम पंचायत औध में गौशाला में मेन गेट से पशु रोड तक खडन्जा निर्माण कार्य | 135 मी. | 358400 | 720 | 4500 | 90 दिन |
| 10. | ग्राम बल्लाकोठा में रामचन्द्र के घर से हरीश के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य | 170 मी. | 996800 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 11. | ग्राम पचतौर में मन्दिर के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 12. | ग्राम पन्थरा में होली मैदान के पास मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 13. | ग्राम रम्पुरा में चौराहे पर मन्दिर के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 14. | ग्राम रहपुरा जागीर में त्रिलोक चन्द्र डिग्री कॉलेज के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 15. | ग्राम द्विविपुर में मन्दिर के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 16. | ग्राम पनबड़िया के मजरा घेरा में मेन चौराहे पर आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 17. | ग्राम प्रेमनगर खजुरिया में मन्दिर के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 18. | ग्राम भोलापुर में मन्दिर के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |
| 19. | ग्राम अगरास में अपर प्राइमरी स्कूल कम्पोजिट विद्यालय के पास आर.ओ. की स्थापना कार्य | 1 वर्क | 332000 | 670 | 4500 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र का शुल्क बैक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) के पक्ष में देय होगा 2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं लेवर डिपार्टमेन्ट रजि. व पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रुपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडीटी निविदा के साथ सलग्न कराना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के सासनादेश संख्या 3885/65-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी सज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति मे जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगज (प.) से दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 18.10.2024 मध्यान्ह 12.00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे मे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जोकि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरान्त वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड फतेहगंज (प.) बरेली**

**ब्लॉक प्रमुख**
**विकास खण्ड फतेहगंज (प.) बरेली**

# श्रद्धा की अभिव्यक्ति है श्राद्ध

श्रद्धा भाव है और श्राद्ध कर्मकांड। श्रद्धा मन का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न भोजन जल आदि के अर्पण-तर्पण का कर्मकांड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और संतति को सभी सुख साधन देते हैं। हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। लोकमान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतरकर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर मानवीय गुण है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने पालन पोषण दिया, स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं।

कुछ विद्वान कहते हैं कि ऐसे कर्मकांड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं,लेकिन कर्मकांड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं?" इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, "पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। बेशक उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना।

भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।" मत्स्य पुराण के प्रश्न तत्कालीन समाज के जिज्ञासुओं के तर्क हैं। प्रश्नों के उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण हो सकते हैं। श्रद्धा कर्म परंपरा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है,लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। बेशक उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है "यह भोजन पिता जी आपके लिए है।" याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है "वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का वास्तविक अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं। प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। पितर श्रद्धा यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति समर्पित दिखाई पड़ती है।

ऋग्वेद के दसवें मंडल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण हैं। कहते हैं "यम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गए हैं,उसी मार्ग से सभी मनुष्य जाएंगे। अंततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है।" मृत पिता से कहते हैं "जिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गए हैं, आप भी उसी से गमन करें।" फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि "आप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं।" आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, "जो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गए हैं। उन सबको नमस्कार है। इदं पितृभ्यो नमः अस्त्वद्य ये पूर्वासो या उपरास ईयुः।" फिर कहते हैं, "हे पितरों! हमारे आवाहन पर आप आएं। यज्ञशाला में दक्षिण की ओर कुश में बैठें।" पूर्वजों पितरों का सम्मान और मृत होने के बावजूद उन्हें स्मरण करना आनंददायी है। उ.प्र. में विवाह के एक दिन पूर्व महिलाएं लोक गीत गायन करती हैं, गीत में मृत पितरों को निमंत्रण है कि आप सब इस विवाह में आओ। बरात चलो। विवाह में आशीष दो। शास्त्र पुराना है या लोक? कह नहीं सकता। पितरों को निमंत्रण देने वाला लोकगीत पुराना है या ऋग्वेद के पितर सम्बंधी मंत्र? सच क्या है? मैं नहीं जानता पर मृत पितरों को जीवंत जानना स्मरण करना आह्लादकारी है। कर्मकांड में भी इच्छा या अनिच्छापूर्वक रमते हुए सत्य की जिज्ञासा संभव है। कर्मकांड सचेत भी हो सकते हैं और अचेत भी। दोनों ही स्थिति में अनायास कुछ नया घटित हो सकता है। मृत पितर मृत ही हैं। भारतीय चिंतन में सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व भी जाना गया है। सूक्ष्म शरीर पर भी प्रश्न उठाए जा सकते हैं। भोजन अर्पण शुद्ध श्रद्धा है। उन्हें मिलता है कि नहीं? ऐसे प्रश्न महत्वपूर्ण होकर भी श्रद्धा के सामने छोटे हैं। हम स्वाभाविक ही पूर्वजों की निंदा में क्रोध करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विषय पर सुंदर उदाहरण सुनाया था। कथा के अनुसार एक श्रद्धालु पितृ श्राद्ध कर रहे थे। तार्किक ने पूछा कि क्या यह भोजन उन्हें ही मिलेगा? श्रद्धालु ने प्रश्नकर्ता के पिता को गाली दी। प्रश्नकर्ता गुस्से में आ गया। श्रद्धालु ने कहा कि आप बेकार गुस्से में हैं। आपके पिता तक यह गाली तो पहुंची ही नहीं। वे मृत हैं इसलिए गाली उन्हें मिल भी नहीं सकती। प्रश्नकर्ता निरूत्तर थे। श्राद्ध श्रद्धा की ही अभिव्यक्ति है। श्रद्धा के कारण ही पत्थर में भी शिव दर्शन की संभावनाएं हैं।

श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। संप्रति वरिष्ठों का सम्मान घटा है। मृत माता पिता के प्रति श्रद्धा दूर की बात है, जीवित माता पिता भी फफक रहे हैं। श्राद्ध सामान्य कर्मकांड नहीं है। हमारे पूर्वजों ने ही सुंदर समाज के लिए ऐसे सुंदर कर्मकांड को गढ़ा है। इस कर्मकांड में स्वयं के भीतर पूर्वजों के प्रवाह का पुनर्सृजन संभव है। अग्रजो, मार्गदर्शक, पूर्वजो और मंत्रद्रष्टा पितरों को नमस्कार करते मन नहीं अघाता। ऋग्वेद के ऋषि ने सही गाया है-इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृभ्यः।

# टोल टैक्स की महिमा

दो दिन पहले मैंने लखनऊ से प्रयागराज के लिए कार से प्रस्थान किया था। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 कहलाता है, जिसका लखनऊ से रायबरेली तक का हिस्सा यूपीए-2 काल में चार लेन का हो चुका है। अब भाजपा राज में रायबरेली से प्रयागराज तक की सड़क चार लेन की स्वीकृत हो चुकी है, जिस पर कार्य द्रुतगति से चल रहा है।

हमारी रायबरेली तक की यात्रा सकुशल रही,लेकिन रायबरेली शहर से बाहर निकलते ही सड़क के चौड़ीकरण का काम दिखने लगा। दोनों पटरियों पर काम हो रहा है, नए पुल बन रहे हैं, जिससे सड़क खस्ताहाल हो चुकी है और वाहन संचालन में कठिनाई आ रही थी। खराब सड़क से यात्रा का समय बढ़ गया था और समतल सड़क न होने से वाहन में बैठे यात्रियों को झटके भी लगते हैं। जनवरी में कुंभ लग रहा है और उस समय आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को दृष्टि में रखकर यह कार्य तेजी से हो रहा है। हमें प्रसन्नता है कि शीघ्र ही लखनऊ से प्रयागराज की पूरी सड़क चार लेन हो जाएगी और यात्रियों का यात्रा समय कम हो जाएगा। आते समय इस मार्ग पर रायबरेली-प्रयागराज के बीच ऊंचाहार तथा नवाबगंज के पास एक-एक टोल प्लाजा मिला,जिस पर धड़ल्ले से टोल टैक्स की वसूली की जा रही थी। मैंने भी टोल टैक्स दिया। चौड़ी तथा गड्ढा मुक्त सड़कों पर टैक्स देने में अधिक आपत्ति नहीं होती, लेकिन निर्माणाधीन सड़क, जिस पर वाहन चलाना ही कठिन है, उस पर टोल टैक्स क्यों लग रहा है? यह समझ से परे है। क्या गडकरी जी या उनके मंत्रालय को जानकारी नहीं हैं या उन्हें यह तथ्य पता ही नहीं है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

यदि हम भूतल सड़क मंत्रालय को निकम्मा या चोर मान लें तो उस क्षेत्र के जन प्रतिनिधि (सांसद/विधायक या अन्य) या राजनीतिक दल क्यों मौन हैं? क्या उनका दायित्व नहीं बनता कि इसके विरोध में धरना प्रदर्शन करें? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी तो रायबरेली क्षेत्र से ही सांसद है, क्या चुनाव के समय ही यहां दिखेंगे और इस ज्वलंत मुद्दे को उठाएंगे? सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपराधियों के समर्थन में तो दहाड़ते रहते हैं, जनहित के इन मुद्दों पर चुप क्यों हैं? रायबरेली, प्रयागराज के जिलाधिकारी या अन्य अधिकारी भी इस बिंदु पर उदासीन हैं। इनके वाहन से टोल टैक्स नहीं कटता, शायद इसीलिए ये निश्चिंत हैं। जनता तहसील दिवस, थाना दिवस पर इसकी शिकायत क्यों नही करती? इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गण इसी सड़क से प्रायः लखनऊ पीठ जाते हैं, उनकी नजरों से यह तथ्य अनदेखा कैसे रह गया? जनहित के इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेना कैसे भूल गए? विद्वान अधिवक्ता गण भी जनहित के इस मुद्दे पर याचिका डालने से चूक कैसे गए? प्रजातंत्र का चौथा खंभा (पत्रकार) इस पर जनता या प्रशासन का ध्यान आकृष्ट क्यों नहीं कर रहा है? ये विचारणीय प्रश्न हैं।

सड़कों पर टोल टैक्स वसूलने का मापदंड क्या है? क्या खराब सड़क पर यात्रा करने पर भी यह देय है? दूसरी ध्यान देने वाली बात यह है कि रायबरेली से जौनपुर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 231 मात्र दो लेन का है, उस पर भी दो स्थान पर बने टोल प्लाजा पर वाहनों से टैक्स वसूले जा रहे हैं। जनता द्वारा दिए गए बहुत से टैक्स से केंद्र व राज्य सरकारें बजट बनाकर सड़क निर्माण व रख रखाव हेतु इस विभाग को पर्याप्त धन आबंटित करती हैं। प्रत्येक मोटर वाहन से रोड टैक्स अलग से लिया जाता है। उसके बाद यह टोल प्लाजा क्यों? 4-6-8 लेन की सड़कों पर टोल प्लाजा बनना तो समझ में आता है, अब दो लेन की सड़क पर भी टोल टैक्स ले रहे हैं तो वाहन से रोड टैक्स की वसूली रुकनी चाहिए। हम भूल जाते हैं कि भारत एक कल्याणकारी राष्ट्र है, जिसमें जनता के कल्याणार्थ कार्य होना चाहिए उनके उत्पीड़न के लिए नहीं। केंद्रीय व राज्य सरकारों की यह गुंडागर्दी बंद होनी ही चाहिए। इस पर प्रजातंत्र के सभी स्तंभ व जनता ध्यान दे।

# ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगा बुजुर्गों के नि:शुल्क इलाज का फैसला

केंद्र सरकार ने 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज कराने का जो फैसला लिया है, वह एक दूरगामी फैसला है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। यह एक ऐसा फैसला है, जिसकी वास्तव में जरूरत थी और अगर इसका यथार्थ के धरातल पर सुचारू क्रियान्वयन हो जाता है तो यह निर्णय बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को नई दिशा देने वाला साबित होगा। यह निर्णय हर लिहाज से महत्वपूर्ण है और इससे बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील सोच के बारे में पता चलता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में इस बारे में वादा किया था,जिसे पूरा कर दिया गया है।

सरकार ने इस फैसले के तहत 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा देना तय किया है। इसके तहत हर साल पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में कराया जा सकेगा। माना जा रहा है कि इस योजना के दायरे में देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार शामिल होंगे और छह करोड़ बुजुर्ग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इस फैसले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, उन्हें इस योजना के दायरे में लाया गया है।

जैसा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि शुरुआत में इस योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भविष्य में जैसे-जैसे लोग इस योजना से जुड़ेंगे, इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। यह भी सराहनीय है कि जो परिवार पहले से आयुष्मान योजना के दायरे में हैं,उन परिवारों के 70 साल पार के बुजुर्गों के लिए हर



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

> सरकार ने इस फैसले के तहत 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा देना तय किया है। इसके तहत हर साल पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में कराया जा सकेगा।

साल 5 लाख रुपये तक का एडिशनल कवर मिलेगा। इसका इस्तेमाल परिवार के अन्य लोग नहीं कर सकेंगे।

कई लोगों को यह फैसला मुफ्त की रेवड़ी लग सकता है,लेकिन भारत में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के दृष्टिगत यह फैसला सचमुच कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुकूल है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु) की जनसंख्या 10.38 करोड़ है। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार 2026 में देश में 60 वर्ष से ऊपर वाले वरिष्ठ नागरिकों की अनुमानित जनसंख्या 17.32 करोड़ होने की उम्मीद है। जिस प्रकार बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है,उसके साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें भी बढ़ रही हैं। हमारे समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले सामने आते रहते हैं। देश में वृद्धाश्रमों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है,उससे भी घरों में बुजुर्गों की दशा का संकेत मिलता है। भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने पिछले साल जो इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 जारी की है,उसके मुताबिक आज का युवा भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे,जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है।


इससे हकीकत से इंकार नहीं किया जा सकता कि बहुत से बुजुर्गों के पास इलाज के लिए आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे सही समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में सरकार का उनके मुफ्त इलाज की दिशा में बढ़ाए इस कदम को एक परिहार्य पहल के रूप में देखा जाना चाहिए।

सरकार के इस फैसले से देश के वंचित,शोषित, दलित वर्ग और ग्रामीण परिवेश के बुजुर्गों को सर्वाधिक राहत मिलेगी। हमारे देश में इन वर्गों के अधिकांश बुजुर्गों की आय सीमित अथवा नगण्य होती है और उनके लिए बीमार होने पर इलाज करा पाना एक बड़ी चुनौती व चिंता का विषय होता है। आर्थिक रूप से परेशान बुजुर्गों को जब शारीरिक व्याधियां घेरती हैं तो मानसिक समस्याएं भी दस्तक देने लगती हैं। कई बुजुर्ग तो दूसरों को बीमार देखकर असहज और चिंतित महसूस करते हैं कि अगर वह बीमार पड़ गए तो इलाज कैसे हो पाएगा? यकीनन मुफ्त इलाज की इस व्यवस्था से उन्हें न केवल इस चिंता से मुक्त करने में मदद मिलेगी,बल्कि इससे उनके खुश रहने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यह बात प्रमाणित है कि जब बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से सुलभ होती हैं तो वे समय पर अपना इलाज करवा सकते हैं। इससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होता है और उम्र संबंधी बीमारियों की गंभीरता को कम करने में भी मदद मिलती है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकार यह सुनिश्चित करना चाह रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों को भी समान स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले,जो उनके सामाजिक अधिकारों का हिस्सा है। इसे फैसले के कई लाभ और भी होंगे। जब निःशुल्क उपचार होगा तो परिवार में बुजुर्गों को बोझ नहीं माना जाएगा।

यह योजना निश्चित रूप से सराहनीय है,लेकिन इसका सही एवं सुचारू क्रियान्वयन हो, इसे सुनिश्चित करना भी सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इस योजना के कारण सरकारी अस्पतालों पर काम का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। हमारे दूरदराज के अस्पतालों में संसाधनों एवं डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की कमी इसमें बाधक हो सकती है। इसके लिए न केवल डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पद भरने होंगे,बल्कि अन्य जरूरी संसाधन भी जुटाने होंगे। इसी के साथ-साथ एक प्रभावी प्रशासनिक ढांचे को भी विकसित करना जरूरी होगा,जो इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित बना सके। सरकारी अस्पतालों के ढांचे में सुधार, जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत और संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## लोभ और भय

ब्रिटिश गृह युद्ध के दौर में लिखने वाले, राजनीतिक दर्शन की पुस्तक लेवियाथन (1651) के प्रणेता टॉमस हॉब्स ने अपने अनुभव के आधार पर भय और असुरक्षा बोध को मनुष्य के दो प्रमुख प्रेरक तत्व बताए थे। दरअसल लोभ भी व्यापक अर्थ में असुरक्षा बोध का ही एक घटक है, लेकिन व्यापक स्तर पर लोभ की अमर्यादित मात्रा निरंकुशवाद को जन्म नहीं देती, किंतु अराजकता की कारक बन सकती है और अराजकता निरंकुशवाद की उत्पत्ति के लिए बहुत जरखेज जमीन तैयार करती है तो दोनों का अंतिम फलित निरंकुशवाद (तानाशाही) ही होता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जनतंत्र अतिशय लोभ से विकृत होता है। कानून-व्यवस्था में लोगों का विश्वास खत्म हो जाता है। कानून का डर समाप्त हो जाता है। ये सारे तत्व अराजकता की पूर्वपीठिका तैयार करते हैं, जिसका अंत निरंकुशवाद में हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। किंतु लोगों में व्यापक स्तर पर भय का संचार सीधे निरंकुशवाद या तानाशाही को जन्म देता है। सत्ता से भय की अपेक्षा एक दूसरे से भय अधिक खतरनाक भूमिका अदा करता है। अतिशय भय की स्थिति में मनुष्य स्वतः निरंकुशवाद का वरण करता है। सदाशय निरंकुशवाद बहुत चमकदार प्रलोभन है। यह लोभ को नियंत्रित कर सकता है। एक दूसरे से भय को भी नियंत्रण में ला सकता है। थोड़े समय के लिए हो तो सदाशय निरंकुशवाद एक कारगर इलाज है, लेकिन इसमें दो गड्ढे हैं: एक, मानव प्रजाति में जिस तरह के प्राणी पाए जाते हैं, उनमें तानाशाह और सदाशय एक साथ खोजना भूसे के ढेर में सुई खोजना है। दो, तानाशाही सदाशय हो या दुराशय, उसकी परिभाषा में "थोड़े समय के लिए" का कोई स्थान नहीं। प्रायः एक तानाशाही का अंत दूसरी तानाशाही में ही होता है और यह शांतिपूर्ण तरीके से कभी नहीं होता। अब विचार किया जाए, क्या हमारा देश तानाशाही की दिशा में जा रहा है।

देश में जैसा भी है, जनतंत्र अभी सुरक्षित है, क्योंकि हम सभी का एक वोट सुरक्षित है। उस एक वोट के अधिकार से मेरी राय में देश तानाशाही की ओर नहीं जा रहा है। इसकी आशंका 2014 से ही जोर-शोर से व्यक्त की जाने लगी थी, किंतु व्यवहार में यह अभी तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा है। मेरा वोट इस तथ्य के तथा उपर्युक्त विमर्श के परिप्रेक्ष्य में है। इसी परिप्रेक्ष्य में अन्य का वोट भिन्न हो सकता है। तानाशाही की एक निर्णायक पहचान है। जब वह आती है या आने की तैयारी में होती है, तब कोई तानाशाही शब्द का उच्चारण तक नहीं करता। करता है तो उसकी जगह जेल में होती है।

## भरोसे का प्रतीक

एक लंबे समय बाद बीएसएनएल फिर भरोसे का प्रतीक बनने की तैयारी कर रहा है। विगत जुलाई माह में बीएसएनएल ने 2.9 मिलियन नए उपभोक्ता जोड़े हैं, जबकि भारती एयरटेल, जियो और वोडाफोन जैसे निजी दूरसंचार आपरेटरों ने एक महीने पहले टैरिफ बढ़ाए थे। जुलाई में दूरसंचार की अग्रणी कंपनी रिलायंस जियो ने 758000 अपने ग्राहकों को को दिया, जबकि वोडाफोन आइडिया ने 1.4 लाख गवाएं। ट्राई के आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई 2024 के दौरान भर्ती एयरटेल सबसे अधिक 1.7 मिलियन ग्राहक बाहर हुए हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ताजा आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि भारत की जनता ने निजी क्षेत्र को एक बार फिर नकार दिया है और सरकारी कंपनी भारतीय संचार निगम पर अपना भरोसा दिखाया है। जरूरी है कि अब यह भरोसा न टूटे। देश की जनता बैंक बीमा, आम बीमा, रेल, भेल के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों को भरोसे का प्रतिक मान रही है यह अच्छी बात है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाला भारतीय संचार निगम लिमिटेड भारत के एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी, संचार कंपनी है। इसके पास मिनी-रत्न का दर्जा है।

बीएसएनएल मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही, जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया और दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। आने वाले समय में एक बार फिर अपने गौरव को प्राप्त करने में बीएसएनएल साफ होगा, ऐसी आशा की जानी चाहिए।

# पितरों की इच्छाओं को तृप्त करना ही वास्तविक श्राद्ध कर्म

पितृ पक्ष चल रहे हैं। 16 दिनों के इस पक्ष में अपने-अपने पितरों का मृत्यु तिथि के अनुसार श्रद्धापूर्वक तर्पण व पिंडदान करने की सनातनी परंपरा है। ऐसे भी मान्यता है कि जिन पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, उन भूले-भटके पितरों का श्राद्ध अमावस्या में कर उन्हें तृप्त किया जाता है। श्रद्धा और श्राद्ध में एक मात्रा का ही तो अंतर है। यह पूर्वजों के प्रति श्रद्धा ही तो है, जिसमें परिवार द्वारा दिवंगत आत्माओं को स्मरण करते हुए तीन पीढ़ियां तक श्राद्ध करने का विधान है। हंसते मुस्कुराते हुए चेहरे अचानक से बिना बताए हमारी जिंदगी से गायब हो जाते हैं, परंतु यादों और स्नेह की अमिट डोर इन आत्माओं को अदृश्य शक्तियों के रूप में हमसे बांधे रखती है।

पितृ पक्ष में पितरों के निमित्त किए गए दान, कर्म इत्यादि कुछ क्षणों के लिए जीवन में ठहरकर चिंतन करने का अवसर हैं कि हम और यह संपूर्ण सृष्टि जिस पर हम मोहित हो रहे हैं और जाने अनजाने हम कष्ट भोग रहे हैं, यह भ्रम का आवरण ही तो है। मृत्यु जीवन का शाश्वत सत्य है। साथ ही परिजनों के लिए असीम वेदना का कारण भी है। इस भौतिक मरणधर्मा संसार में आप सब कुछ खोने के बाद दोबारा पा सकते हैं, परंतु भूलोक को त्यागे परिजनों को किसी भी युक्ति से उसी रूप में पाना असंभव है। हम मनुष्य जानते-बुझते भी इसी पक्ष की अवहेलना करते हैं और उन भौतिक वस्तुओं के प्रति आसक्त हैं, जिनका एक सीमा से अधिक महत्व ही नहीं है।

श्राद्ध कर्म महज पितरों के प्रति पिंडदान और तर्पण तक ही सीमित नहीं है। यह मृत परिजनों की अपेक्षाओं, इच्छाओं और



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

> पुत्र एक कुल को तारता है,परंतु पुत्रियां दो कुलों को तारती हैं। पितरों की इच्छा के निमित्त किए गए कार्य आपको ब्रह्मांड की अदृश्य शक्तियों से जोड़ने के साथ-साथ आपकी मेधा को धार, आत्मिक शक्ति को बल देने के साथ-साथ आपकी चेतना की मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

उनकी अधूरी जिम्मेदारियां को पूर्ण करने का भी उत्तरदायित्व भी है। मृत्यु का समय अनिश्चित है और जब मनुष्य अपनी अधूरी इच्छाओं और जिम्मेदारियां के साथ जब शरीर त्यागता है तो यह अतृप्त भावनाएं उसके सूक्ष्म शरीर की मुक्ति में बाधा बनती हैं और कभी-कभी विभिन्न माध्यमों से परिजनों को संदेश देने का प्रयत्न भी करती हैं। यम और नचिकेता के मध्य एक संवाद है कि जब तक इच्छाएं अतृप्त रहती है तब तक देह अमरत्व को प्राप्त नहीं होती है। अतः संतति के रूप में हमारा यह उत्तरदायित्व होना चाहिए कि हम अपने पितरों की प्रसन्नता के निमित्त उनकी अपूर्ण इच्छाओं को पूर्ण करने का प्रयत्न करें और उत्तरदायित्व की उस मशाल को थामें जो जीवित रहते उन्होंने थामी हुई थी। यही वास्तविक श्राद्ध कर्म है, जिसमें पूर्वजों के प्रति सम्मान, प्रेम और श्रद्धा का समन्वित रूप है। श्राद्ध में तीन पीढ़ियों के तर्पण का विधान रखा गया है। अमूमन प्रत्येक व्यक्ति अपने सम्मुख अधिकतम तीन पीढ़ियों को ही साक्षात देख पाता है। तीन पीढ़ियों के सदस्यों में क्षुद्र स्वार्थ और मतभेदों को दरकिनार रखते हुए पारस्परिक प्रेम और सामंजस्य पूर्ण संबंध बनाए रखना ही पितरों के प्रति वास्तविक श्रद्धा व श्राद्ध कर्म है, जिससे संतुष्ट होकर पितृ मुक्तिधाम को प्रस्थान करते हैं अन्यथा उनका सूक्ष्म शरीर चिंता और अतृप्त इच्छाओं की डोर से उन्हें भूलोक व परिवार से बांधे रखता है।

पितृपक्ष के अवसर पर अपने जीवन का निजी अनुभव साझा करना चाहूंगी। मेरे पिता स्वर्गीय दीवान सिंह नयाल जी का देहावसान कोरोना काल में हुआ। मैंने जब से होश संभाला उन्हें सामाजिक व राजनीतिक रूप से सक्रिय ही देखा, जिससे मेरे मस्तिष्क में ख्याल आता था कि मेरे पिता की मृत्यु भी एक उत्सव होगी, जिसमें लोग बहुतायात में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शामिल होंगे। यद्यपि कोरोना काल में भी उनकी मृत्यु पर अपेक्षाकृत काफी लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु उपस्थित हुए पर यह उनकी मृत्यु के साथ न्याय नहीं था। पुत्र एक कुल को तारता है,परंतु पुत्रियां दो कुलों को तारती हैं। पितरों की इच्छा के निमित्त किए गए कार्य आपको ब्रह्मांड की अदृश्य शक्तियों से जोड़ने के साथ-साथ आपकी मेधा को धार, आत्मिक शक्ति को बल देने के साथ-साथ आपकी चेतना की मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। पितृ पक्ष केवल पितरों की संतुष्टि एवं मुक्ति का ही अवसर नहीं है वरन संसार के अबोले जीवों के साथ हमारे अव्यक्त संबंधों को पुनर्जीवित कर स्वयं और प्रकृति के साथ भी तादात्म्य स्थापित करने का भी सुअवसर भी है।

# मनुष्य एक विवेकशील प्राणी

सृष्टि को संचालित करने वाला कोई/ईश्वर है या नहीं, आदिम काल से मनुष्य इस रहस्य को अपनी सहज जिज्ञासा प्रवृत्ति से समझने का प्रयत्न करता आ रहा है। आस्थावान इन रहस्यों को सुलझाने के लिए एक अलौकिक, सर्व शक्तिमान सत्ता पर विश्वास करते है, क्योंकि उनकी मनोवैज्ञानिक कठिनाई यह है कि यह विशाल ब्रह्मांड अपने आप, स्वतः स्फूर्त चल नहीं सकता जहां कई गृह हैं अरबों-खरबों तारे हैं।

सनातन हिंदू धर्म में प्रारंभ से ही आस्था और कर्मकांडों पर बल रहा है। सामान्यतया हिन्दू अपनी मुक्ति के लिए सर्वसुलभ कर्मकांडी अनुष्ठान जरूरी मानता है। इसके शब्दकोश में अपराध-बोध और द 'कनफेशन्स' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। धीरे-धीरे आदमी और ईश्वर के बीच ढेर सारे मध्यस्थ आ गए जबकि ईश्वर है तो उसने कभी दुनिया में आकर यह नहीं कहा था कि हमारे और आदमी के बीच कुछ मिडिलमैन भी रहेंगे। कई सज्जनों ने खुद को ईश्वर का बिचौलिया या कुछ ने तो खुद को ईश्वर ही घोषित कर दिया।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
सेवानिवृत आईपीएस,भवाली

मनुष्य एक विवेकशील प्राणी है, पर बिचौलियों और ईश्वर पर आस्था ने उसे भूतों-प्रेतों से डरना सिखाया, शुभ-अशुभ दिन बताया, घड़ी, संख्या और शकुन-अपशकुन के तर्कहीन अंधविश्वासों में उसे डाला गया। एक तरह से ईश्वर के विश्वास ने उसे अप्राकृतिक शक्तियों और घटनाओं में विश्वास करना सिखाया। ईश्वर की अवधारणा के साथ ही जुड़ी हुई है, स्वर्ग-नरक या परलोक की धारणा और देहांत के बाद आत्मा के इन लोकों में जाने की कल्पना।

ईश्वर के अस्तित्व को मानने के लिए किसी विद्या-बुद्धि, किसी चिंतन-मनन की आवश्यकता नहीं है। घरों में और मंदिरों-मस्जिदों में प्रार्थना-नमाज अदा करते अपने-अपने मां-बाप को देखते हुए बच्चे सहज ही आस्तिक हो जाते हैं, पर नास्तिक बनने के लिए अच्छी-खासी तर्क-बुद्धि, अच्छे-खासे जागृत विवेक और अच्छे-खासे साहस की जरूरत होती है। परंपरा और संस्कार के बोझ को हटाकर सत्य को सत्य कहने में गजब का साहस चाहिए। यह साहस गंभीर अध्ययन-मनन और आत्म-चिंतन से ही आ सकता है। मनुष्य ईश्वर के बहाने अपने उत्तरदायित्व से मुक्ति पा लेता है। गलत काम करेगा खुद और उसके अनिच्छित परिणाम सामने आने पर कहेगा-क्या कर सकते हैं, जैसी प्रभु की इच्छा। एक ही वाक्य में वह अपने कार्य-व्यवहार या निर्णय की जिम्मेदारी से भी मुक्त हो जाता है और ईश्वर के आदेश को नम्रतापूर्वक स्वीकार कर उसके भक्त होने की भूमिका भी स्वीकार कर लेता है।

# फार्मेसी पंजीकरण में लगाए फर्जी दस्तावेज, 50 पर एफआईआर

## बरेली ,शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं के आवेदक शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवेदनपत्रों की जांच में हुआ खुलासा, कई पंजीयन निरस्त

**अमृत विचारः** फर्मेसी के पंजीकरण में फर्जीवाड़ा सामने आया है। लाइसेंस के पंजीकरण के लिए जमा किए 50 आवेदनपत्र में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाए गए थे। दस्तावेजों की जांच में हुए इस खुलासे के बाद जारी किए गए कई पंजीकरण पत्र निरस्त कर दिए गए है। वहीं कई पर रोक लगा दी गई है। इस मामले में उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल के रजिस्ट्रार डॉ. भानु प्रताप सिंह ने इस मामले में 50 आवेदकों के खिलाफ गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि डिप्लोमा एवं डिग्री धारक फार्मेसी के आनलाइन आवेदनों में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल में जानकारी मिलने पर जांच कराई गई। जांच में 50 आवेदकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसकी पुष्टि संबंधित शैक्षिक संस्थान ने भी की । प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### इनके प्रमाण पत्र मिले फर्जी, दर्ज हुई रिपोर्ट

फर्जी प्रमाण पत्र वालों में बरेली सहोरा के यशपाल सैनी, फुलासी आंवला के पृथ्वी राज कश्यप, मीरखान बाबरनगर मीरगंज के सद्दाम हुसैन,शाहजहांपुर हुंडई खेल शाहजहांपुर के हर्ष गुप्ता, पीलीभीत खेरी शामपुरा नगर के दीपक कुमार गुप्ता, बदायूं सैम्सपुरा मलिक के मुनेंद्र, बिजनौर के धामपुर माजुमपुर जैतरा के अजय कुमार ,बलरामपुर के कान्यान नगर निवासी बृजमोहन पांडेय, गोरखपुर के गीडा बहरामपुर के सुधीर कुमार, गाजियाबाद के प्रकाशनगर खोरा कालोनी के आदित्य सिंह आदि शामिल हैं।



### आंध्र से आए गोवंश को मिला भवानी और भोलू नाम

आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के गोवंश एक बछिया और एक बछड़ा का शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामकरण किया। उन्होंने बछिया का नाम भवानी रखा है तो बछड़े का नाम भोलू। मंदिर की गोशाला में दक्षिण से आए गोवंश की इस जोड़ी का नाम रखने के बाद उनको खूब दुलारा। गोसेवक मुख्यमंत्री के स्नेह से मात्र दो दिन में सुदूर से आए ये गोवंश उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं। ● एजेंसी

## सार-संक्षेप

### नए बिजली कनेक्शन चार्ज प्रकरण में हस्तक्षेप करे सरकार : उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद

**अमृत विचार, लखनऊ** : नए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के बीच छिड़ा विवाद बढ़ता जा रहा है। परिषद ने राज्य सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन ने 40 मीटर की परिधि में गरीब जनता की कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव भेजा है, इसे तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य विद्युत नियामक आयोग की सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विद्युतीकृत क्षेत्र में 90 प्रतिशत नए बिजली कनेक्शन दो किलोवाट के उपभोक्ताओं के होते हैं, ऐसे में गरीब लोगों के हितों के विपरीत जाकर प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया गया है।

### अब अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी



**लखनऊ, अमृत विचार** : राज्य के मेडिकल कॉलेजों में और सरकारी अस्पतालों में सेवाएं देनी वाली नर्सिंग सिस्टर, सीनियर नर्सिंग अधिकारी और स्टाफ नर्स को नर्सिंग अधिकारी के रूप में जाना जाएगा। केन्द्र सरकार के बाद शनिवार को राज्य सरकार ने ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन की मांग पर नर्सिंग संवर्ग के दो पदनाम बदलने की सहमति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया कि नर्सिंग संवर्ग में छह पदनाम पर नर्सेस सेवाएं प्रदान करती हैं, अब प्रदेश के सभी अस्पतालों में पदनाम समान हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की भांति, नर्सिंग अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए नर्सिंग में बीएससी (ऑनर्स) के साथ छह माह का अनुभव या नर्सिंग डिप्लोमा के साथ ढाई साल का अनुभव मांगा गया है।

### एक अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रदेश में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होगी। धान की खरीद को लेकर राज्य सरकार ने तैयारी पूरी कर ली है। शासन के अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक अक्टूबर से खरीद होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। लखनऊ संभाग के जिलों में अलग-अलग तारीखों में धान खरीद होगी। अधिकारियों ने बताया कि धान किसानों का पंजीकरण कार्य बीती एक सितंबर से शुरू हो चुका है। अब तक लगभग 18 हजार किसान पंजीकरण करा चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में किसानों से धान बिक्री के लिए 3411 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए व ग्रेड ए के धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

### बच्चों का गणित व अक्षरज्ञान परखेगी सीएसएफ

**लखनऊ,अमृत विचार** : निपुण भारत मिशन के तहत परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राइमरी से कक्षा दो तक के बच्चों को दिए जाने वाले भाषा व गणित के ज्ञान की हकीकत जांची जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन (सीएसएफ) संस्था के साथ एमओयू किया है। पहले चरण में संस्था सीतापुर, गोरखपुर व अलीगढ़ के सभी विकासखंडों के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों का मूल्यांकन करेगी। विस्तृत रिपोर्ट राज्य परियोजना कार्यालय को दी जाएगी। संस्था के प्रतिनिधि यह भी देखेंगे कि इस मिशन के लिए भेजी गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं। जहां 80 प्रतिशत छात्र गणित और भाषा के मानकों पर बेहतर होंगे उन स्कूलों को निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा। विद्यालय को 25 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा जिसे प्रधानाध्यापक विद्यालय हित में खर्च कर सकेगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रंगनाथ मिश्रा को राहत

विधि संवाददाता,लखनऊ



**अमृत विचार।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए, उनके खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है। इस तथ्य की जानकारी ईडी ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दी जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए, न्यायालय ने रंगनाथ मिश्रा व एक अन्य की ओर से इस मामले में दाखिल याचिका को निस्तारित कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने दिया है। रंगनाथ मिश्रा के विरुद्ध वर्ष 2012 में भदोही के औरई थाने में ये से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया गया था। याची की ओर से दलील दी गई कि इसी मुकदमे के आधार पर 11 अगस्त 2014 को ईडी ने उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया, इसके पश्चात 13 दिसंबर 2021 को एक आदेश पारित करते हुए, उनकी कुछ संपत्तियां अटैच कर ली गईं। कहा गया कि अटैचमेंट ऑर्डर के पूर्व ही 29 सितंबर 2021 को रंगनाथ मिश्रा को आय से अधिक संपत्ति के उपरोक्त मामले में बरी कर दिया गया। न्यायालय ने याची की दलील को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए, 18 मई 2023 को ही मनी लॉन्ड्रिंग के उक्त मामले में विवेचनात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

# रोजगार मजबूरी के आधार पर परित्याग स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराजः



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले को रद्द करते हुए कहा कि नौकरी के लिए अलग-अलग रहने से पक्षकारों के मध्य परित्याग सिद्ध नहीं होता है। वर्तमान मामले में पक्षकारों का विवाह वर्ष 1999 में हुआ और 2000 में उन्हें एक बच्चा हुआ। पति झांसी में लोको पायलट के रूप में कार्यरत था जबकि पत्नी प्राथमिक शिक्षिका के रूप में चयनित होने के बाद पति के पैतृक घर से दूर औरैया में तैनात थी। ऐसी परिस्थितियों में वैवाहिक अधिकारों की बहाली की मांग करते हुए पति ने पहली बार वर्ष 2003 में मुकदमा दाखिल किया, जिसमें एकपक्षीय निर्णय सुनाया गया। बाद में पत्नी के कहने पर एकतरफा आक्षेपित निर्णय वापस ले लिया गया, लेकिन वर्ष 2007 में परित्याग और क्रूरता का आरोप लगाते हुए पति ने तलाक की कार्यवाही शुरू की और वर्तमान अपील दाखिल की।

कोर्ट ने अपीलकर्ता द्वारा विपक्षी/पत्नी पर जून 2003 में उसे छोड़ने के आरोप को सही नहीं पाया। कोर्ट के समक्ष रिकॉर्ड पर विपक्षी के बीमार होने पर पति द्वारा उससे मिलने और उसके बाद मेडिकल लीव के लिए आवेदन करने के लिए उसके स्कूल जाने के बारे में साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। अंत में कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि केवल अलग-अलग नौकरियों के कारण अलग रहने के कारण रोजगार मजबूरी के आधार पर परित्याग को बरकरार नहीं रखा जा सकता है। अपीलकर्ता द्वारा पत्नी के खिलाफ लगाए गए क्रूरता के आरोप के समर्थन में भी कोई साक्ष्य नहीं रखे गए, इसलिए परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा अपीलकर्ता की तलाक की कार्यवाही को खारिज करने के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने अरविंद सिंह सेंगर की प्रथम अपील को खारिज कर दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी की दूसरी जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता,प्रयागराज** :इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार करते हुए कहा कि अगर कोई विधिक बाधा ना हो तो ट्रायल कोर्ट यथाशीघ्र मामले का ट्रायल पूरा कर ले। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि वह 4 साल से जेल में निरुद्ध है। याची की पहली जमानत अर्जी 1 सितंबर 2021 को निरस्त कर दी गई थी। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि पीड़िता के मुख्य बयान और जिरह में समानता है। आरोपी के अधिवक्ता ने उसी दिन बयान लेने के बजाय जिरह दर्ज करने में जानबूझकर दो माह 9 दिन की देरी की, जिससे पीड़िता के बयान में अंतर हो सके, लेकिन पीड़िता के बयान और जिरह में समानता है, उसने आरोपी का नाम लिया है और घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। अंत में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के आलोक में ट्रायल यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश देने के साथ अभियुक्त अनिल कुमार की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

# हर ग्राम पंचायत में होंगे ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन

संवाददाता, बिल्हौर (कानपुर)

- प्रत्येक गांव में मौसम का हाल बताएगा सिस्टम
- किसानों को फसल बीमा का भी मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** हर ग्राम पंचायत में अब राज्य सरकार की ओर से ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की स्थापना कराई जा रही है, जिससे प्रदेश मुख्यालय पर हर ग्राम पंचायत के मौसम की जानकारी सीधे कंट्रोल रूम तक पहुंचती रहेगी। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन की छत पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

जनपद की कुल 590 ग्राम पंचायतों में से 566 ग्राम पंचायतों को इस योजना के अंतर्गत चुन लिया गया है। इसके साथ ही मौसम से जुड़ी तमाम बिंदुओं की जानकारी के साथ यह सिस्टम मौसम के पूर्वानुमान का अंदाजा लगाकर सांकेतिक रूप से अलर्ट जारी करेगा। ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम से जहां मौसम के पूर्वानुमान का पता लगाया जा सकेगा, वहीं इससे किसानों को भी काफी सहूलियत और लाभ हासिल हो सकेगा।

खास बात यह है कि अभी कृषि क्षेत्र में कई बार बीमा कंपनियां ग्राम पंचायत को आपदा की श्रेणी में नहीं लेती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है और उन्हें फसल का मुआवजा भी नहीं मिल पाता है, लेकिन अब ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम से सीधे ग्राम पंचायत में खराब मौसम की रीडिंग ली जा सकती है। रीडिंग से यह स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सकेगा कि किस ग्राम पंचायत में कितने मिलीमीटर बारिश हुई। इसके साथ ही हवा की गति और हवा में नमी की तीव्रता के साथ मौसम के तापमान के भी जानकारी मिल सकेगी।

# अयोध्या दुष्कर्म मामले में भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने अभियुक्त अहमद की जमानत याचिका पर दिया आदेश

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या दुष्कर्म मामले में भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट तलब की है। न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

अभियुक्त की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और वर्तमान मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। कहा गया कि अभियुक्त को कोई भी दस्तावेज भी नहीं दिए जा रहे हैं। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने दलील दी कि मामला बहुत गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। घटना के बाद पीड़िता गर्भवती भी हो गई, जिसके गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेज गया है।

# तीन वर्ष में जब्त हुए 1.75 अरब के मादक पदार्थ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 187 मुकदमे दर्ज हुए, 469 लोग किए गिरफ्तार

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार जहां एक तरफ अपराधियों का सफाया कर रही है वहीं, अवैध मादक पदार्थों के तस्करों पर भी जोरदार कार्रवाई जारी है। आलम यह है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान 1.75 अरब कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। यही नहीं अब तक 187 मुकदमे दर्ज कर 469 गिरफ्तारियां की गई हैं। वर्तमान वर्ष में ही 98 करोड़ के अवैध मादक पदार्थ बरामद किए जा चुके हैं।

2022 से लेकर 2024 में अब तक इन तीन वर्षों में एएनटीएफ ने 6.37 किलो मार्फिन, 33.44 किलो हेरोइन (स्मैक), 129.63 किलो चरस, 106.62 किलो अफीम, 9,380.14 किलो डोडा (पोस्ता तृण), 10,725.26 किलो गांजा और 3.44 किलो मेफेड्रान जब्त किया है। यदि, इस वर्ष यानी 2024 में अब तक की गई कार्रवाई की बात करें तो कुल 91 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 190 गिरफ्तारियां हुईं। वहीं 1.78 किलो मार्फिन, 13.93 किलो हेरोइन (स्मैक), 23.85 किलो चरस, 61.88 किलो अफीम, 3414.98 किलो डोडा (पोस्ता तृण), 6467.01 किलो गांजा और 3.44 किलो मेफेड्रान जब्त किया गया है। कुल मिलाकर एएनटीएफ ने 9988.86 किलो मादक पदार्थ जब्त किया, जिसकी कुल कीमत 98 करोड़, 49 लाख और 52 हजार रही।

### 12 लाख दीपों से जगमग होंगे काशी के घाट

**लखनऊ :** देव दीपावली की भव्यता को बढ़ाने के लिए काशी के 84 घाटों, कुंडो और तालाबों को 12 लाख से अधिक दीपों से रोशन किया जाएगा। लेज़र शो और ग्रीन आतिशबाजी भी की जाएगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि इनमें ढाई से तीन लाख दिये गाय के गोबर से बने होंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक जलते हुए दिखेंगे। घाटों को फसाड लाइट और इलेक्ट्रिक लाइट से रोशन किया जाएगा। लेज़र शो के माध्यम से घाट पर गंगा अवतरण व शिव महिमा की कहानी दिखाई जाएगी।

## वर्ग पहेली-199

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी चीज़ पर पड़ी हुई या जमी हुई गर्द, धूल, मल 2. किसी के प्रति मन में होने वाला या रहने वाला दोष या विकार।

2. 1. जिसे वश में कर लिया गया हो, वश में किया हुआ 2. मोहित, मुग्ध।

5. 1. जनता की सेवा करने वाली स्त्री, समाजसेविका 2. लोगों को जागरूक करने वाली स्त्री।

7. 1. गरम होने का भाव, उष्णता, ताप 2. ग्रीष्म ऋतु 3. आवेश, तेज़ी, उग्रता 4. उमंग, उत्साह 5. घमंड, अहंकार, गर्व 6. यौन रोग,आतशक, उपदंश 7. हाथी या घोड़ों में होने वाला एक रोग। (मु.)-खाना : गुस्सा करना। -निकालना : घमंड नष्ट कर देना।


8. 1. बंगाल का पुराना नाम 2. ब्राह्मणों का एक वर्ग 3. कायस्थों की एक उपजाति 4. राजपूतों की एक शाखा 5. (संगीत) एक राग जो तीसरे पहर तथा संध्या के समय गाया जाता है।

**ऊपर से नीचे**

3. साहित्यिक या कलात्मक कृति का रचयिता; रचना करने वाला व्यक्ति, रचनाकार, लेखक।

4. महारानी, पटरानी।

6. 1. बीता हुआ, गत 2. पिछला 3. गत से ठीक पहले का



### वर्ग पहेली -198 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1 सु | जा | 2 ग | र |
| 3 लुं | | | म | |
| ज | | 4 पी | न | क |
| | 5 कु | त | प | |
| 6 ध | | 7 क | थ | न |
| रे | | | | |
| 8 जा | मि | ई | य | त |

## सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 7 | 5 | | 4 | |
| 9 | | 2 | | 1 | | 8 | | |
| 3 | 7 | | 2 | | | 4 | 8 | |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| | 1 | 5 | | | 3 | | 7 | 9 |
| | | 8 | | 9 | | 1 | | 3 |
| | 9 | | 6 | 3 | | 5 | | |
| | 5 | | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 111 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 6 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15 .43 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 23 .02 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज लोग आपसे बहुत अपेक्षाएं रखेंगे। इसीलिए आपके ऊपर थोड़ा दबाव भी हो सकता है। प्रेम संबंधों में नवीनता का आनंद लेंगे। किसी परिजन का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। दांपत्य संबंधों में बहसबाजी करने से बचें।

**वृष** — आज नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अच्छे प्रदर्शन से लोग प्रेरणा लेंगे। बच्चों की उन्नति से गर्व का अनुभव करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी उत्तम रहेगा। नजदीकी लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विमर्श कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से आपको बचना चाहिए। दूसरों से मदद की अपेक्षा करते वक्त अपने स्वाभिमान का भी ध्यान रखें। रक्तचाप की समस्या आपको परेशान कर सकती है। महत्वपूर्ण उपकरणों में खराबी होने की संभावना है।

**कर्क** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। युवाओं को जॉब के नए अवसर मिलेंगे। आप कई सारी समस्याओं को सुलझाने के मूड में रहेंगे।

**सिंह** — आज दूसरों की समस्याओं को लेकर भावुक हो सकते हैं। पारिवारिक कलह शांत होगी। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। रिश्तेदारों से सुखद समाचार मिलेंगे। मन में कुछ नया और रचनात्मक करने की इच्छा रहेगी।

**कन्या** — आज विदेश यात्रा होने की संभावना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। अपने लक्ष्यों को पूरा करने को लेकर उत्सुक रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज मधुमेह के रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। सहयोगी आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। झूठी शान और अहंकार से आपको बचना चाहिए। परिजनों की भावना का ध्यान रखें। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**वृश्चिक** — आज धन संबंधित मामलों के लिए दिन शानदार रहेगा। जीवनसाथी के विचारों से आप प्रभावित रहेंगे। मित्रों के साथ बाहर घूमने के लिए जा सकते हैं। बढ़ते हुए खर्चों को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। आपके मन की कोई इच्छा पूरी होगी।

**धनु** — आज बैंककर्मियों को पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। दूसरों की भावनाओं की कद्र करें। अपने अनुभवों का लाभ उठायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पिता का सहयोग मिल सकता है। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मकर** — आज किसी सहकर्मी से आपका मतभेद हो सकता है। पुराने अनुभवों का लाभ उठा सकते हैं। अधिकारियों का समर्थन प्राप्त होगा। व्यवसाय में नए साझेदार जोड़ने का विचार बनाएंगे। अविवाहितों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज गलत सूचनाओं के कारण काम में बाधा आ सकती है। माता की आज्ञा का पालन करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**मीन** — आज प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है। जीवनसाथी की सलाह से काम करना हितकर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। नए लोगों से संपर्क हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- माफिया राज — सुबह : 11.17
- परिवार — रात : 07.00

**&pictures**
- कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 09.22
- मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे — रात : 08.00

**SONY PIX**
- घोस्ट राइडर — सुबह : 09.00
- क्लैश ऑफ द टाइटन्स — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- सिंबा — सुबह : 09.41
- आरआरआर — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
- आई — सुबह : 10.43
- हॉली डे — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर सेवाएं बहाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के हैक हुए यूट्यूब चैनल पर सेवाएं बहाल कर दी गईं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर शुक्रवार को अपलोड किए गए नोटिस में कहा गया, 'सभी संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि भारत के उच्चतम न्यायालय के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है और इसकी सेवाएं चालू हैं। भारत के उच्चतम न्यायालय के यूट्यूब चैनल पर सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई हैं।' न्यायालय का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक हो गया था और उस पर अमेरिकी कंपनी 'रिपल लैब्स' निर्मित 'क्रिप्टोकरंसी' के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा था।

### एनआईटी पटना में छात्रा ने की आत्महत्या

**पटना।** पटना के बिहटा स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) की एक छात्रा ने संस्थान के छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा आंध्र प्रदेश की रहने वाली थी। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। पटना पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब सवा 10 बजे पुलिस को एक फोन कॉल के जरिए बताया गया कि एक छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है।

### वरिष्ठ माकपा नेता एमएम लॉरेंस का निधन

**कोच्चि।** वरिष्ठ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एवं पार्टी की केंद्रीय समिति के पूर्व सदस्य एमएम लॉरेंस का शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में उम्र जनित बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीआईटीयू) के नेता लॉरेंस केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के संयोजक और कोचीन पोर्ट लेबर यूनियन के अध्यक्ष भी रहे।

# संतों-विशेषज्ञों से राय लेकर करेंगे शुद्धिकरण

**तिरुपति लड्डू मामला**

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सरकार के भावी कदमों की दी जानकारी

**अमरावती, एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी। हाल में राजग के विधायक दल की बैठक के दौरान नायडू ने दावा किया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के संबंध में अपना निर्णय लेगी जो, तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। नायडू ने एक बयान में कहा कि हम इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि टीटीडी के संबंध में आगे क्या करना है और कैसे आगे बढ़ना है। पुरोहितों, पुजारियों और सनातन धर्म के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद हम तय करेंगे कि अनुष्ठानिक पवित्रीकरण कैसे किया जाना चाहिए।

तिरुपति लड्डू की महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की, लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा कि अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया, लेकिन वह नहीं हो पाया। लड्डू में पशु चर्बी की मिलावट का दावा दो दिन पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया था। इस मुद्दे को लेकर पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर आरोप लगाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने इसे ध्यान भटकाने की राजनीति और मनगढ़ंत कहानी बताया।

टीटीडी ने शुक्रवार को प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि घी में जानवरों की चर्बी और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं।



### 'लड्डू प्रसादम' की पवित्रता बहाल : टीटीडी

**तिरुपति।** तिरुपति के प्रसिद्ध 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल घी की गुणवत्ता को लेकर श्रद्धालुओं की चिंताओं के बीच तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा कि इस पवित्र प्रसाद की शुचिता बहाल कर दी गई है। तिरुमला पर्वत पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाले टीटीडी ने कहा कि श्रीवारी लड्डू की पवित्रता अब बेदाग है। टीटीडी सभी भक्तों की संतुष्टि के लिए लड्डू प्रसादम की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के सबसे अमीर मंदिर का प्रबंधन करने वाले बोर्ड ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उसे गुणवत्ता की जांच के लिए भेजे गए नमूनों में घटिया गुणवत्ता के घी और चर्बी की मिलावट का पता चला है।

### जगनमोहन रेड्डी एवं अन्य के खिलाफ हैदराबाद में शिकायत दर्ज

**हैदराबाद।** 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल किए जाने वाले घी में मिलावट के आरोपों के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी एवं अन्य के खिलाफ हैदराबाद में एक शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें उन पर मंदिर को अपवित्र करने के दुर्भावनापूर्ण कृत्य और हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता के. करुणा सागर ने प्रयोगशाला की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सैदाबाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।


# खट्टर का कुमारी सैलजा को न्योता कहा- भाजपा में हो जाएं शामिल

**हरियाणा विस चुनाव**

**चंडीगढ़, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद कुमारी सैलजा (एक प्रमुख दलित चेहरा) के हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों पर कहा कि सैलजा भाजपा में शामिल हो जाएं। हरियाणा विधानसभा का चुनाव 5 अक्टूबर को होगा।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राज्य इकाई में कथित अंदरूनी कलह की ओर भी इशारा किया। खट्टर शुक्रवार शाम घरौंडा में भाजपा उम्मीदवार हरविंदर कल्याण के समर्थन में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वहां (हरियाणा कांग्रेस में) बहुत अंदरूनी कलह है और उनके मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। पिता और पुत्र (कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा) के बीच लड़ाई है। पिता कहते हैं कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे, जबकि बेटा कहता है कि वह बनेगा। उनके अलावा अन्य नेताओं की भी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा है।



खट्टर ने कहा कि हमारी दलित बहन हैं। घर पर बैठी हैं। लोगों का एक बड़ा वर्ग आज सोच रहा है कि उन्हें क्या करना चाहिए। कई लोग उनसे नाराज थे और हम उन्हें पार्टी में ले आए। यदि (वह) आती हैं, तो हम एक प्रस्ताव के साथ तैयार हैं। हम उन्हें पार्टी में शामिल करने के लिए तैयार हैं। भाजपा कांग्रेस की राज्य इकाई में कथित गुटबाजी के मुद्दे को लेकर पार्टी पर निशाना साधती रही है, लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा था कि हरियाणा कांग्रेस में कोई असंतोष नहीं है। चिदंबरम ने कहा था कि मेरी अच्छी दोस्त सैलजा जी ने (भूपेंद्र सिंह) हुड्डा के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है, न ही हुड्डा ने सैलजा के विरुद्ध एक शब्द कहा है। इसलिए हम एक एकजुट पार्टी हैं। हम यह चुनाव एकजुट होकर लड़ेंगे।

### कांग्रेस बोली, अपना घर संभाले भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेता कुमारी सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता देने के लिए भाजपा पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि उसे दूसरे के घरों में ताक-झांक करने से पहले पहले अपना घर देखना चाहिए। खरगे ने कहा कि भाजपा अपने नेताओं को नहीं संभाल पा रही है और उसके नेता दूसरे दलों में भाग रहे हैं, लेकिन वह अपना घर देखने की बजाय दूसरे के घर में ताक-झांक में व्यस्त है।

## अधीर रंजन की जगह शुभंकर बने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल करते हुए शुभंकर सरकार को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुभंकर सरकार को तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने अब तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में पार्टी मजबूत हुई है। कांग्रेस ने इसके साथ ही जम्मू कश्मीर में एमके भारद्वाज तथा भानु महाजन को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।

# किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

**जम्मू, एजेंसी**

- सेना और पुलिस की कार्रवाई में तीन आतंकवादी घिरे

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच शनिवार शाम एक मुठभेड़ हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने चटरू के जंगल में तलाश अभियान शुरू किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

बताया जा रहा है कि इलाके में दो से तीन आतंकी घिर गए हैं। फिलहाल सेना और पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को भी दहशतगर्दों ने रियासी में भी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश की थी। आतंकियों द्वारा बीते 24 घंटे में यह दूसरा बड़ा दुस्साह है। इससे पहले 13 सितंबर को राइजिंग स्टार कोर के जवानों ने खंडारा कठुआ में चल रहे ऑपरेशन में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था। जवानों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए थे।

## तिरुपति लड्डू में अमूल का मिलावटी घी बताया, सात लोगों पर मुकदमा

**अहमदाबाद।** तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले खराब गुणवत्ता के घी के अमूल ब्रांड का होने संबंधी गलत सूचना फैलाने के आरोप में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के सात उपयोगकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के इस दावे के बाद बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है कि राज्य में पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। आणंद स्थित गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने मंदिर का प्रबंधन संभालने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति किए जाने से इनकार किया है।

# सोडा फैक्ट्री में क्लोरीन गैस हुई लीक, 60 लोग चपेट में आए

**अनूपपुर, एजेंसी**

- मध्य प्रदेश के अनूपपुर का मामला

शहडोल-अनूपपुर की सीमा में स्थित एक सोडा फैक्ट्री में शनिवार शाम कैलोरीन गैस के पाइप लाइन में रिसाव से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोग घरों से निकलकर बाहर भागने लगे। जानकारी लगते ही अनूपपुर के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

गैस के रिसाव से लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ हो रही है। 60 से अधिक लोगों को ऐसी दिक्कतें आई हैं, जिन्हें उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रखकर उपचार दिलवाया जा रहा है। अनूपपुर के जिलाधिकारी हर्षल पांचोली ने कहा कि अमलाई स्थित कारखाने में रात करीब 8 बजे रिसाव का पता चला। उन्होंने बताया कि प्रबंधन ने तुरंत रिसाव को बंद करा दिया, लेकिन करीब 20 लोगों ने आंखों में जलन की शिकायत की। तब तक किसी को इस बात का अहसास नहीं था कि अचानक यह सब कैसे हो रहा है।

**अब सूरत में ट्रेन पलटाने की साजिश**

# रेल पटरी की फिश प्लेटें हटाई, पेंच ढीले किए

**सूरत, एजेंसी**

गुजरात के सूरत जिले में शनिवार को अज्ञात लोगों ने रेल पटरी से छेड़छाड़ करके ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश की तहत फिश प्लेटें हटा दीं। कई पेंच भी ढीले कर दिए। अधिकारियों ने बताया कि कोसांबा और किम रेलवे स्टेशन के बीच प्रभावित पटरी से ट्रेन गुजरने से पहले ही एक लाइनमैन ने तड़के गड़बड़ी को भांपकर रेलवे अधिकारियों को सूचना दी, जिसके चलते छेड़छाड़ की कोशिश का पता चल गया।



सूरत (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक हितेश जोयसर ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने रेलवे पटरी पर दो पटरियों के सिरों पर लगीं दो फिश प्लेट हटा दीं और उन्हें बराबर वाली पटरी पर रख दिया। जोयसर ने बताया कि उन्होंने 40-50 पेंच भी ढीले कर दिए। पुलिस उपाधीक्षक आरआर सरवैया ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे पटरी का निरीक्षण कर रहे एक लाइनमैन को इस गड़बड़ी का पता चला और उसने रेलवे प्रशासन को सूचित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे इंजीनियर और अन्य कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और लाइन की मरम्मत की, जिसके बाद विभिन्न ट्रेन की आवाजाही फिर से शुरू हुई।

सरवैया ने बताया कि रेलवे और स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तथा मामला दर्ज किया जा रहा है। किम थाने के निरीक्षक पीएच जडेजा ने कहा कि यह ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश थी और रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता के कारण दुर्घटना टल गई। उन्होंने कहा कि नुकसान ठीक होने के बाद ट्रेन की आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

## आठ उच्च न्यायालयों को मिले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आठ उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन को इसी हाईकोर्ट का नियमित मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इसी प्रकार दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट और न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंद्र प्रसन्ना मुखर्जी को मेघालय हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति नितिन मधुकर जामदार को केरल हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

# राजनीति में आप हर बात दिल पर नहीं ले सकते : सुप्रीम कोर्ट

## मानहानि के मामले में केंद्रीय मंत्री मुरुगन की अर्जी पर शीर्ष न्यायालय ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में शुरू की गई कार्यवाही संबंधी उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि राजनीति में आप हर बात दिल पर नहीं ले सकते।

मुरुगन ने पिछले साल शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाकर मद्रास हाईकोर्ट के 5 सितंबर, 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। मद्रास हाईकोर्ट ने दिसंबर 2020 में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुरुगन के कथित मानहानिकारक बयानों को लेकर चेन्नई स्थित 'मुरासोली ट्रस्ट' द्वारा दायर शिकायत पर उनके खिलाफ कार्यवाही को रद करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 27 सितंबर को उनकी याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताते हुए चेन्नई की एक विशेष अदालत में मुरुगन के खिलाफ लंबित कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। पीठ ने उनकी याचिका पर मुरासोली ट्रस्ट से भी जवाब मांगा था।



यह मामला जब शुक्रवार को न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो मुरुगन की ओर से पेश वकील ने कहा, 'इस मामले में मानहानि का सवाल ही कहां है?' ट्रस्ट की ओर से पेश वकील ने मामले की सुनवाई स्थगित किए जाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, 'राजनीति में आप हर बात दिल पर नहीं ले सकते।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी के वकील के अनुरोध पर चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

### मुरुगन खटखटा चुके हैं हाईकोर्ट का दरवाजा

इससे पहले मुरुगन ने अपने खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि ट्रस्ट के अनुसार, मुरुगन ने मुरासोली ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को नीचा दिखाने और उसे कलंकित करने के उद्देश्य से बयान दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि अदालत याचिका रद्द करने पर विचार करते समय मामले के गुण-दोष या विवादित तथ्यों के प्रश्नों पर विचार नहीं कर सकता। कोर्ट को केवल शिकायत में लगाए गए आरोपों के आधार पर ही आगे बढ़ना है और प्रथम दृष्टया यह पता लगाना है कि अपराध क्या है?

# कृषि-कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2535, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2115, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1955, जय जवान 1930, सचिन 1980, सूरज 1955, अवसर 1980, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 2025, क्लासिक (किलो) 2090, मोर 2110, चक्र टिन 2350, ब्लू 2145, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13000 ।

# बीमा अभी भी गरीबों के लिए चुनौती: मुख्य सचिव

## पीके मिश्रा ने विविध क्षेत्रों में बीमा प्रसार बढ़ाने का किया आह्वान, बीमा विस्तार पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने भारत सहित दुनियाभर में आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता पर चिंता जताते हुए विविध क्षेत्रों में बीमा प्रसार बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण की वकालत की है। मिश्रा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कार्यशाला में 'आपदा जोखिम बीमा क्यों महत्वपूर्ण है - प्रमुख अवधारणाएं और लाभ' विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि बीमा न केवल उपलब्ध हो, बल्कि सबसे गरीब तबके के लोगों तक उसकी पहुंच भी हो। यह एक प्रमुख चुनौती है।



मुख्य सचिव ने कई प्रश्न भी उठाए। जैसे, "क्या सरकार को बीमा बाजार की वृद्धि में उत्प्रेरक की भूमिका निभानी चाहिए या उसे कुछ क्षेत्रों के लिए बीमा खरीदने जैसी प्रत्यक्ष भूमिका निभानी चाहिए? सरकार को किस प्रकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी बनानी चाहिए, जिससे बीमा सेवाओं और उत्पादों की पहुंच में सुधार हो?" मिश्रा ने आगे कहा कि ये प्रश्न सीधे तौर पर बीमा-संबंधी हस्तक्षेपों की राजकोषीय स्थिरता से संबंधित हैं। उन्होंने मजबूत बीमांकिक विशेषज्ञता और एक सुपरिभाषित कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बीमा प्रसार के विस्तार में उभरते रुझानों के संदर्भ में मिश्रा ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। इनमें उन वर्गों तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के तरीके शामिल हैं, जिन्हें बीमा खरीदना मुश्किल लगता है। इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर एक सर्वसमावेशी एजेंडे के बारे में भी बताया।

**किफायती मूल्य पर हो उपलब्धता:** पीके मिश्रा ने कहा कि सवाल ये उठते हैं कि बीमा लोगों के लिए किस प्रकार अधिक किफायती मूल्य पर उपलब्ध हो, अधिक जागरूकता तथा सरलीकृत दावा निपटान प्रक्रिया के माध्यम से बीमा की पहुंच को व्यापक बनाया जाए। उन्होंने दो अहम सरकार समर्थित बीमा कार्यक्रमों- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और आयुष्मान भारत के बारे में भी बात की। मिश्रा ने कहा कि ये दोनों पहल सामाजिक समानता, वित्तीय समावेशन और घरेलू स्तर पर जोखिम प्रबंधन को बढ़ावा देने के सरकार के व्यापक एजेंडे में शामिल हैं।

## सर्राफा

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कानपुर** | | चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 | चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 | चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 | **बरेली** | |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,200 | सोना जेवरात पक्के | 75,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,800-57,000 | सोना जेवरात गिन्नी | 74,800 |
| **लखनऊ** | | चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 75,950 | **मुरादाबाद** | |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 75,800 | सोना 24 कैरेट | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 | चांदी आभूषण | 89,800 । |

**मैंथा भाव**

**चन्दौसी :** शिवालिक- 960 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870 **रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-855 बोल्ड-1180

## भारत को हिल्सा मछली निर्यात करेगा बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि वह आगामी दुर्गा पूजा के दौरान भारत को 3,000 टन हिल्सा मछली का निर्यात करेगी। सरकार ने अपने पिछले फैसले में संशोधन किया है। दुर्गा पूजा नौ से 13 अक्टूबर तक मनाई जाएगी।

कुछ ही दिनों पहले मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत को हिल्सा निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे बांग्लादेश द्वारा अपने पड़ोसी के प्रति 'सद्भावना संकेत' के रूप में लंबे समय से चली आ रही परंपरा समाप्त हो गई थी।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में जागरूकता के लिए एरीज-बीईएल के बीच समझौता

**संवाददाता, नैनीताल**

- आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देगा यह अनुबंध

अमृत विचारः आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) व भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच मेक इन इंडिया के तहत अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता लाने के लिए अनुबंध (एमओयू) हुआ है।

शनिवार को गाजियाबाद में आयोजित अनुबंध कार्यक्रम मे प्रो. बनर्जी ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। खगोल विज्ञान व प्रौद्योगिकी को नई ऊर्जा देने के लिए जागरूकता के अधिक प्रयास करने की सख्त जरूरत है। तभी देश आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होगा। एरीज निदेशक प्रो. दिपांकर बनर्जी व महाप्रबंधक रश्मी कथूरिया ने अनुबंध में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एरीज से डा बृजेश कुमार, डॉ. टीएस कुमार, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद तथा बीईएल के वरिष्ठ अधिकारी भानु प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (ओयू), अनूप कुमार राय, सीएस (सीआरएल-जीएडी) पुनीत जैन मौजूद थे।



## टाटा स्टील ने ओडिशा में लगाई देश की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस

**मुंबई।** टाटा स्टील ने ओडिशा में कलिंगनगर इस्पात कारखाना परिसर के विस्तार के तहत वहां देश में अब तक की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस को चालू किया है। कंपनी ने कहा है कि कुल 27,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ इस दूसरे चरण के विस्तार से कलिंगनगर परिसर की कुल उत्पादन क्षमता 30 लाख टन वार्षिक से बढ़कर 80 लाख टन हो जाएगी।

# बागवानी फसलों का रकबा बढ़ा, पैदावार घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वर्ष 2023-24 में आम, केला, नींबू, अंगूर, सेब और अन्य फलों की पैदावार 2.29 प्रतिशत बढ़कर 11 करोड़ 27 लाख 30 हजार टन होने की उम्मीद है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्रफल और पैदावार का 2023-24 का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। आंकड़ों के अनुसार, मीठा संतरा, अमरूद, लीची, अनार, अनानास की पैदावार वर्ष 2022-23 की तुलना में घटने का अनुमान है।



मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों व अन्य सरकारी एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्रफल और पैदावार का वर्ष 2023-24 का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। वर्ष 2023-24 में प्याज की पैदावार 242.44 लाख टन होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2023-24 में बागवानी फसलों की पैदावार लगभग 35 करोड़ 31लाख 90 हजार टन होने का अनुमान है, जो वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 22.94 लाख टन कम है। इस हिसाब से बागवानी का रकबा तो बढ़ा, लेकिन पैदावार कम हुई। वर्ष 2023-24 में हालांकि फलों, शहद, फूलों, बागानी फसलों, मसालों और सुगंधित एवं औषधीय पौधों के उत्पादन में वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में सब्जियों की पैदावार लगभग 20 करोड़ 58 लाख टन होने की संभावना जताई गई है।

# वंतिका ने संभाली टीम की जिम्मेदारी

शतरंज ओलंपियाड



● वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने अमेरिका से खेला ड्रॉ

बुडापेस्ट, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल ने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंडमास्टर इरिना क्रश को हराया जिसकी मदद से भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के नौवे दौर में अमेरिका से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि पुरूष टीम ने उजबेकिस्तान के साथ अंक बांटे। भारतीय टीम प्रबंधन ने खराब फॉर्म में चल रही डी हरिका को आराम दिया लेकिन आर वैशाली शीर्ष बोर्ड पर गुलरूखबेगम तोखिरजोनोवा से हार गई।

दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख ने कारिसा यिप से ड्रॉ खेला। तानिया सचदेव और एलिस ली का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। इसके बाद वंतिका पर सारी जिम्मेदारी आ गई थी जिसने निराश नहीं किया और ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को हराया। अब भारत के 15 अंक है और स्वर्ण पदक की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये आखिरी दोनों दौर में जीत दर्ज करनी होगी। कजाखस्तान 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसने पोलैंड को 2.5-1.5 से हराया। भारत दूसरे स्थान पर हैं और नौ टीमें 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। अगले दौर में कजाखस्तान का सामना जॉर्जिया से और भारत की टक्कर चीन से होगी। ओपन वर्ग में भारतीय पुरुष टीम ने गत चैम्पियन उजबेकिस्तान से ड्रॉ खेला। लगातार आठ जीत के बाद अगर भारत नौवें दौर में भी जीत जाता तो स्वर्ण पदक तय हो जाता। अर्जुन एरिगेसी ने शमसिद्दीन वोखिदोव की गलती का फायदा नहीं उठा सके और उन्होंने ड्रॉ खेला।

### चीन में हुई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने वाली भारतीय हॉकी टीम में यूपी के चार खिलाड़ी रहे शामिल

# भारतीय हॉकी का परचम फहरा रहे यूपी के सितारे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में उत्तर प्रदेश के दो खिलाड़ी शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने मुकाबलों में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद हाल ही चीन में आयोजित की गई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने वाली भारतीय हॉकी टीम में भी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक बार फिर जलवा बिखेरा। हॉकी जगत के दिग्गजों के अनुसार भारतीय हॉकी अपने स्वर्णिम दौर की तरफ बढ़ रही है। भारतीय हॉकी में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का दबदबा बढ़ रहा है।



ललित उपाध्याय



आमिर अली



उत्तम सिंह



विष्णुकांत सिंह

पेरिस ओलंपिक में वाराणसी के ललित उपाध्याय और करमपुर के राजकुमार पाल भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे। दोनों ही खिलाड़ियों ने मुकाबले में न केवल दमदार प्रदर्शन किया, बल्कि टीम को एक-एक बाद जीत दिलाने में विशेष योगदान किया। हॉकी टीम में भी करमपुर के राजकुमार शामिल रहे। करमपुर के एक अन्य खिलाड़ी उत्तम सिंह भी चैंपियंस ट्रॉफी में खेले। इसके अलावा लखनऊ के आमिर अली और गाजीपुर के विष्णुकांत सिंह भी टीम के लिए अहम खिलाड़ी साबित हुए।

**इन सितारों ने कमाया नाम :** आमिर अली– लखनऊ, ललित उपाध्याय– वाराणसी, राजकुमार पाल– करमपुर, उत्तम सिंह– करमपुर, विष्णुकांत सिंह– अड़गावा, गाजीपुर।

"उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी लगातार दमदार प्रदर्शन कर प्रदेश और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। भारतीय हॉकी में प्रदेश के खिलाड़ी छाये हुए हैं। इन खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे।

**डॉ. आरपी सिंह,** चेयरमैन, भारतीय हॉकी टीम चयन समिति

उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के बदौलत ही भारतीय हॉकी स्वर्णिम दौर फिर लौटेगा। यहां के खिलाड़ी लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के बढ़ने से भारतीय हॉकी और बेहतर होगी।"

**सै. अली,** पूर्व ओलंपियन

## खेल डायरी

### एनआरएआई के नए अध्यक्ष बने कलिकेश सिंह देव

**नई दिल्ली।** कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के नए अध्यक्ष बन गए हैं जिन्होंने वी के धाल को शनिवार को यहां हुए चुनाव में 36–21 से हराया। ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल रनिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का दैनंदिनी कामकाज देख रहे थे। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकता। इसके बाद रनिंदर ने इस्तीफा दिया था जिनके 12 साल 29 दिसंबर 2022 को पूरे हो गए थे। पिछले साल अप्रैल में रनिंदर के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज इसके वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश देख रहे थे। उनके कार्यवाहक प्रमुख रहते भारत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में तीन पदक जीते । रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक 2020 से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

### गोल्फर शुभंकर शर्मा वेंटवर्थ में कट से चूके

**वेंटवर्थ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप के दूसरे दौर में 74 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर दूसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। उन्होंने पहले दौर में 75 का स्कोर किया था। वह कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 116वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के मैथ्यू बाल्डविन ने 66 के शानदार कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### तीन भारतीयों ने ला सेला ओपन कट में किया प्रवेश

**डेनिया (स्पेन)।** भारत की रिधिमा दिलावारी, प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन गोल्फ के दूसरे दौर के बाद कट में प्रवेश कर लिया जबकि सहर अटवाल एक शॉट से चूक गई। कुल 62 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया है। रिधिमा संयुक्त 15वें, प्रणवी संयुक्त 34वें और त्वेसा संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। क्रिस्टीन आर, सारा कूस्कोवा और वर्जिनिया एलेना कार्टा संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### लखनऊ के अब्बास ने नेशनल बाक्सिंग में जीता सोना

**लखनऊ।** रांची में स्थित खेल गांव स्टेडियम में 13 से 16 सितंबर तक खेली गई चौथी सीआईएससीई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लखनऊ लामार्टिनियर कालेज के कक्षा 12 के छात्र अब्बास काजिम ने अण्डर-19 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। काजिम ने 64 से 69 किलाग्राम वर्गभार में महाराष्ट्र के मुक्केबाज को फाइनल के पहले राउंड में नॉकआउट मार कर स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होने इससे पहले गत वर्ष रांची में सीआईएससीई जूनियर नेशनल अण्डर-17 के 67 से 70 किलो भार वर्ग में स्वर्ण जीता था। काजिम ने रांची की सीनियर नेशनल 2024 के क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक को पहले राउंड के चंद पल में धूल चटाते हुए नॉक आउट आधार पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में दस्तक दी जबकि सेमीफाइनल में उन्होने पंजाब के मुक्केबाज को पहले राउंड के चंद पल में ढेर कर दिया। खिताबी मुकाबले में काजमी ने महाराष्ट्र के मुक्केबाज को अपनी धमक दिखाते हुए चंद पल में नॉकआउट मारकर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया।


### जिम्बाब्वे का सितारा दे सकता है कंगारुओं को टक्कर : रजा

**हरारे।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को उम्मीद है कि जिम एफ्रो टी-10 के दूसरे संस्करण में जिम्बाब्वे का कोई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई डेविड वॉर्नर क्रिकेट के खेल में सबसे ज्यादा विध्वंसक बल्लेबाजों में से एक हैं और अभी उनका पूरा ध्यान खूबसूरत हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रन बनाने पर है, लेकिन लोकल सुपरस्टार सिकंदर रजा को उम्मीद है कि जिम्बाब्वे क्रिकेट परिवार का कोई खिलाड़ी जिम एफ्रो टी10 के दूसरे संस्करण में अंतर्राष्ट्रीय सितारों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। रजा ने कहा हमने बहुत से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों को आकर्षित किया है, जिसमें डेविड वॉर्नर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस साल के सीज़न के मुख्य खिलाड़ियों में से एक हैं। हमारे इस टी-10 टूर्नामेंट ने इस साल सभी छह फ्रैंचाइजों में खिलाड़ियों को शामिल करके जो किया है, उससे यह निश्चित रूप से एक बहुत ही रोमांचक टूर्नामेंट होने जा रहा है। जिम्बाब्वे के कप्तान ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं उम्मीद कर रहा हूं और प्रार्थना कर रहा हूं कि कोई जिम्बाब्वे का खिलाड़ी सबसे अधिक रन बनाए, सबसे अधिक कैच पकड़े और सबसे अधिक विकेट ले, क्योंकि इस टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे क्रिकेट का विकास बहुत महत्वपूर्ण है और मैं इसी का इंतजार कर रहा हूं।

# भारत ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

## तीसरे दिन गिल और पंत ने जड़े शतक, बांग्लादेश ने 4 विकेट खोकर बनाए 158 रन






चेन्नई, एजेंसी

शुभमन गिल (119 नाबाद) और रिषभ पंत (109) के बीच 167 रन की भागीदारी के बाद रविचंद्रन अश्चिन (63 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मैच के तीसरे दिन शनिवार को भारत ने भोजन अवकाश के बाद अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बना कर घोषित कर दी और मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बांग्लादेश ने चार विकेट पर 158 रन बना लिए थे।

दिन का खेल खत्म होने के समय नजमुल हुसैन शांतो 51 रन और शाकिब अल हसन पांच रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश अभी भी लक्ष्य 357 रन पीछे है जबकि भारत को जीत के लिये अब छह विकेट की दरकार है। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये थे जिसके जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर 514 रन की लीड हासिल कर ली और मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। आज के मैच का मुख्य आकर्षण शुभमन और रिषभ के शतक रहे। लंच के बाद मेहदी हसन मिराज को रिटर्न कैच देने से पहले रिषभ ने अपनी शतकीय पारी में 128 गेंद खेल कर 13 चौके और चार छक्के लगाए।

पंत के आउट होने के बाद क्रीज पर आए केएल राहुल (22 नाबाद) के साथ मिलकर गिल ने करियर का पांचवां शतक पूरा किया। जाकिर हसन (33) और शादमन इस्लाम (35) ने बांग्लादेश के लिए सतर्क और तेज शुरुआत की और पहले विकेट के लिये 62 रन बटोरे। रविचंद्रन अश्विन ने एक के बाद एक शादमन इस्लाम,मोमिनुल हक (13) और मुशफिकर रहीम (13) के विकेट झटक कर बांग्लादेश को बैकफुट पर ढकेल दिया। बांग्लादेश कप्तान शांतो आक्रामक अंदाज में अड़े रहे।

### स्पिनरों के लिए कदमों का इस्तेमाल किया : गिल

**चेन्नई।** शुभमन गिल ने बांग्लादेश के स्पिनरों को कुंद करने के लिए कदमों का इस्तेमाल करने की पुरानी शैली अपनाई और भारत के इस बल्लेबाज ने कहा कि यह उनकी धीमी गति के गेंदबाजों से निपटने की रणनीति का हिस्सा था। गिल ने कहा इससे पहले जब मैं अभ्यास करता था तो विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करके आगे बढ़कर खेलता था। यही रणनीति मैंने यहां अपनाई ही क्योंकि इस तरह के विकेट पर स्पिनर के लिए लय हासिल करना आसान नहीं था क्योंकि गेंद कभी कभार ही टर्न ले रही थी। वह युवावस्था से ही स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करने का अभ्यास करते थे और समय बढ़ने के साथ वह अपने कौशल को निखारते रहे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 376 रन**

**बांग्लादेश पहली पारी : 149 रन**

**भारत दूसरी पारी : 287/4 (पारी घोषित)** 64 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का दास बो राणा | 10 | 17 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का हसन बो अहमद | 5 | 7 | 1/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 119 | 176 | 10/4 |
| विराट कोहली पगबाधा बो मिराज | 17 | 37 | 2/0 |
| ऋषभ पंत का और बो मिराज | 109 | 128 | 13/4 |
| केएल राहुल नाबाद | 22 | 19 | 4/0 |

**अतिरिक्त** : पांच रन, कुल योग : 64 ओवर में चार विकेट पर 287 रन (पारी घोषित), **गेंदबाजी** : अहमद 7-1-22-1, महमूद 11-1-43-0, राणा 6-0-21-1, शाकिब 13-0-79-0, मिराज 25-3-103-2, हक 2-0-15-0

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 158/4** 37.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर हसन का जायसवाल बो बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| शादमान इस्लाम का गिल बो अश्विन | 35 | 68 | 3/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो नाबाद | 51 | 60 | 4/3 |
| मोमिनुल हक बो अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| मुशफिकुर रहीम का राहुल बो अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब अल हसन नाबाद | 5 | 14 | 0/0 |

अतिरिक्त : आठ रन, कुल योग : 37 .2 ओवर में चार विकेट पर 158 रन, **गेंदबाजी** : बुमराह 7-2-18-1, सिराज 3 .2-1-20-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 15-3-63-3, जडेजा 6-0-29-0

# अफगानिस्तान ने जीती वनडे सीरीज

● दक्षिण अफ्रीका को दूसरे मैच में 177 रनों से रौंदा, शृंखला जीतकर रच दिया इतिहास



शारजाह, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका को दूसरे एक दिवसीय मैच में 177 रनो से रौंद कर अफगानिस्तान ने शीर्ष पांच आईसीसी रैंकिंग वाली एकदिवसीय टीम के खिलाफ अपनी पहली शृंखला जीतकर इतिहास रच दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय शृंखला में खेलते हुए, अफगानिस्तान ने यहां शारजाह में दूसरे मैच में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली।

इस जीत ने वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान की सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज की, जिसने 2018 में उसी स्थान पर जिम्बाब्वे पर उनकी 154 रन की जीत को पीछे छोड़ दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज़ और राशिद खान ने अफगानिस्तान की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। गुरबाज ने अपना सातवां एकदिवसीय शतक ठोका, जो इस प्रारूप में किसी भी अफगानिस्तान बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे अधिक शतक है। उन्हे रहमत शाह (50) और अजमतुल्लाह उमरजई (नाबाद 86) का भरपूर साथ मिला। अफगानिस्तान ने अपने 50 ओवरों में चार विकेट पर 311 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया, यह 10वीं बार है जब अफगानियों ने वनडे में 300 रन का आंकड़ा पार किया है। इस प्रारूप में उनका छठा उच्चतम स्कोर है।

# भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट की टिकट की कीमतों में नहीं होगा इजाफा

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक से पांच नवंबर तक यहां खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए टिकटों की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। इन दोनों टीमों ने इस स्टेडियम में 2021 में टेस्ट मैच खेला था। भारत ने इस मैच को 372 रन से जीता था।

एमसीए ने पिछली बार 2016 में टेस्ट मैचों की टिकट की कीमतों में 25 प्रतिशत का इजाफा किया था। उस समय सबसे सस्ते दैनिक टिकट की कीमतों को 100 से बढ़ा 125 जबकि पूरे मैच के लिए इसकी कीमत को 300 से बढ़ाकर 375 किया गया था। एमसीए ने अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में अगले साल 19 जनवरी को अपने स्वर्ण जयंती समारोह में सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने का भी फैसला किया है। बैठक में लिए गए निर्णयों में सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को शिविर के लिए चुने जाने वा प्रथम श्रेणी पास और यात्रा भत्ता देने का फैसला किया गया।

## टेनिस लावेर कप



● फ्रांसिस टियाफो की जीत से टीम वर्ल्ड ने 4-2 की बढ़त बनाई

### टियाफो ने टीम वर्ल्ड को दिलाई बढ़त

**बर्लिन।** फ्रांसिस टियाफो ने शनिवार को डेनियल मेदवेदेव पर जीत के साथ लावेर कप में टीम यूरोप पर टीम वर्ल्ड को शुरुआती बढ़त दिलाई। अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले टियाफो ने तीसरे सेट में 3-6, 6-4 और 10-5 से जीत हासिल की। लावेर कप में तीन दिनों में 12 मैच खेले जाते है। जिसमें पहले दिन प्रत्येक मैच की जीत एक अंक, दूसरे दिन दो अंक और तीसरे दिन तीन अंक के बराबर होती है। इसमें पहले 13 अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। टियाफो की जीत से टीम वर्ल्ड ने 4-2 की बढ़त बना ली।

## बॉलीवुड हलचल

# जैकलीन का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीज का पहला गाना स्टॉर्मराइडर रिलीज हो गया है। स्टॉर्मराइडर गाना अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट द्वारा लिखा गया है और अमृता सेन, जेक जियोंग (फ्रिसन), सर्बन कैजन, फीनोम और एलेक्स विंटर द्वारा निर्मित है। स्टॉर्मराइडर बनाने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, जैकलीन ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, जब मैंने संगीत में कदम रखा, तो यह मेरे लिए केवल गाना नहीं था, यह मेरी कहानी, भावनाओं और यात्रा को व्यक्त करने का एक जरिया है। संगीत ध्वनि से कहीं अधिक है, यह जुड़ाव और सशक्तिकरण के बारे में है। मैंने इस सिंगल पर लगभग एक साल काम किया है, वीडियो में अपने हर लुक की अवधारणा और परख की है और हर एक शक्तिशाली है, इसके पीछे गहरा अर्थ है। जैकलीन ने कहा, मेरा सिंगल स्टॉर्मराइडर मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह बदलाव को अपनाने, तूफान में ताकत खोजने और साहस और शालीनता के साथ जीवन की लहरों पर सवार होने का साधन है। मैंने इस ट्रैक को अपने दिल से गाय है और मैं अपने फैंस के साथ इस नये अध्याय का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकती।

### देवराः पार्ट 1 के लिए सरकार ने सुबह के विशेष शो को दी मंजूरी



**मुंबई।** आंध्र प्रदेश में एनटीआर जूनियर की फ़िल्म देवरा : पार्ट 1 के लिए सरकार ने सुबह के विशेष शो को मंजूरी दी है। एनटीआर जूनियर अभिनीत बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म देवरा : पार्ट 1 रिलीज होने में बस कुछ ही दिन दूर है। फिल्म के दुनिया भर में प्रीमियर के लिए तैयार होने के कारण उत्साह चरम पर है। हाल ही में, निर्माताओं ने आंध्र प्रदेश में अतिरिक्त शो के लिए सफलतापूर्वक अनुमति प्राप्त की। एक सरकारी आदेश के अनुसार, आंध्र प्रदेश सरकार ने रिलीज के दिन आधी रात से शुरू होने वाले छह विशेष शो और दूसरे दिन से पांच अतिरिक्त शो की अनुमति दी है। इसके साथ ही, सरकार ने टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, एनटीआर जूनियर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, आंध्र प्रदेश सरकार के माननीय सीएम और माननीय उपमुख्यमंत्री, को #देवरा रिलीज के लिए नया जीओ पारित करने और तेलुगु सिनेमा के लिए आपके निरंतर समर्थन के लिए मेरा हार्दिक आभार। युवसुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत, देवरा : भाग 1, 27 सितंबर, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है।

### राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर रिकार्ड संख्या में सिनेमाघर पहुंचे दर्शक

**मुंबई।** राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर रिकार्ड संख्या में दर्शक सिनेमाघरों में फिल्म देखने पहुंचे। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में बताया है कि 20 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस मनाने के लिए दर्शक रिकॉर्ड संख्या में सिनेमा देखने गए। इस साल के राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को 4,000 से ज्यादा स्क्रीन तक बढ़ाया गया, जिसमें पीवीआर, आइनॉक्स, सिनेपोलिस, मिराज, सिटी प्राइड, समेत अन्य शामिल हैं। भारतभर के सिनेमाघरों में 6 मिलियन (अनुमानित) फिल्म देखने वालों के साथ, इस साल का राष्ट्रीय सिनेमा दिवस एक आश्चर्यजनक सफलता थी, पिछले दो संस्करणों की रिकॉर्ड-सेटिंग जीत की तरह, जिसमें 6 मिलियन से ज्यादा फिल्म देखने वाले आए थे। स्त्री 2, युद्ध, तुम्बाड, कहां शुरू कहां खतम और द बकिंघम मर्डर्स प्रमुख भीड़-खींचने वाली फिल्मों के रूप में उभरी हैं, जिन्होंने पूरे देश में दिल जीत लिया है और सिनेमाई उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। इनके साथ-साथ, ट्रांसफॉर्मर्स वन, नेवर लेट गो जैसी अन्य उल्लेखनीय फिल्में और नवरा माज़ा नवसाचा - 2, सुच्चा सूरमा, अरदास सरबत दे भले दी, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, मथु वडालारा 2, किष्किंधा कंदम, बीबी रजनी, इब्बानी तब्बिडा इलियाली जैसी क्षेत्रीय फिल्मों ने इस वर्ष के राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए विविधतापूर्ण और गतिशील लाइनअप को और समृद्ध किया है।

# प्रशांत-जीवन और युकी अलग-अलग प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विजय सुंदर प्रशांत और जीवन नेदुनचेझियान ने हांग्झोऊ ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में शनिवार को दूसरी वरीयता प्राप्त जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को हराया, जबकि युकी भांबरी ने फ्रांस के अपने साथी के साथ चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हांग्झोऊ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में प्रशांत और नेदुनचेझियान ने शुरुआती सेट गंवा दिया, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए दो घंटे तक चले मैच में 6-7 (4) 7-6 (6) 10-8 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला एरियल बेहार और रॉबर्ट गैलोवे की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। प्रशांत ने मैच के बाद कहा हमने बहुत अच्छा मैच खेला। हम जानते थे कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर चेंगदू में भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने भी पहला सेट हारने के बाद गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 5-7, 6-3, 12-10 से पराजित किया।

### हद्दाद सेमीफाइनल में पहुंची, राडुकनू चोट के कारण हटीं

**सियोल।** बीट्रिज हद्दाद माइया कोरिया ओपन में बारिश के कारण देर से शनिवार को खेले गये मुकाबले में पोलिना कुदेरमेटोवा पर 6-2, 6-1 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गईं। ब्राजील की यह खिलाड़ी इस डब्ल्यूटीए 500-स्तरीय टूर्नामेंट की 2017 में उपविजेता रही हैं। बारिश के कारण शुक्रवार के पूरे दिन का खेल रद हो गया, जिसके कारण क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले गए। रूस की 21 साल की पोलिना की बड़ी बहन वेरोनिका कुदेरमेटोवा हालांकि अंतिम आठ की बाधा को पार करने में सफल रही। इस 27 साल की खिलाड़ी ने विक्टोरिया टोमोवा को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। अमेरिका ओपन 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता से हटने से शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। राडुकानू शुरुआती सेट में 1-6 से पिछड़ रही थीं।

### चाइना ओपन में उलटफेर, वेंग ने एंटोनसेन को हराया

**चांगझू (चीन)।** बैडमिंटन चाइना ओपन में पुरुष एकल में एक और उलटफेर देखने को मिला जब चीन के वेंग होंगयांग ने डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हरा दिया। दूसरे दौर में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को मामूली अंतर से हराने के बाद, दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी वेंग ने एक रोमांचक मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त एंटोनसेन को 19-21, 21-19, 23-21 से हराकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। सेमीफाइनल में वेंग का सामना इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी से होगा, जिन्होंने चीन के लेई लांक्सी पर 21-18, 21-12 से शानदार जीत हासिल की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# ट्रंप के साथ एक और बहस करना चाहती हैं कमला हैरिस

- रैली को संबोधित करते हुए मंच से डिबेट की बात कही

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रैटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक और बहस तय करना चाहती हैं।

हैरिस ने शुक्रवार को एक रैली के दौरान कहा मैं ट्रंप के साथ एक और बहस की कोशिश कर रही हूं। उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर को एबीसी न्यूज द्वारा प्रसारित पहली बहस में ट्रंप और हैरिस के बीच टकराव हुआ। बहस देखने वालों के सीएनएन सर्वेक्षण में पाया गया कि 63 प्रतिशत लोगों ने माना कि हैरिस ने ट्रंप से बेहतर प्रदर्शन किया।



रैली के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं कमला हैरिस।

# माइक्रोप्लास्टिक खतरनाक, 7,000 अध्ययनों का किया विश्लेषण

साइंस पत्रिका में 20 साल पहले एक शोधपत्र प्रकाशित हुआ था, जिसमें पर्यावरण में प्लास्टिक और फाइबर के सूक्ष्म कण इकट्ठा होने का खुलासा किया गया था। इसमें उक्त कणों को माइक्रोप्लास्टिक नाम दिया गया था। इस शोध पत्र ने अनुसंधान के नए क्षेत्र की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक 7,000 से अधिक अध्ययनों में पर्यावरण में, जंगली जानवरों में और मानव शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। तो आखिरकार हमने क्या सीखा? शनिवार को प्रकाशित एक शोधपत्र में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक समूह ने माइक्रोप्लास्टिक के संबंध में अब तक ज्ञात तथ्यों का सार पेश किया है। इस समूह में मैं भी शामिल हूं। संक्षिप्त में कहूं तो माइक्रोप्लास्टिक बड़े पैमाने पर फैले हुए हैं और इनके हमारे ग्रह के सुदूरतम हिस्सों में भी जमा होने के संकेत हैं। जैविक परिस्थितिकी तंत्र में हर स्तर पर-खाद्य श्रृंखला में सबसे निचले पायदान पर मौजूद छोटे कीड़ों से लेकर शीर्ष पर विराजमान शिकारी जीवों तक में, माइक्रोप्लास्टिक के जहरीले प्रभाव के प्रमाण मौजूद हैं।



### खान-पान के जरिये शरीर में कर सकते हैं प्रवेश

माइक्रोप्लास्टिक खान-पान के जरिये शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। मानव शरीर के हर भाग में इनकी मौजूदगी दर्ज की गई है। माइक्रोप्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर कई प्रमाण भी सामने आ रहे हैं। वैज्ञानिक साक्ष्य अब ज्यादा पुख्ता हो गए हैं कि माइक्रोप्लास्टिक की समस्या पहले कभी इतनी गंभीर नहीं रही है और इससे निपटने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। छोटे कण, बड़ी समस्या -प्लास्टिक के उन कणों को माइक्रोप्लास्टिक की श्रेणी में रखा जाता है, जिनकी लंबाई पांच मिलीमीटर या उससे कम होती है।

### नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता

वैज्ञानिक यह भी पता लगाने की कोशिशों में जुटे हैं कि माइक्रोप्लास्टिक कितनी तेजी से टूटकर नैनोप्लास्टिक का रूप अख्तियार करते हैं, जिनका आकार एक माइक्रॉन से कम होता है और जिन्हें नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता है। संकट का आकलन -हवा, मिट्टी और पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक का स्तर आंकना मुश्किल है, लेकिन शोधकर्ताओं ने इसका प्रयास किया है। उदाहरण के तौर पर, 2020 में प्रकाशित एक शोध में अनुमान लगाया गया था कि समुद्र में हर साल औसतन आठ लाख से 30 लाख टन माइक्रोप्लास्टिक पहुंचता है।

### कुछ मुख्य स्रोत की पहचान की गई

- कॉस्मेटिक क्लेंजर
- सिंथेटिक कपड़े
- वाहनों के टायर
- मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली रस्सी और जाल
- मिट्टी की ऊपरी परत को ढकने के लिए प्लास्टिक की पतली परत का इस्तेमाल
- प्लास्टिक की परत वाली खाद

## एक नजर

### सीरिया में इजरायली हमले में इराकी शिया आतंकी समूह का नेता मारा गया

**बगदाद।** इराकी शिया आतंकी समूह के कातिब हिजबुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुए इजराइली हमले में उसका एक वरिष्ठ नेता मारा गया। इराकी सशस्त्र समूह के एक बयान में कहा गया कि अबू हैदर अल-खफ़ाजी की शुक्रवार सुबह दमिश्क में सुरक्षा सलाहकार के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते समय हत्या कर दी गई। बयान के अनुसार, सशस्त्र समूह ने कहा कि वह गाजा और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों का समर्थन करना जारी रखेगा।

### प्रधानमंत्री ने मैक्रों को अंतिम मंत्रिमंडल की अंतिम सूची सौंपी

**पेरिस।** फ्रांस के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर ने कैबिनेट मंत्रियों की अंतिम सूची देश के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को सौंप दी है। फ्रांसीसी अखबार ले मोंडे की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को मैक्रों ने सूची के पहले से प्रस्तावित संस्करण को मोनोक्रोम मानते हुए खारिज कर दिया था, क्योंकि इसमें दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधियों की एक बड़ी संख्या शामिल थी, जिसके बार्नियर सदस्य हैं। बीएफएमटीवी ने शुक्रवार देर रात अपनी रिपोर्ट में कहा कि अंतिम सरकारी सूची एलिसी पैलेस में भेज दी गई है, जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट संरचना की आधिकारिक घोषणा रविवार से पहले की जा सकती है।

### जहरीला इंजेक्शन लगाकर दी गई मौत की सजा

**कोलंबिया।** दक्षिण कैरोलाइना में कैदी फ्रेडी ओवेन्स को शुक्रवार को घातक इंजेक्शन लगाकर मौत की सजा दी गई। राज्य में 13 वर्ष बाद मौत की सजा की तामील की गई है क्योंकि जेल के अधिकारियों के नरा प्राणघातक इंजेक्शन के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं थी। ओवेन्स (46) को शाम 6 .55 बजे मृत घोषित कर दिया गया। ओवेन्स को 1997 में ग्रीनविले में एक स्टोर में डकैती के दौरान एक व्यक्ति की हत्या का दोषी ठहराया गया था। जेल में बंद रहने के दौरान ओवेन्स ने काउंटी जेल में एक कैदी की भी हत्या कर दी। इस मामले में उसे मौत की सजा सुनाई गई। राज्य में 13 वर्ष में मौत की सजा की तामील का यह पहला मामला है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति निभा रहा क्वाड

## प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन को संबोधित करने के लिए शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। मोदी विलमिंगटन, डेलवेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। मोदी विलमिंगटन की अपनी आगे की यात्रा के लिए फिलाडेल्फिया पहुंचे।

राष्ट्रपति जो बाइडन के गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने और यूक्रेन और गाजा में संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के तरीकों का पता लगाने के लिए कई नई पहल शुरू होने की उम्मीद है। क्वाड में अमेरिका के अलावा भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। प्रधानमंत्री के अन्य कार्यक्रमों में लॉन्ग आइलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल होना तथा कृत्रिम बुद्धिमता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही अमेरिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भाग लेना शामिल है। नई दिल्ली में अपने प्रस्थान वक्तव्य में मोदी ने कहा कि वह क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अपने सहयोगियों राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। विलमिंगटन से मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे और 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा अगले दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे।


अमेरिका के फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट के बाहर मोदी का स्वागत करते भारतीय लोग।

### राष्ट्रपति बाइडन एशिया-प्रशांत कूटनीति पर करेंगे फोकस

**विलमिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन जब शनिवार को अपने गृहनगर में ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के नेताओं की मेजबानी करेंगे तो वह हिंद-प्रशांत साझेदारी को प्रदर्शित करना चाहेंगे जिसे उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद से पोषित किया है, साथ ही उनकी नजर अपनी विरासत पर भी होगी। जब बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रवेश किया तो उससे पहले तथा कथित क्वाड के सदस्य देशों की बैठक केवल विदेश मंत्री स्तर पर ही होती थी।

### भारत में हुए विकास की बातें करेंगे साझा

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड के चौथे शिखर सम्मेलन में भारत के अपने घरेलू विकास की कहानी साझा करेंगे। वह 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित होने वाले भविष्य का शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे और इसके बाद भारत के लिए रवाना हो जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन का ध्यान विशेष रूप से युवाओं पर है क्योंकि वह विश्व का भविष्य हैं।

### सिख कार्यकर्ताओं से मिले अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सिख कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि अमेरिकी सरकार अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस में की गई बैठक में अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के प्रीतपाल सिंह, सिख गठबंधन और सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (एसएएलडीईएफ) के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रीतपाल सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में ऐसा पहली बार हुआ है जब राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने सिख कार्यकर्ताओं और सिख अलगाववादियों के साथ बैठक की है।

# लेबनान में इजराइली हवाई हमले में 37 की गई जान

बेरूत, एजेंसी

लेबनान की राजधानी बेरूत के एक उपनगर में शुक्रवार को हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जिनमें सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्री फिरास आबियाद ने शनिवार को यह जानकारी दी। आबियाद ने बताया कि इस हमले में 68 लोग घायल भी हुए हैं जिनमें 15 अस्पताल में भर्ती हैं। उनके अनुसार, 2006 की इजराइल-हिजबुल्ला लड़ाई के बाद से यह सबसे घातक इजराइली हवाई हमला था। इस हमले में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें हिजबुल्ला कमांडर इब्राहिम अकील और इस उग्रवादी संगठन के करीब दर्जनभर सदस्य शामिल हैं।

हमले के समय ये सभी एक भवन के बेसमेंट में बैठक कर रहे थे। हमले में संबंधित भवन भी ध्वस्त हो गया। अकील हिजबुल्ला की रडवान फोर्सेज का प्रभारी था। आबियाद ने बताया कि इस हमले में तीन सीरियाई नागरिक भी मारे गए। शुक्रवार को इजराइल की सेना ने कहा था कि इस हमले में अकील समेत हिजबुल्ला के 11 सदस्य मारे गए। इजराइल ने शुक्रवार दोपहर घनी आबादी वाले दक्षिणी बेरूत इलाके में उस समय दुर्लभ हवाई हमला किया था जब लोग काम से और छात्र स्कूलों से घर लौट रहे थे। शनिवार सुबह हिजबुल्ला का मीडिया कार्यालय पत्रकारों को हमले वाली जगह पर लेकर गया जहां लोग मलबा हटा रहे थे। लेबनानी सैनिकों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और वे लोगों को हमले में ध्वस्त हुई इमारत तक पहुंचने से रोक रहे थे।

### युद्ध हुआ तेज

- 2006 की इजराइल-हिजबुल्ला लड़ाई के बाद से यह सबसे घातक हवाई हमला
- मरने वालों में सात महिलाएं और तीन बच्चे शामिल



### स्कूल पर हमले में 22 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल द्वारा गाजा के एक स्कूल पर किए गए हमले में 22 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह हमला गाजा शहर के जैतून इलाके में स्थित स्कूल पर किया गया है जिसमें 30 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। इससे पहले शनिवार को इजराइल की सेना ने कहा था कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है।

## 19 महीने तक बंधक रहे न्यूजीलैंड के पायलट को किया मुक्त

**जकार्ता।** अशांत पापुआ क्षेत्र में एक वर्ष से अधिक समय से बंधक बनाकर रखे गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया है। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कार्टेन्ज पीस टास्क फोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने बताया कि इंडोनेशियाई विमानन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करने वाले क्राइस्टचर्च के पायलट फिलिप मार्क मेहरटेंस को अलगाववादी विद्रोहियों ने मुक्त कर दिया और शनिवार सुबह टास्कफोर्स को सौंप दिया। टास्कफोर्स एक संयुक्त सुरक्षा बल है जिसे पापुआ में अलगाववादी समूहों से निपटने के लिए इंडोनेशिया सरकार ने स्थापित किया। सुसेनो ने कहा कि पायलट का स्वास्थ्य ठीक है। उन्होंने कहा कि मेहरटेंस को गहन स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया।

# हिंसा छोड़ें, बातचीत से स्थायी शांति करें स्थापित : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री ने मणिपुर के लोगों से हथियार छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का किया अनुरोध

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के लोगों से हथियार छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का शनिवार को अनुरोध किया ताकि राज्य में शांति का स्थायी समाधान निकाला जा सके। गैर सरकारी संगठन माय होम इंडिया द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा कि (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को एक सुनहरा अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा मैं कुकी भाइयों-बहनों से आग्रह करता हूं कि भारत सरकार हर कोशिश करने के लिए तैयार है लेकिन आपको हथियार छोड़ना होगा। यदि आप हथियार उठाएंगे तो कोई समाधान नहीं निकल सकता। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कोई भी समाधान केवल बातचीत के जरिये ही निकाला जा सकता है। चाहे कुछ भी हो, आप एक दूसरे से नहीं लड़ सकते। अगर आप एक दूसरे से बात करते हैं, बातचीत की मेज पर आते हैं, तभी हम स्थायी शांति स्थापित कर सकते हैं।



# युद्धक क्षमता बढ़ाएगी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी युद्धक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। भारतीय नौसेना ने यह निर्णय हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल और इस क्षेत्र में दिख रहे भू-राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को यहां संपन्न चार दिवसीय नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की युद्धक क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कमांडरों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने तटरक्षक बल और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तट की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की जरूरत को रेखांकित किया। नौसेना के अनुसार, एडमिरल ने नौसेना मुख्यालय में कमांड और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह एक संतुलित बहुआयामी और निर्बाध नेटवर्क आधारित सेना के रूप में विकसित करना जारी रखें जो राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने और इसे बढ़ावा देने समेत जवाब देने के लिए तैयार रहे। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक परिदृश्य के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में उभरती रणनीति पर प्रकाश डाला। नैसेना के बयान में कहा गया कि बल के लिए अल्प, मध्यम और लंबी अवधि के लिहाज से प्रमुख क्षेत्रों को गिनाते हुए उन्होंने दोहराया कि सभी नौसैनिक मंचों, उपकरणों, हथियारों एंवं सेंसर को युद्ध के लिए तैयार सुनिश्चित करने की आवश्यकता है जिनका एकमात्र ध्येय 'लक्ष्य तक आयुध' पहुंचाना है।


शीर्ष कमांडरों के साथ बैठक करते नौसेना प्रमुख। एजेंसी

- शीर्ष कमांडरों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर की बैठक

## लेबनान पर हमला अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान में पेजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से किया गया हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। तुर्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि उपकरणों से हजारों लोगों को एक साथ निशाना बनाना, चाहे वे नागरिक हों या सशस्त्र समूहों के सदस्य और हमले के समय यह जाने बिना कि उपकरणों के निशाने पर कौन हैं व उनके आसपास कौन लोग हैं, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और लागू अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी कानून का उल्लंघन है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार गैरहानिकारक उपकरणों में विशेष रूप से डिज़ाइन और एकत्रित किए गए विस्फोटक सामग्रियों के उपयोग को रोकता है।

# श्रीलंका में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

- मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित 38 उम्मीदवार हैं मैदान में

श्रीलंका, एजेंसी

श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान, सभी 22 निर्वाचन जिलों में कहीं से भी हिंसा या सुरक्षा उल्लंघन की कोई खबर नहीं आई। वर्ष 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला चुनाव है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक मतदान केंद्र में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को निर्धारित समय सीमा के बाद भी वोट डालने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने अभी कुल मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दोपहर दो बजे तक 1.7 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 60 फीसदी से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, जाफना जिले में दोपहर तक मतदान काफी धीमा था। एक तमिल अल्पसंख्यक कट्टरपंथी समूह ने यहां लोगों से मतदान में हिस्सा नहीं लेने की अपील की थी। शाम चार बजे मतदान खत्म होने के तुरंत बाद डाक मतों की गिनती शुरू कर दी गई।


श्रीलंका में मतदान के बाद मतदाता।

### 8,000 स्थानीय और विदेशी पर्यवेक्षकों की थी तैनाती

श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 8,000 स्थानीय और विदेशी चुनाव पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। इनमें यूरोपीय संघ, राष्ट्रमंडल देशों और 'एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन्स के 116 तथा दक्षिण एशियाई देशों के सात अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक शामिल थे।

## भारत-म्यांमार ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमार ने शनिवार को अपनी स्थानीय मुद्राओं रुपये और क्यात के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक संबंध मंत्री कान जॉ के बीच लाओस में 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। गोयल ने कहा देशों के बीच दाल, डीजल, गैसोलीन, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग व रुपया-क्यात मुद्रा व्यवस्था के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। भारत-म्यांमार व्यापार 2023-24 में 1.75 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत यूएई, अफ्रीकी देशों और रूस सहित विभिन्न देशों के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है।


**ज्ञान-विज्ञान** | नेपच्यून ग्रह को देखने के लिए बेहतर अवसर

# हमारे नजदीक आ पहुंचा सबसे दूर का ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सौरमंडल का सबसे दूर का आठवे ग्रह नेप्च्यून को निहारने का यह सुनहरा अवसर है। शनिवार को नेपच्युन अपोजिसन यानी हमारे नजदीक आ गया है। अब यह कुछ दिन पृथ्वी के साथ करीबी बनाए रखेगा। वैज्ञानिको के अध्ययन व खगोलप्रेमियों के अवलोकन के लिए यह बेहतर मौका होगा।

दरअसल नेप्च्यून हमारे सौरमंडल का सबसे दूर का ग्रह होने के कारण वैज्ञानिक अध्ययनों से दूर ही रहा है। मगर अत्याधुनिक दूरबीनों की सुविधाओं के उपलब्ध हो जाने से अध्ययन की दिशा में भी तेजी आने लगी है। जिस कारण इस ग्रह को लेकर ग्रह वैज्ञानिकों के बीच चर्चाएं तेज होने लगी हैं। अब यह हमारे नजदीक है तो अगले कुछ दिन ऑब्जर्वेशन के केंद्र में रहेगा। अपोजिसन के दौरान नेपच्यून हमारे सबसे निकट रहता है और सबसे अधिक चमकीला भी नजर आता है। मगर इसे कोरी आंखों से नही देखा जा सकता है। दूरबीन के जरिए इसे देखा जा सकता है। अभी तक नेप्च्यून पूर्व में सूर्योदय से पहले नजर आ रहा था और अब सूर्यास्त के बाद पश्चिम में नजर आने लगेगा। फरवरी 2025 तक शाम के आकाश में दूरबीन से दिखाई देता रहेगा। आज इसकी चमक 7.8 परिमाण थी। शनिवार को पृथ्वी से इसकी दूरी 28.9 खगोलीय इकाई (ए यू) रह गई थी। नजदीक होने के कारण नेप्च्यून का सबसे चमकीला चंद्रमा ट्राइटन को देखने का भी यह अच्छा मौका होगा। आठवां ग्रह नेपच्यून का एक वर्ष 165 पृथ्वी वर्ष के बराबर होता है। इसकी कक्षा बहुत बड़ी है।



### वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान ने करीब से देखा नेपच्यून ग्रह

**नैनीताल :** नासा के वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान नेपच्यून की यात्रा करने वाला पहला यान था। जिसने 1989 में इसे करीब से देखा था। पृथ्वी के समान यह नीला दिखाई देता है। हमसे बहुत दूर होने के कारण इसे कभी भी नग्न आंखों से नही देखा जा सकता है। दूरबीन से भी यह एक धुंधला तारा जैसा ही नजर आता है।